Postal Regn No./C.G./RYP DN/48/2022-24
website- www.dvpnews.in
रायपुर (छ.ग.) एवं झांसी (उ.प्र.) से एक साथ प्रकाशित राष्ट्रीय हिन्दी पत्र

# दैनिक विश्व परिवार

● अंक : 251 ● वर्ष : 11 ● रायपुर, मंगलवार 02 अप्रैल 2024 ● पृष्ठ : 08 ● मूल्य : 3 रूपए ● संस्थापक : कीर्तिशेष- श्री कैलाश चन्द्र जैन

**सुविचार**



जो नमता है, वहीं परमात्मा को जमता है।
One, who bows, is liked by the amity.
आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज

## संक्षिप्त समाचार

### 30 अप्रैल तक स्कूल संचालन के समय में परिवर्तन

**रायपुर (विसं)।** छ.ग.शासन स्कूल शिक्षा विभाग, मंत्रालय द्वारा जारी आदेशानुसार 1 से 30 अप्रैल तक शाला संचालन के लिए समय निर्धारित किया गया है। जिला शिक्षा अधिकारी, रायगढ़ ने जानकारी देते हुए बताया कि एक पाली में संचालित समस्त शालाएं प्रातः 7.30 बजे से 11.30 बजे तक संचालित होंगी। इसी तरह दो पालियों में संचालित समस्त शालाएं जिनमें प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला की कक्षाएं- प्रातः 7.30 बजे से 11.30 बजे तक एवं हाई एवं हायर सेकेण्डरी शाला की कक्षाएं प्रातः 11.30 बजे से शाम 4.30 बजे तक संचालित होगी।

### नई आबकारी नीति के तहत शराब के मूल्यों में हुई वृद्धि

**रायपुर (विसं)।** छत्तीसगढ़ में आज से शराब की कीमतों में वृद्धि हो गई है, नई आबकारी नीति के तहत कीमत बढ़ाई गई है। प्रदेश में अब आज से क्वार्टर में 10 रुपये और बोतल में 40 रुपये की बढ़ोतरी की गई है, राज्य सरकार ने पूर्ववर्ती सरकार के सभी सेस हटाए और नई नीति के तहत शराब की कीमतों में बढ़ोतरी को मंजूरी दी है। इस नई नीति के अनुसार, शराब की कीमतों में बढ़ोतरी के पीछे गौठान के विकास, कोरोना के समय लगाए सभी टैक्स हटाए जाने और अधोसंरचना और विकास के लिए आवश्यक निवेश को कारण बताया गया है। शराब की बढ़ी हुई कीमतें आज से ही लागू हो गई है।

### तीन मंजिला भवन में लगी, आग घर का सामान जलकर राख

**दुर्ग-रायपुर (आरएनएस)।** भिलाई टाउनशिप के सेक्टर-6 स्थित तीन मंजिला इमारत के एक मकान में आग लग गई। आग लगने से घर का सारा सामान जलकर खाक हो गया। सूचना मिलते ही फायर बिग्रेड मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया गया। हालांकि आग किस वजह से लगी इसका पता नहीं चल सका है। अग्निशमन और आपातकालीन सेवाएं विभाग के मुताबिक, उन्हें रविवार शाम करीब 6 बजे सूचना मिली थी कि एक मकान में आग लगी है। सूचना मिलते ही दुर्ग से फायर ब्रिगेड लेकर टीम रवाना हुई। समय रहते आग बुझाने का काम शुरू किया गया। सेक्टर में प्रवीण पटेल का तीन मंजिला मकान है। जिसमें सबसे ऊपर आग लगी थी। अग्निशमन विभाग की टीम ने एक गाड़ी पानी की मदद से आग पर काबू पाया।

## आरबीआई के 90 साल पूरे होने पर बोले प्रधानमंत्री मोदी- बैंक ने अपनी विश्वसनीयता बरकरार रखी

**मुंबई (आरएनएस)।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की आज 90वीं वर्षगांठ है। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मुंबई में आरबीआई के कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने यहां 90 रुपये का एक स्मारक सिक्का भी जारी किया। आरबीआई के 90 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में पीएम मोदी के साथ ही वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास भी मौजूद रहे। इसके साथ ही कार्यक्रम में महाराष्ट्र के गवर्नर, मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस और अजित पवार के साथ केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी और भगवत कराड भी मौजूद थे।



पीएम मोदी ने कहा कि आज भारत का रिजर्व बैंक एक ऐतिहासिक पड़ाव पर पहुंचा है। आरबीआई ने अपने 90 साल पूरे किए हैं। एक संस्थान के रूप में आरबीआई आजादी के पहले और आजादी के बाद का गवाह है। आज पूरी दुनिया में आरबीआई की पहचान उसके प्रोफेशनलिज्म और कमिटमेंट की वजह से बनी है। मैं आप सभी को आरबीआई की स्थापना के 90 साल पूरे होने की बधाई देता हूं।

उन्होंने कहा कि आरबीआई ने समय-समय पर अपनी विश्वसनीयता साबित की है और विश्व के कई बड़े देशों के केंद्रीय बैंक के सामने आरबीआई ने अपने कामकाज को बेहतर साबित किया। पीएम मोदी ने कहा, अगले 10 साल के टारगेट को तय करते हुए हमें एक बात और ध्यान रखनी है। वो है भारत के युवाओं की आकांक्षाओं को। भारत आज दुनिया के सबसे युवा देश में से एक है। इस युवा आकांक्षाओं को पूरा करने में आरबीआई का अहम रोल है। आज देश देख रहा है- जब नीयत सही होती है, तो नीति सही होती है। जब नीति सही होती है, तो निर्णय सही होते हैं और जब निर्णय सही होते हैं, तो नतीजे सही मिलते हैं।

उन्होंने आगे कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि मैं जब 2014 में रिजर्व बैंक के 'अस्सी-वें' वर्ष के कार्यक्रम में आया था, तब हालात एकदम अलग थे। भारत का पूरा बैंकिंग सेक्टर समस्याओं और चुनौतियों से जूझ रहा था। एनपीए को लेकर भारत के बैंकिंग सिस्टम की स्थिरता और उसके भविष्य को लेकर हर कोई आशंका से भरा हुआ था और आज भारत के बैंकिंग सिस्टम को दुनिया में एक मजबूत और टिकाऊ प्रणाली माना जा रहा है। जो बैंकिंग सिस्टम कभी डूबने की कगार पर था, वो बैंकिंग सिस्टम अब प्रॉफिट में आ गया है और क्रेडिट में रिकॉर्ड वृद्धि दिखा रहा है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि इस समय जो लोग आरबीआई से जुड़े हैं, उन्हें मैं बहुत सौभाग्यशाली मानता हूं। आज आप जो नीतियां बनाएंगे, जो काम करेंगे उनसे आरबीआई के अगले दशक की दिशा तय होगी। ये दशक इस संस्थान को उसके शताब्दी वर्ष तक ले जाने वाला दशक है और ये दशक विकसित भारत की संकल्प यात्रा के लिए भी उतना ही अहम है।

## शराब घोटाला मामला : अरविंद केजरीवाल को 15 दिनों के लिए जेल भेजा, ईडी ने नहीं मांगी रिमांड

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** शराब नीति मामले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में फंसे दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को आज राउज एवेन्यू कोर्ट में पेश किया गया। उन्हें 15 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। पेशी के लिए कोर्ट में जाते समय अरविंद केजरीवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री जी जो कर रहे हैं, वो देश के लिए अच्छा नहीं है। केजरीवाल की प्रवर्तन निदेशालय की हिरासत आज यानि 1 अप्रैल को खत्म हुई। इसके बाद केजरीवाल को राउज एवेन्यू कोर्ट की स्पेशल जज कावेरी बावेजा की कोर्ट में पेश किया गया। ईडी ने आज अरविंद केजरीवाल की रिमांड नहीं मांगी और उन्हें न्यायिक हिरासत में भेजने के लिए कहा।



ईडी ने मांग की कि अरविंद केजरीवाल को 15 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेजा जाए, जिसे कोर्ट ने स्वीकार कर लिया। श्वष्ठ ने कोर्ट को बताया कि केजरीवाल ने डिजिटल डिवाइस के पासवर्ड नहीं दिए। केजरीवाल का आचरण असहयोगात्मक रहा है और वह गोल-मोल जवाब दे रहे हैं, ज्यादातर सवालों का जवाब नहीं पता।

इससे पहले कोर्ट ने गुरुवार यानी 28 मार्च को दिल्ली के मुख्यमंत्री की रिमांड चार दिनों के लिए बढ़ा दी थी। उनकी पत्नी सुनीता केजरीवाल भी कोर्ट में मौजूद हैं। आज केजरीवाल को तिहाड़ जेल भेजा जा सकता है। जानकारी के मुताबिक तिहाड़ जेल में पिछले दो दिनों से हाईलेवल मीटिंग हो रही है। आज भी जेल में अहम मीटिंग है। ऐसे में माना जा रहा है कि मीटिंग में केजरीवाल को लेकर बातचीत की जाएगी। मीटिंग में अरविंद केजरीवाल अगर तिहाड़ जेल न्यायिक हिरासत में आते हैं तो उन्हें किस नंबर जेल में रखना है। उनकी सुरक्षी व्यवस्था की तैयारी के साथ ही तमाम तैयारियों पर बातचीत होगी। बताया जा रहा है कि जेल नम्बर 5 को सेनिटाइज किया गया है।

## कच्चातिवु पर कांग्रेस और डीएमके की उदासीनता से मछुआरों के हितों को हुआ नुकसान : पीएम मोदी

**चेन्नई (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को कच्चातिवु मुद्दे पर कांग्रेस और डीएमके पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि दोनों परिवारवादी पार्टियों की उदासीनता के कारण मछुआरों के हितो को नुकसान हुआ है। एक्स पर एक पोस्ट में, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि बयानबाजी के अलावा, डीएमके ने तमिलनाडु के हितों की रक्षा के लिए कुछ भी नहीं किया है। कच्चातिवु पर सामने आए नए विवरणों ने डीएमके के दोहरे मानकों को उजागर कर दिया है। कांग्रेस और डीएमके पारिवारिक इकाइयां हैं। वे केवल अपने बेटे-बेटियों की परवाह करते हैं। उन्हें किसी और की परवाह नहीं है। कच्चातिवु पर उनकी उदासीनता ने, विशेष रूप से हमारे गरीब मछुआरों के हितों को नुकसान पहुंचाया है। प्रधानमंत्री तमिलनाडु भाजपा अध्यक्ष के.अन्नामलाई को दिए विदेश मंत्रालय के एक आरटीआई जवाब पर आधारित मीडिया रिपोर्ट का जवाब दे रहे थे। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि तत्कालीन प्रधान मंत्री इंदिरा गांधी के नेतृत्व में भारत सरकार ने 1974 में कच्चातिवु द्वीप श्रीलंका को सौंप दिया।

### प्रधानमंत्री मोदी आज रुद्रपुर में करेंगे चुनावी समर का शंखनाद

**देहरादून।** उत्तराखंड की 5 लोकसभा सीटों पर 19 अप्रैल को पहले चरण में मतदान होना है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल मंगलवार 2 अप्रैल को उत्तराखंड के एक दिवसीय चुनावी दौरे पर रुद्रपुर आ रहे हैं। रुद्रपुर में पीएम मोदी नैनीताल उधमसिंह नगर से बीजेपी प्रत्याशी अजय भट्ट के समर्थन में एक जनसभा को संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी के उत्तराखंड दौरे के लिए उत्तराखंड बीजेपी ने अपनी कमर कस ली है। पार्टी ने रैली के संयोजक की नियुक्ति के साथ ही सभी व्यवस्थाओं के लिए अलग-अलग नेताओं को जिम्मेदारी दी है।

### प्रधानमंत्री का छत्तीसगढ़ दौरा, 8 को आएंगे बस्तर, सभा की तैयारियों में जुटी भाजपा

**रायपुर (विसं)।** लोकसभा चुनाव के प्रचार-प्रसार के लिए अब राष्ट्रीय नेताओं का छत्तीसगढ़ में आना शुरू होने वाला है। सीएम साय तो काफी दिनों से अलग-अलग जिले में जाकर सभाएं कर रहे हैं। अब पीएम मोदी से लेकर राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा भी यहां पर आएंगे। पीएम मोदी 8 अप्रैल को बस्तर के दौरे पर आने वाले हैं। बस्तर में चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। वहीं 5 अप्रैल को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा की सभा बस्तर में हो सकती है।

## चीन को तगड़ा झटका देगा भारत

### सोलर एनर्जी मॉड्यूल्स के आयात पर लगेगा प्रतिबंध

**दिल्ली (एजेंसी)।** बदतर आर्थिक स्थिति से जूझ रहे चीन को भारत एक और झटका देने जा रहा है. खबर है कि घरेलू निर्माताओं की मदद के मकसद से भारत सरकार सोलर एनर्जी मॉड्यूल्स के आयात पर प्रतिबंध लगाने पर विचार कर रहा है. घरेलू निर्माताओं से सरकार को शिकायतें मिल रही थीं कि विदेशों विशेष तौर पर चीन से सस्ते सोलर एनर्जी मॉडयूल्स की सप्लाई हो रही है.

1 अप्रैल से फिर से प्रभावी होगी घरेलू मॉडल्स और निर्माताओं की अप्रूव्ड लिस्ट- नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय ने अपनी वेबसाइट पर एक बयान जारी कर कहा कि केंद्र ने नियमों में कुछ ढील दी थी जो 31 मार्च को खत्म हो रही है और अगले दिन यानी 1 अप्रैल से घरेलू मॉडल्स और निर्माताओं की अप्रूव्ड लिस्ट (अनुमोदित लिस्ट) दोबारा से प्रभावी होगी. यह लिस्ट आयातित मॉड्यूल्स को देश में उपयोग करने से रोकती है. सोलर मॉड्यूल्स के आयात पर प्रतिबंध लगाने का उद्देश्य स्थानीय सोलर पैनल उत्पादन को प्रोत्साहित कर ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता हासिल करने के पीएम मोदी के प्रयास का हिस्सा है.

## महतारी वंदन योजना की राशि जल्द आएगी खाते में : सीएम विष्णुदेव साय

**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ की महिलाओं को महतारी वंदन योजना के तहत 1 हजार रुपए हर महीने मिलने हैं। इस योजना की दूसरी किस्त 1 अप्रैल को मिलने की बात सरकार ने कही थी लेकिन यह राशि 1 अप्रैल को नहीं आएगी। मुख्यमंत्री ने इसका कारण, वित्तीय वर्ष खत्म होना बताया है। मार्च में ही इस योजना की शुरुआत हुई थी। अब रुपए देने की तारीख में बदलाव किया गया है। शनिवार को जब रायपुर के कांदुल में विष्णुदेव साय भाजपा के विजय बूथ अभियान में शामिल हुए तब उन्होंने इसकी जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने महतारी वंदन योजना के तहत 1 अप्रैल को महिलाओं को राशि जारी करने का वादा किया था। मगर अब ये 1 अप्रैल को नहीं हो पाएगा। क्योंकि वित्तीय वर्ष खत्म हो रहा है, तो 1 अप्रैल को छुट्टी का दिन होगा, मुझे इसकी जानकारी नहीं थी। अब 2 और 3 तारीख को पैसे जारी कर दिए जाएंगे जो महिलाओं के खाते में आ जाएंगे।



**मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय दिल्ली हुए रवाना :** सोमवार सुबह मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय दिल्ली के लिए रवाना हुए। अपने दिल्ली दौरे पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि मैं राष्ट्रीय नेतृत्व का आभार व्यक्त करना चाहता हूं कि उन्होंने मुझे लोकसभा चुनाव घोषणा समिति में जगह दी और आज उसकी पहली बैठक है। मैं बैठक के लिए जा रहा हूं। बता दें कि लोकसभा चुनाव का बिगुल बज चुका है और अब पहले चरण के चुनाव में भी ज्यादा दिन शेष नहीं है। पहले चरण के नामांकन पत्र भी दाखिल किए जा चुके हैं। इसके साथ ही सभी दल अपने-अपने चुनाव प्रचार में जुटे हुए हैं। एक तरफ जहां सभी लोग जनता को लुभाने के भरसक प्रयास में जुटे हुए हैं, तो वहीं भाजपा भी अपनी पूरी तैयारी में है। भारतीय जनता पार्टी जल्द ही अपना घोषणा पत्र भी जारी कर सकती है। बता दें कि भाजपा इस बार अबकी बार 400 पार के नारे के साथ चुनावी मैदान में उतर रही है।

### दीपक बैज ने राज्य सरकार पर कसा तंज

**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज ने राज्य की भाजपा सरकार पर तंज कसा है। ट्वीट करते हुए दीपक बैज ने लिखा है कि अप्रैल के प्रथम दिन को अप्रैल फूल मनाने की परंपरा है। छत्तीसगढ़ की जनता भी भाजपा के शासन में अब खुद को ठगा हुआ मूहसूस कर रही है। श्री बैज ने आगे लिखा है कि आज से छत्तीसगढ़ में जमीनों के रजिस्ट्री पर ज्यादा टैक्स देना होगा। शराबबंदी की बात करने वाली भाजपा की साय सरकाकर आज से शराब के दामों में 150 रुपए अधिक वसूली करेगी। रेत के दाम भी तीन गुना अधिक हो गए हैं। राइस मिलरों से 30 रुपए नजराना वसूला जा रहा है। फ ये अप्रैल फूल...।



## भारत का डिफेंस एक्सपोर्ट रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचा, इतिहास में पहली बार 21 हजार करोड़ के पार

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** भारत ने रक्षा क्षेत्र में रिकॉर्ड सफलता हासिल की है। भारत का एक्सपोर्ट इस क्षेत्र में रिकॉर्ड ऊंचाई को छू गया है। इसकी जानकारी केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर दी।

राजनाथ सिंह ने अपने एक्स पोस्ट में लिखा कि सभी भारतवासियों को यह बताते हुए खुशी हो रही है कि भारतीय रक्षा निर्यात अभूतपूर्व ऊंचाइयों पर पहुंच गया है और स्वतंत्र भारत के इतिहास में पहली बार 21,000 करोड़ रुपये के आंकड़े को पार कर गया है। वित्तीय वर्ष 2023-24 में भारत का रक्षा निर्यात बढ़कर 21,083 करोड़ रुपये के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया है, जिसमें पिछले वित्त वर्ष की तुलना में 32.5 प्रतिशत की शानदार वृद्धि हुई है।

रक्षा मंत्री ने आगे लिखा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में रक्षा मंत्रालय ने भारत के डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग और एक्सपोर्ट्स को बढ़ावा देने के लिए कई कदम उठाए हैं। ऐसे में निजी क्षेत्र और डीपीएसयू सहित हमारे रक्षा उद्योगों ने बीते कुछ वर्षों के दौरान बेहतरीन प्रदर्शन किया है।

रक्षा मंत्री ने इस उपलब्धि को हासिल करने के लिए डिफेंस एक्सपोर्ट क्षेत्र के सभी हिस्सेदारों को शुभकामना भी दी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सरकार गठन के बाद से ही सभी क्षेत्रों में आत्मनिर्भरता हासिल करने पर जोर दिया था। इसके साथ ही रक्षा के क्षेत्र पर पीएम मोदी का हमेशा से खास फोकस रहा है।

### एक भी कांग्रेसी नहीं बोल पा रहा भूपेश है तो भरोसा है : अरुण साव

**रायपुर (विसं)।** लोकसभा चुनाव को लेकर इन दिनों सियासत घमासान मचा हुआ है। पक्ष और विपक्ष एक दूसरे पर लगातार निशाना साध रहे हैं। इसी कड़ी छत्तीसगढ़ की राजनीति में भी हलचलें तेज हो गई हैं। उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने भूपेश बघेल के नारे को लेकर कांग्रेस पर चुटकी ली। डिप्टी सीएम अरुण साव ने सोशल मीडिया पर तंज करते हुए लिखा कि 5 साल तक 'भूपेश है तो भरोसा है' का फटा ढोल पीटने प्रति वर्ष जनता का 200 करोड़ रूपया धुएं में उड़ने वाले कांग्रेसी आज पूरे छत्तीसगढ़ में तो छोड़िए राजनांदगांव तक में नहीं बोल पा रहें है कि 'भूपेश है तो भरोसा है'।



## एनएमडीसी के फौलादी इरादों ने वित्तीय वर्ष 24 में 45 मिलियन टन का उत्पादन किया

**हैदराबाद (विश्व परिवार)।** भारत की सबसे बड़ी लौह अयस्क उत्पादक एनएमडीसी अब 45 मिलियन टन का आंकड़ा पार करने वाली देश की प्रथम खनन कंपनी बन गई है। इस रविवार को समाप्त हुए वित्तीय वर्ष में कंपनी ने लौह अयस्क का 45.1 एमटी उत्पादन और 44.8 एमटी बिक्री कर वित्तीय वर्ष 24 में अभूतपूर्व आँकड़े प्राप्त किए हैं।



राष्ट्र के नवरत्न के रूप में एनएमडीसी ने अपनी योग्यता सिद्ध करते हुए वित्तीय वर्ष 2023 की तुलना में उत्पादन में 10 प्रतिशत और बिक्री में 16 प्रतिशत की वृद्धि की है। उद्योग की अग्रणी कंपनी एनएमडीसी ने अपनी स्थापना के बाद अब तक का सर्वश्रेष्ठ भौतिक प्रदर्शन कर भारत की लौह और इस्पात अर्थव्यवस्था के भविष्य को प्रेरित किया है। सरकारी खनन कंपनी ने वित्तीय वर्ष 2024 की चौथी तिमाही में 13.31 एमटी उत्पादन और 12.54 एमटी बिक्री दर्ज की है, जिसमें मार्च 2024 माह में 4.86 एमटी उत्पादन और 3.96 एमटी बिक्री शामिल है। इस रिकार्ड को स्थापित करने के क्रम में, एनएमडीसी की प्रमुख लौह अयस्क खाने- छत्तीसगढ़ में किरंदुल और बचेली तथा कर्नाटक में दोणिमलै ने कंपनी के इतिहास में अपना सर्वोच्च वार्षिक उत्पादन किया है। पैलेट उत्पादन में आने वाली बाधाओं का समाधान किया गया, जिससे कि कंपनी की अधिकतम पैलेट उत्पादन मात्रा 2.65 लाख टन को प्राप्त किया गया। क्षमता वृद्धि की दिशा में रणनीतिक कुशलता दिखाते हुए, एनएमडीसी ने वित्तीय वर्ष 2024 के लिए निर्धारित 1769 करोड़ रुपए के कैपेक्स लक्ष्य की तुलना में 2014 करोड़ रुपए के व्यय के साथ कैपेक्स के लक्ष्य को भी पीछे छोड़ दिया है। इन उपलब्धियों को हासिल करने में कंपनी को माननीय उच्चतम न्यायालय और पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय से आवश्यक अनुमति प्राप्त हुई है और परिणाम स्वरूप वित्तीय वर्ष 24 के दौरान पन्ना, मध्य प्रदेश की अपनीहीरा खनन परियोजना में परिचालन कार्य पुनः प्रारंभ किया है।

अपनी टीम को वित्तीय वर्ष 24 के शानदार प्रदर्शन पर बधाई देते हुए श्री अमिताभ मुखर्जी, सीएमडी (अतिरिक्त प्रभार) ने कहा कि 45 एमटी को पार करने से एनएमडीसी की विरासत को सही अर्थों में सम्मान और समृद्धि प्राप्त हुई है । इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए हमने अपने उद्योग की कठिनता का सामना किया है, अपनी तकनीकी और डिजिटल मजबूती बढाई है, अपने वित्तीय लचीलेपन को सुदृढ किया हैऔर अथक परिश्रम किया है। आगे, हमारी दिशा -नवाचार, सुस्थिरता, साझा उद्देश्य और 100 मिलियन टन के मजबूत भविष्य की ओर जाती है।

## केंद्र सरकार के आयकर विभाग ने सुप्रीम कोर्ट को दिया आश्वासन

**नई दिल्ली (एएनआई)।** केंद्र सरकार के आयकर विभाग ने सोमवार को सुप्रीम कोर्ट को आश्वासन दिया कि वह भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस से आयकर बकाया में लगभग 3500 करोड़ रुपये की वसूली के लिए कोई कठोर कदम नहीं उठाएगा।

**कहा- चुनाव तक कांग्रेस से 3,500 करोड़ रुपये वसूलने कोई कठोर कदम नहीं उठाया जाएगा**

आईटी विभाग का प्रतिनिधित्व कर रहे सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने शीर्ष अदालत के समक्ष वचन दिया कि पार्टी के खिलाफ कोई कठोर कदम नहीं उठाया जाएगा। तुषार मेहता ने कहा कि वर्तमान अपील में मुद्दा कांग्रेस पार्टी को हाल ही में जारी किए गए कर नोटिस से संबंधित नहीं है, फिर भी, आगामी चुनावों को देखते हुए, आईटी विभाग कोई कठोर कदम नहीं उठाएगा। तुषार मेहता ने जस्टिस बीवी नागरत्ना और ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ से कहा, जब तक मामले की सुनवाई नहीं हो जाती, हम वसूली/जबरदस्ती कदम नहीं उठाएंगे क्योंकि चुनाव चल रहे हैं। तुषार मेहता ने कहा कि आईटी विभाग चुनाव के दौरान किसी भी पार्टी के लिए समस्या पैदा नहीं करना चाहता . सॉलिसिटर जनरल के वचन को दर्ज करते हुए पीठ ने अपने आदेश में कहा, इन अपीलों में जो मुद्दे सामने आए हैं, उन पर अभी फैसला सुनाया जाना बाकी है, लेकिन अब स्थिति को ध्यान में रखते हुए, (आयकर) विभाग इस मामले को तूल नहीं देना चाहता है। चूँकि सुनवाई की अगली तारीख तक लगभग 3,500 करोड़ रुपये की कर मांग के संबंध में कोई कठोर कदम नहीं उठाया जाएगा। मामले को जुलाई के दूसरे सप्ताह में सूचीबद्ध करें।

पीठ ने अपने आदेश में सॉलिसिटर जनरल की इस दलील को भी दर्ज किया कि 3500 करोड़ रुपये की मांग का इन अपीलों में विवाद से कोई संबंध नहीं है।

## टीबी का समय पर उपचार आवश्यक, एम्स रायपुर में 10 प्रतिशत तक मिल रहे रोगी

### एम्स में टीबी सप्ताह के अंतर्गत सिम्पोजियम, टीबी उपचार के नए निर्देशों के बारे में बताया

**रायपुर (विश्व परिवार)।** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान के चिकित्सकों ने टीबी के बढ़ते रोगियों की संख्या को देखते हुए समय पर इसका चेकअप करवाकर उपचार प्रारंभ करने का सुझाव दिया है। वर्तमान में एम्स के पल्मोनरी विभाग में होने वाले टीबी के टेस्ट में 10 प्रतिशत टीबी के रोगी मिल रहे हैं।



एम्स के पल्मोनरी विभाग और एनटीईपी सेल के तत्वावधान में टीबी सप्ताह के अंतर्गत आयोजित सिम्पोजियम में विशेषज्ञों ने टीबी की दवा प्रतिरोधकता के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए इसके उपचार के नए दिशा-निर्देशों के बारे में चिकित्सकों को जानकारी दी। कार्यपालक निदेशक लेफ्टिनेंट जनरल अशोक जिंदल (रिटा) ने बताया कि दुनियाभर में टीबी के रोगियों की संख्या को नियंत्रण में रखने का प्रयास किया जा रहा है। एम्स में इसके लिए गुणवत्तापूर्ण उपचार की सभी सुविधाएं निःशुल्क उपलब्ध हैं।

टीबी रोग विशेषज्ञ डॉ. अजॉय बेहरा ने बताया कि एम्स में एनटीईपी/आरएनटीसीपी यूनिट ने पिछले वर्ष 3000 से अधिक टेस्ट किए जिसमें लगभग 400 टीबी के रोगी पाए गए। इन सभी को निःशुल्क दवाइयों और टेस्ट के साथ पोषण पैकेट्स भी प्रदान किए जा रहे हैं। एम्स के चिकित्सक भी रोगियों को अडॉप्ट करके उन्हें स्वस्थ होने में मदद कर रहे हैं।

डॉ. बेहरा ने बताया कि 85 प्रतिशत मामलों में टीबी फेफड़ों को प्रभावित करती है मगर 15 प्रतिशत में हड्डी, आंत, मस्तिष्क और अन्य अंगों को भी प्रभावित कर सकती है। टीबी मुख्य रूप से कुपोषण या रोग प्रतिरोधक क्षमता कम होने की वजह से हो सकती है। एचआईवी, डायबिटीज और शराब का अत्याधिक सेवन करने वालों को टीबी होने की संभावना अधिक होती है।

सिम्पोजियम में डॉ. सजल दे, डॉ. दिबाकर साहू, डॉ. उज्ज्वला गायकवाड़, डॉ. सरोज पती, डॉ. सबा सिद्दकी, डॉ. विकास, डॉ. साई किरन सहित बड़ी संख्या में चिकित्सकों ने भाग लिया।

## पत्रकार जनता की विश्वास और ताकत है बरकरार रखें : बलदेव भाई शर्मा




**भिलाई (विश्व परिवार)** छत्तीसगढ़ जर्नलिस्ट यूनियन का प्रादेशिक पत्रकार सम्मेलन एवं सम्मान समारोह रविवार को होटल अमित पार्क इंटरनेशनल भिलाई मे सम्पन्न हुआ. जिसमे प्रदेश भर के विभिन्न जिलों के पत्रकार शामिल हुए. लम्बे समय से पत्रकारिता मे संलग्न पत्रकारों का विशेष रूप से सम्मान किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय के कुलपति बलदेव भाई शर्मा थे. अध्यक्षता अखिल भारतीय किसान महासंघ के राष्ट्रीय संयोजक डॉ राजाराम त्रिपाठी ने किया।

विशेष अतिथि के रूप मे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दुर्ग अभिषेक झा एवं कल्याण महाविद्यालय के हिंदी विभाग अध्यक्ष डॉ सुधीर शर्मा उपस्थित थे.

छत्तीसगढ़ जर्नलिस्ट यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष एवं समस्त पदाधिकारियों के नेतृत्व मे यह आयोजन सम्पन्न हुआ. जिसमे कुलपति बलदेव भाई शर्मा ने पत्रकारों को सम्बोधित करते हुए कहा कि पत्रकार का जीवन चुनौतीपूर्ण रहता है. छत्तीसगढ़ मे कई दुर्गम इलाके मे पत्रकार रहते हैं कई बार उनके जीवन मे संकट आ जाता है. पत्रकार को आम आदमी की आवाज़ बने रहना चाहिए. ज़ब आदमी बहुत परेशान हो जाता है, शासन प्रशासन ध्यान नही देता है तब पत्रकार के जरिये ही जनता की आवाज पहुंचाई जा सकती है. जनता की हिम्मत पत्रकार बनते हैं इस ताकत को सभी पत्रकारों को बनाये रखना है। जनता के बीच चौथा स्तम्भ के रूप मे पत्रकारों को सम्मानित किया जाता है, यह विश्वास और सम्मान बरकरार रखना है. सभी पत्रकार अपने अपने इलाकों मे विभिन्न समस्याओं से जूझते हैं ऐसा अवसर कभी कभार मिलता है ज़ब सभी एक साथ इकट्ठा हों, इस हिसाब से यह सम्मेलन महत्वपूर्ण आयोजन है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे अखिल भारतीय किसान महासंघ के राष्ट्रीय संयोजक डॉ राजाराम त्रिपाठी ने कहा की उन्होंने सबसे पहले शुरुआत पत्रकारिता से ही की थी परन्तु बाद मे खेती किसानी का व्यवसाय अपना लिया। पत्रकारों का जीवन चुनौतीपूर्ण है बहुत कठिनाई आती है जिससे जूझते हुए जो आगे बढ़ता है वह सफलता प्राप्त करते है।

विशेष अतिथि के रूप मे डॉ सुधीर शर्मा ने भी पत्रकारिता एवं वर्तमान चुनौती पर विस्तृत वर्णन किया. कार्यक्रम मे प्रदेश भर से 300 से अधिक पत्रकारगण शामिल हुए।

## 85 हजार मनरेगा मजदूरों ने कार्यस्थल में शपथ लेकर शत प्रतिशत मतदान के लिए लोगों को किया प्रेरित



**बलौदाबाजार (विश्व परिवार)।** कलेक्टर के एल चौहान के निर्देश पर मतदाता जागरूकता अभियान अंतर्गत आज जिले भर के विभिन्न ग्राम पंचायतों में 85 हजार मनरेगा मजदूरों द्वारा कार्यस्थल में ही शत प्रतिशत मतदान के लिए शपथ लेकर आम लोगो को मतदान करने के लिए जागरूक किया। जिसके तहत जनपद पंचायत बलौदाबाजार 22 हजार, भाटापारा 8 हजार 8 सौ,कसडोल 18 हजार,पलारी 14हजार 2सौ एवं सिमगा जनपद के 11 हजार मजदूर शामिल हुए। उक्त कार्यक्रम के दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधि, मजदूर, ग्रामीण, रोजगार सहायक,पंचायत सचिव सहित, तकनीकी सहायक उपस्थित रहे। गौरतलब है की स्वीप के तहत मतदाता जागरूकता अभियान में तेजी लाई गई है। जिसके तहत विभिन्न कार्यक्रमों का अयोजन किया जा रहा है,ताकि अधिक से अधिक मतदान का प्रतिशत जिले में बढ़ सके।

# स्वस्थ परम्परा अपनाते हुए स्वस्थ लोकतंत्र निर्माण में बने सहभागी : कलेक्टर

### लोकसभा निर्वाचन 2024 : स्कूली बच्चों ने नाटिका के माध्यम से बताया एक वोट का महत्व, सवा लाख महिलाओं द्वारा भेजे जाएंगे मतदान शपथ पोस्ट कार्ड

### गर्भवती महिलाओं ने लिया मतदान करने व मतदान के लिए प्रेरित करने का संकल्प




**बलौदाबाजार (विश्व परिवार)।** आगामी लोकसभा निर्वाचन में शतप्रतिशत मतदान के लिए स्वीप अंतर्गत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन सोमवार को सिमगा स्थित सांस्कृतिक भवन में किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री के. एल. चौहान ने उपस्थित गर्भवती महिलाओं को स्वयं मतदान करने व मतदान करने के लिए प्रेरित करने शपथ दिलाई। इसके साथ ही उन्होंने जिले से सवा लाख महिलाओ द्वारा मतदाता शपथ पोस्टकार्ड निर्वाचन आयोग भेजने हेतु महिलाओं से अपील की।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि मतदान हर मतदाता का अधिकार है और मतदान करना पहला दायित्व। बिना किसी प्रभाव व प्रलोभन के निष्पक्ष होकर स्व विवेक से मतदान करें। स्वस्थ परम्परा अपनाते हुए स्वस्थ लोकतंत्र का निर्माण करें। उन्होंने कहा कि यहां उपस्थित गर्भवती महिलाओं ने मतदान करने का संकल्प लिया है। यदि गर्भवती महिलाएं मतदान करने जा सकती है तो सामान्य व्यक्ति मतदान के लिए पीछे नही हो सकते। उन्होंने कहा कि हर विकासखण्ड से 25-25 हजार महिलाएं मतदान शपथ पोस्टकार्ड लिख कर जिला कार्यालय में भेजे जिसे निर्वाचन आयोग को भेजा जाएगा।कार्यक्रम में स्कूली बच्चों के द्वारा नाटिका के माध्यम से अच्छे जनप्रतिधि का चुनाव तथा एक वोट के महत्व को आकर्षक ढंग से बताया गया।

इसके साथ ही कलेक्टर ने सिमगा स्थित शक्ति कान्वेंट स्कूल में स्वीप के तहत आयोजित कार्यक्रम में स्कूली एवं महाविद्यालयीन विद्यार्थियों द्वारा रंगोली एवं वाद विवाद प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया।इस अवसर पर मतदान शपथ भी लिया गया।

इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल, सहायक कलेक्टर सुश्री नम्रता चौबे, एसडीएम श्री अंशुल वर्मा, तहसीलदार अनिरुध्द मिश्रा, जनपद सीईओ श्री अमित दुबे डीईओ श्री हिमांशु भारतीय सहित बड़ी संख्या में महिलाएं एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

## छत्तीसगढ़ चैम्बर एवं सराफा पदाधिकारियों के संयुक्त प्रतिनिधिमंडल ने पुलिस अधीक्षक से की मुलाकात



**रायपुर (विश्व परिवार)।** लोक सभा चुनाव के मद्देनजर को देखते हुए छत्तीसगढ़ चैम्बर ऑफ कॉमर्स एवं रायपुर सराफा एसोसिएशन का एक संयुक्त प्रतिनिघि मंडल ने रायपुर पुलिस अधीक्षक से मुलाकात कर लोकसभा चुनाव के दौरान समस्त व्यापरियों को व्यापार के दौरान आने वाली समस्याओं से अवगत करायी।

छत्तीसगढ़ चैम्बर ऑफ कॉमर्स के प्रदेश अध्यक्ष अमर परवानी एवं रायपुर सराफा एसोसिएशन के अध्यक्ष सुरेश भंसाली के नेतृत्व में पुलिस अधीक्षक श्री संतोष कुमार सिंह जी से मुलाकात कर व्यापरियों को चुनाव के दौरान लेनदेन की प्रक्रिया में हो रही परेशानियों से अवगत कराया। पुलिस अधीक्षक महोदय ने सराफा व्यापारियों की समस्याओं को ध्यान से सुना और समस्या की गंभीरता से समझते हुए अपने अधिकारियों से समाधान निकालने को कहा। व्यापारियों से आवश्यक कागजात एवं परिचय पत्र साथ मे रखने की भी हिदायत दी। श्री संतोष कुमार सिंह ने यथासम्भव सहयोग का आश्वासन दिया, उनका ये भी कहना था कि आचार संहिता लागू होने के कारण चुनाव आयोग के अधिकारियों के अनुसार ही हमे कार्यवाही करनी होती है इसलिए व्यापरियों से विशेष आग्रह अपने पूर्ण दस्तावेज साथ लेकर लेनदेन की प्रक्रिया को करे। प्रतिनिधि मंडल मे छत्तीसगढ़ चैम्बर ऑफ कॉमर्स के कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंह देव मनमोहन अग्रवाल कोषाध्यक्ष उत्तम गोलछा सराफा के सचिव दीपचंद कोटड़िया कोषाध्यक्ष जितेन्द्र गोलछा उपाध्यक्ष हरीश डागा सुनील सोनी, सह सचिव प्रवीण मालू दिलीप टाटिया आदि सदस्य गण उपस्थित थे। ज्ञापन के माध्यम से व्यापारी की पहचान पश्चात सोने चांदी के आभूषण एवं नगदी जब्त न हों, का निवेदन कर सहयोग की अपेक्षा व्यक्त की गई।

## सजल ग्रुप की सखियों ने की जश-प्राण के तहत मतदाता जागरूकता अभियान की शुरुआत

**वरिष्ठ मतदाता उमादेवी पांडेय को किया गया सम्मानित**



**जशपुर नगर (विश्व परिवार)।** नगर के एक प्रतिष्ठित एवं जागरुक महिला समूह सजल ग्रुप के सदस्यों द्वारा आज शत् प्रतिशत मतदान हेतु संकल्प लिया गया। सजल ग्रुप शहर के जागरुक और सक्रिय महिला सखियों का ग्रुप है, जो समाज के कई सामाजिक, धार्मिक और शैक्षिक गतिविधियों में सदैव अग्रणी रहता है। इस ग्रुप के द्वारा ना केवल स्वयं मतदान देने का संकल्प किया गया बल्कि शहर के सभी लोगों को शत् प्रतिशत मतदान हेतु जागरूक एवं प्रेरित करने का संकल्प लिया गया। इस अभियान की शुरुवात नगर की वरिष्ठ मतदाता सेवा निवृत्त शिक्षिका श्रीमती उमा देवी पांडेय के घर से की गई। सजल सखियों द्वारा उनके घर जाकर श्रीमती पांडेय को श्रीफल देकर एवं माला पहनाकर सम्मानित किया गया और मतदान अवश्य करने का निवेदन किया गया।

इस अवसर पर परिवारजनों तथा आस-पड़ोस के लोगों को मतदान का महत्व समझाते हुए इसकी आवश्यकता पर की जानकारी देकर मतदान अवश्य करने का निवेदन किया गया। मेरा मत मेरा अधिकार, लोकतंत्र में अपनी सरकार का हर्षोल्लास के साथ अभियान% की नारा देते हुए हर्षोल्लास के साथ अभियान की शुरुआत की गई। इस अवसर पर सजल की सभी सखियाँ श्रीमती ममता सिन्हा, ज्योति श्रीवास्तव, हेमा शर्मा, सीमा गुप्ता, सरिता साहू, अभिलाषा गुप्ता, किरण महतो, अनिता गुप्ता, अनिता चौधरी, मंजूला झा, ज्योति शाहनी, डॉली कुशवाहा, रीना सोनी, शशि साहू, कंचन साहू सभी उपस्थित थीं।

## लू से बचने के लिए आवश्यक सावधानी बरतें : सीएमएचओ डॉ. बीएल राज



**कवर्धा (विश्व परिवार)।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बी.एल. राज ने लू के संबंध में जानकारी देते हुए समस्त जिलेवासियों से अपील की है। उन्होंने कहा कि ग्रीष्म ऋतु के मौसम में तापमान में वृद्धि के चलते भीषण गर्मी पड़ने से नागरिकों को लू लगने की आशंका होती है। मौसम परिवर्तन के बाद अब तेज धूप व गर्मी पड़ने लगी है, ऐसे में लू लग सकती है। सूर्य की तेज गर्मी के दुष्प्रभाव से शरीर के तापमान में विपरीत प्रभाव पड़ता हैं। जिसके कारण शरीर का तापमान अनियंत्रित होकर अत्यधिक बढ़ जाता है। शरीर में पानी और खनिज लवण नमक की कमी हो जाती है, इस स्थिति को लू लगना या हीट-स्ट्रोक कहा जाता है। वर्तमान में ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में लोग घर से बाहर जाकर खेती, खरीददारी आदि का कार्य कर रहे हैं। लोग अपने साथ पर्याप्त मात्रा में पानी व पेय पदार्थ लेकर नहीं जाते। इस कारण निर्जलीकरण के शिकार हो जाते हैं। इससे समय पर उपचार न मिलने के कारण मरीज की हालात गंभीर हो जाती है। नोडल अधिकारी(आई.डी.एस.पी.) डॉ. केशव ध्रुव ने बताया कि जिला अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, उपस्वास्थ्य केन्द्र में लू से बचाव व उपचार के लिए पर्याप्त मात्रा में आवश्यक जीवन रक्षक दवाई, ओआरएस पैकेट उपलब्ध है, लू लगना या हीट-स्ट्रोक, खतरनाक व जानलेवा भी हो सकता है। जन सामान्य से अपील की जाती है कि, लू से बचने के लिए बाहर निकलते समय काफी मात्रा में पानी तथा अन्य पेय पदार्थ जैसे-नींबूपानी, मट्ठा, जलजीरा, पना, इत्यादि का सेवन करके बाहर निकले। साइकिल, स्कुटी, मोटरसाइकिल में चलते समय सिर-कान मुलायम कपड़े से ढककर चलें, चश्मा, टोपी पहनें, हो सके तो बीच-बीच में छांयादार स्थान पर रूक-रूक कर विश्राम करें, और जल एवं ताजा फलों एवं जूस का सेवन करें एवं ओ.आर.एस. घोल का उपयोग करें। ओ.आर.एस. पैकेट उपलब्ध ना होने की स्थिति में एक ग्लास पानी में एक चम्मच शक्कर एक चुटकी नमक तथा कुछ बुंदे नीबू का रस घोल बनाकर पीना लाभकारी होगा। पेशाब एवं पसीना कम आने, बुखार रहने की स्थिति नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र जाकर चिकित्सकीय सलाह लें।

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-8)**
**मोहबा बाजार, रायपुर**
E-mail ID - rmczone8@gmail.com

पत्र क्र. /10505/ न.पा.नि./जोन क्र.-8/2024
रायपुर, दिनांक 31-03-2024

**इश्तिहार**

नामांतरण प्र.क्र. 10505
वार्ड का नाम- 1 - वीर सावरकर नगर वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 1 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR801F00057** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **DILIP KAUR** पिता/पति, श्री/श्रीमती **HIMMAT SINGH** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **1. RUPINDERJIT SINGH S/O SAVINDER SINGH 2. BALVINDER SINGH S/O JAGTAR SINGH** पिता/पति, श्री/श्रीमती ...... ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री अरूण ध्रुव**
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक- (8)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

**कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला- रायपुर (छ.ग.)**
Email :birgaonmcp@gmail.com,
Website : www.nagarnigambirgaon.com

**-: निगम अभिलेखों में नामांतरण की सूचना :-**

नामांतरण प्रकरण क्र. 834 दिनांक 30.03.2024
वार्ड का नाम- जवाहर लाल नेहरू वार्ड
वार्ड क्र. 36 वर्ष- 2023-24

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नानुसार भवन/भूमि जो कि निगम के संपत्ति कर मांग पंजी में वार्ड क्रमांक 36 मांग **पंजी क्र. 453 युआईडी 29901** अनुसार अधिभोगी का नाम श्री/श्रीमती **मेसर्स स्वस्तिक पेपर वर्क्स / प्रवीन शर्मा / हंशराज** से दर्ज है, श्री/श्रीमती **मुकुल गुप्ता / श्याम किशोर गुप्ता एवं ऋतू पवार / घनश्याम सिंह पवार** अधिभोगी के द्वारा रजिस्ट्री/ लिखत द्वारा/ वंशानुक्रम/ बिक्रीनामा आधार पर अधिभोग प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त अधिभोग परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर/अथवा दिनांक **29-04-2024** तक प्रकरण क्रमांक सहित कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव में लिखित दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई दावा-आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। दावा-आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में अधिभोगी के द्वारा देय राशि भुगतान उपरांत अधिभोगी के पक्ष में नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी।

**सहायक राजस्व अधिकारी**
**नगर पालिक निगम, बीरगांव**
**जिला-रायपुर (छ.ग.)**

**कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला- रायपुर (छ.ग.)**
Email :birgaonmcp@gmail.com,
Website : www.nagarnigambirgaon.com

**-: निगम अभिलेखों में नामांतरण की सूचना :-**

नामांतरण प्रकरण क्र. 836 दिनांक 30.03.2024
वार्ड का नाम- माधव राव सप्रे वार्ड
वार्ड क्र. 19 वर्ष- 2023-24

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नानुसार भवन/भूमि जो कि निगम के संपत्ति कर मांग पंजी में वार्ड क्रमांक 19 मांग **पंजी क्र. 893 युआईडी 37155** अनुसार अधिभोगी का नाम श्री/श्रीमती **अविनाश बिल्डर्स / आनंद सिंघानिया** से दर्ज है, श्री/श्रीमती **एन्जेल एमी सिंह / अनवर राज सिंह** अधिभोगी के द्वारा रजिस्ट्री/ लिखत द्वारा/ वंशानुक्रम/ बिक्रीनामा आधार पर अधिभोग प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त अधिभोग परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर/अथवा दिनांक **29-04-2024** तक प्रकरण क्रमांक सहित कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव में लिखित दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई दावा-आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। दावा-आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में अधिभोगी के द्वारा देय राशि भुगतान उपरांत अधिभोगी के पक्ष में नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी।

**सहायक राजस्व अधिकारी**
**नगर पालिक निगम, बीरगांव**
**जिला-रायपुर (छ.ग.)**

**कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला- रायपुर (छ.ग.)**
Email :birgaonmcp@gmail.com,
Website : www.nagarnigambirgaon.com

**-: निगम अभिलेखों में नामांतरण की सूचना :-**

नामांतरण प्रकरण क्र. 835 दिनांक 30.03.2024
वार्ड का नाम- माधव राव सप्रे वार्ड
वार्ड क्र. 19 वर्ष- 2023-24

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नानुसार भवन/भूमि जो कि निगम के संपत्ति कर मांग पंजी में वार्ड क्रमांक 19 मांग **पंजी क्र. 892 युआईडी 37154** अनुसार अधिभोगी का नाम श्री/श्रीमती **अविनाश बिल्डर्स / आनंद सिंघानिया** से दर्ज है, श्री/श्रीमती **प्रीति भार्गव / शैलेश भार्गव** अधिभोगी के द्वारा रजिस्ट्री/ लिखत द्वारा/ वंशानुक्रम/ बिक्रीनामा आधार पर अधिभोग प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त अधिभोग परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर/अथवा दिनांक **29-04-2024** तक प्रकरण क्रमांक सहित कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव में लिखित दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई दावा-आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। दावा-आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में अधिभोगी के द्वारा देय राशि भुगतान उपरांत अधिभोगी के पक्ष में नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी।

**सहायक राजस्व अधिकारी**
**नगर पालिक निगम, बीरगांव**
**जिला-रायपुर (छ.ग.)**

**कार्यालय सम्पदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,**
**सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र राज. परि., नवा रायपुर**
**प्रथम एवं पंचम तल व्यवसायिक परिसर (दक्षिण पूर्व कार्नर) सेक्टर-27 नवा रायपुर, अटल नगर**
**फोन नं.-0771-4016094**
E-mail id:- em_zone2@yahoo.com

**// आम-सूचना //**

सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है, कि छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा अटल विहार योजना **गोबरा नवापारा**, रायपुर में निर्मित **स्वतंत्र भवन ई.डब्ल्यू.एस. क्रमांक-1228, श्रीमती अनिता इंगले पति श्री बबला इंगले** के नाम पर इस कार्यालय के आबंटन आदेश क्रमांक 4418 दिनांक 03.10.2017 के माध्यम से आबंटित है। आबंटी द्वारा उक्त भवन का पूर्ण मूल्य जमा कर अपने पक्ष में दिनांक 30.06.2021 को लीज-डीड पंजीकृत उपरांत दिनांक 01.02.2024 को हस्तांतरण विलेख (**फ्री-होल्ड**) निष्पादित करा लिया गया है। हस्तांतरण-विलेख निष्पादक उपरांत उक्त भवन को **श्रीमति अनिता पाटकर पति श्री दुलेश कुमार पाटकर,** निवासी- वार्ड नं.-09, किसान पारा, गोबरा नवापारा, पो. व थाना- गोबरा नवापारा, तहसील-गोबरा नवापारा, जिला- रायपुर (छ.ग.) के पक्ष में दिनांक 01.02.2024 को विक्रय-विलेख के माध्यम से विक्रय कर दिया गया है। **क्रेता श्रीमति अनिता पाटकर पति श्री दुलेश कुमार पाटकर,** द्वारा उक्त भवन को **फ्री-होल्ड** पश्चात् अपने नाम पर मण्डल के अभिलेखों में दर्ज किये जाने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त भवन का **फ्री-होल्ड** उपरांत मण्डल के अभिलेखों में नाम दर्ज करने के संबंध में किसी व्यक्ति शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक, अथवा वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के **15 दिवस** के अन्दर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अद्योहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

**सम्पदा अधिकारी**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल**
**सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र राजधानी परियोजना**
**नवा रायपुर, अटल नगर**

**कार्यालय सम्पदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,**
**सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र राज. परि., नवा रायपुर**
**प्रथम एवं पंचम तल व्यवसायिक परिसर (दक्षिण पूर्व कार्नर) सेक्टर-27 नवा रायपुर, अटल नगर**
**फोन नं.-0771-4016094**
E-mail id:- em_zone2@yahoo.com

**// आम-सूचना //**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, आबंटन आदेश क्रमांक 12203 दिनांक 01.12.2011 के द्वारा अटल विहार योजना **गोबरा नवापारा**, रायपुर में भवन क्रमांक **एल.आई.जी.-600, को श्रीमति रूखमणी मरई पति स्व. श्री केशव राम मरई एवं श्री दीपक मरई पिता स्व. श्री केशव राम मरई** के नाम स्ववित्तीय आधार पर आबंटित किया गया है। **श्री दीपक मरई** का मृत्यु उपरांत आवेदन के आधार इस कार्यालय के पत्र क्रमांक 367 दिनांक 15.01.2024 के आधार पर **श्रीमति रूखमणी मरई** के नाम पर यथावत किया गया है। आबंटी द्वारा आवेदन दिनांक 24.01.2024 के द्वारा अपने साथ **सुश्री ऋचा साहू पिता श्री रतिराम साहू** का नाम संयुक्त करने निवेदन किया गया। आवेदन पर विचार करते हुए इस कार्यालय के पत्र क्रमांक 716 दिनांक 31.01.2024 के आधार पर **श्रीमति रूखमणी मरई पति स्व. श्री केशव राम मरई एवं सुश्री ऋचा साहू पिता श्री रतिराम साहू** का नाम संयुक्त किया गया है। **श्रीमति रूखमणी मरई पति स्व. श्री केशव राम मरई** द्वारा अपना नाम हटाने एवं **सुश्री ऋचा साहू** के नाम पर एकल नाम से रखने हेतु आवेदन पत्र के साथ, शपथ पत्र एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त भवन में **श्रीमति रूखमणी मरई पति स्व. श्री केशव राम मरई** का नाम विलोपित कर **सुश्री ऋचा साहू पिता श्री रतिराम साहू** के नाम पर एकल रखने पर किसी भी व्यक्ति, शासकीय/ अर्द्धशासकीय/ बैंक/ संस्था इत्यादि को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के **15 दिवस** के अन्दर आपत्ति प्रस्तुत करना होगा। अन्यथा बाद में प्राप्त आपत्ति मान्य नहीं किया जावेगा।

**सम्पदा अधिकारी**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल**
**सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र राजधानी परियोजना**
**नवा रायपुर, अटल नगर**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-7)**
**मंगलम काम्प्लेक्स अग्रसेन चौक, रायपुर**
E-mail ID - rmczone7@gmail.com

पत्र क्र./10352/ न.पा.नि./जोन क्र.-7/2024
रायपुर, दिनांक 28-03-2024

**इश्तिहार**

नामांतरण प्र.क्र. 10352
वार्ड का नाम- 39 - स्वामी आत्मानंद वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 39 स्थित/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR715C00140** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **SMT. REKHA THAKUR** पिता/पति, श्री/श्रीमती **LATE NARAYAN SINGH THAKUR** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **अनमोल सिंह, खुशबू ठाकुर, शुभांगी सिंह, मोनिका सिंह ठाकुर** पिता/पति, श्री/श्रीमती **स्व. नारायण सिंह ठाकुर** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत दानपत्र**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री जसदेव सिंह बाबरा**
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक- (7)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-7)**
**मंगलम काम्प्लेक्स अग्रसेन चौक, रायपुर**
E-mail ID - rmczone7@gmail.com

पत्र क्र./9588/ न.पा.नि./जोन क्र.-7/2024
रायपुर, दिनांक 28-03-2024

**इश्तिहार**

नामांतरण प्र.क्र. 9588
वार्ड का नाम- 37 - तात्यापारा वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 37 स्थित/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR717D00292** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **RAMESH SHARMA S/O LATE SHIVNATH SHARMA, MALTI SHARMA W/O LATE MAHANT SHARMA, BHUSHAN, AJAY S/O CHITESHWAR SHARMA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **RAMTAPESH SHARMA** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **भूषण शर्मा, अजय शर्मा** पिता/पति, श्री/श्रीमती **स्व. छितेश्वर शर्मा** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, सहमति पत्र एवं अन्य दस्तावेज**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री जसदेव सिंह बाबरा**
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक- (7)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-8)**
**मोहबा बाजार, रायपुर**
E-mail ID - rmczone8@gmail.com

पत्र क्र. /10501/ न.पा.नि./जोन क्र.-8/2024
रायपुर, दिनांक 31-03-2024

**इश्तिहार**

नामांतरण प्र.क्र. 10501
वार्ड का नाम- 1 - वीर सावरकर नगर वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 1 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR801L01012** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **PANCHU RAM VERMA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **BUDDHURAM VERMA** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **JITENDRA SINGH GILL** पिता/पति, श्री/श्रीमती **BALKAR SINGH GILL** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री अरूण ध्रुव**
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक- (8)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-8)**
**मोहबा बाजार, रायपुर**
E-mail ID - rmczone8@gmail.com

पत्र क्र. /10500/ न.पा.नि./जोन क्र.-8/2024
रायपुर, दिनांक 31-03-2024

**इश्तिहार**

नामांतरण प्र.क्र. 10500
वार्ड का नाम- 1 - वीर सावरकर नगर वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 1 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR801O00259** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **M/S SHREE RAM VIHAR PATNER, PAVAN KUMAR AGRAWAL** पिता/पति, श्री/श्रीमती ...... के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **KEWAL CHAND SAHU** पिता/पति, श्री/श्रीमती **TEKHRAM SAHU** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री अरूण ध्रुव**
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक- (8)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-8)**
**मोहबा बाजार, रायपुर**
E-mail ID - rmczone8@gmail.com

पत्र क्र. /10503/ न.पा.नि./जोन क्र.-8/2024
रायपुर, दिनांक 31-03-2024

**इश्तिहार**

नामांतरण प्र.क्र. 10503
वार्ड का नाम- 1 - वीर सावरकर नगर वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 1 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR801F0045A** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **HIMMAT SINGH SAINI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **TIRTA SINGH** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **GURVINDER SINGH** पिता/पति, श्री/श्रीमती **JAGTAR SINGH** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री अरूण ध्रुव**
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक- (8)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-8)**
**मोहबा बाजार, रायपुर**
E-mail ID - rmczone8@gmail.com

पत्र क्र. /10509/ न.पा.नि./जोन क्र.-8/2024
रायपुर, दिनांक 31-03-2024

**इश्तिहार**

नामांतरण प्र.क्र. 10509
वार्ड का नाम- 1 - वीर सावरकर नगर वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 1 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR801Q00160** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **DEVENDRA GIRI GOSWAMI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **RAJENDRA GIRI GOSWAMI** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **DILIP DHURWE** पिता/पति, श्री/श्रीमती **SUKHLAL DHURWE** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री अरूण ध्रुव**
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक- (8)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

# जनता ने पहले कांग्रेस सरकार को उखाड़ फेंका, अब कोरबा के सांसद की बारी : मंत्री लखन देवांगन'

## भाजपा प्रत्याशी सुश्री सरोज पांडे के समर्थन में उद्योग मंत्री श्री देवांगन ने दर्री मंडल में किया धुंआधार प्रचार



**कोरबा(विश्व परिवार)।** लोकसभा के इस चुनाव में कांग्रेसियों को भी पता चल चुका है की बड़ी हार होने वाली है, सबको मालूम है 400सीटों के साथ तीसरी बार मोदी जी प्रधानमंत्री बनने जा रहे हैं, और इन 400 सीटों में एक सीट कोरबा लोकसभा भी रिकॉर्डतोड़ मतों से भाजपा प्रत्याशी सुश्री सरोज पांडेय जीतने जा रही है। उक्त बातें वाणिज्य, उद्योग और श्रम मंत्री श्री लखन लाल देवांगन ने दर्री मंडल के केंदईखार में आयोजित नुक्कड़ सभा के दौरान कही। लोकसभा प्रत्याशी सुश्री सरोज पांडे के समर्थन में उद्योग मंत्री श्री देवांगन का धुंआधार प्रचार लगातार जारी है। बालको, कोरबा के बाद दर्री मंडल में मंत्री श्री देवांगन ने तीन वार्डों में नुक्कड़ सभा ली। कांग्रेस पर तंज कसते हुए मंत्री श्री देवांगन ने कहा की कोरबा लोकसभा से कांग्रेस के लिए वोट मांगने के लिए कांग्रेस को कांग्रेसी नहीं मिल रहे हैं, इससे बड़ा दुरभाग्य और कुछ नहीं हो सकता। यहां की सांसद ज्योत्सना महंत ने जितनी दूरी जनता से बनाई उससे कहीं अधिक दूरी तो अपने कार्यकर्ताओं से बना कर रखी। प्रदेश में सत्ता में होने के बाद भी वे न तो जनता का काम करा सकी न आम कार्यकर्ताओं का। बीते 5 साल में कोरबा को अवैध उगाही, कमिशनखोरी का गढ़ बना लिया गया। कांग्रेसियों ने इतना अधिक भ्रष्टाचार किया की आज जनता के दरवाजे पर जानें लायक नहीं बचे है। कांग्रेसी विधायक, सांसद और मंत्रियों मे होड़ मची हुइ थी ज्यादा से ज्यादा कमाने के लिए, इसलिए जनता ने उखाड़ फेंक दिया, अब अगली बारी कोरबा की सांसद ज्योत्सना महंत की है। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ राजीव सिंह, युवा मोर्चा के महामंत्री और वार्ड क्रमांक 16 के पार्षद नरेंद्र देवांगन, दर्री मंडल अध्यक्ष ईश्वर साहू, वॉर्ड पार्षद बुधवार यादव, पूर्व पार्षद आर सी पांडेय, पूर्व जिला उपाध्यक्ष नारायण ठाकुर, युवा मोर्चा के मंत्री वैभव शर्मा समेत अधिक संख्या में कार्यकर्ता और आम जनमानस उपस्थित रहे।

## शराबखोरों का अड्डा बना मुड़ापार स्कूल की चारदीवारी

**कोरबा(विश्व परिवार)।** शराबखोरों ने आम रास्तों के साथ-साथ विद्या मंदिरों को भी किसी लायक नहीं छोड़ा। अपना शौक पूरा करने के लिए वे सुरक्षित जगह तलाश रहे हैं। वार्ड क्रमांक 26 स्थित मुड़ापार के सरकार प्रायमरी-मिडिल स्कूल के बरामदे को शराबखोरों ने गंदा करना जारी रखा है। हर सुबह यहां शराब की बोतलों, डिस्पोजल से लेकर कई सामान मिलते हैं इससे स्टाफ और छात्र परेशान हैं। बताया गया कि पिछले कुछ दिनों से इस तरह की हरकतें यहां जारी है। सुरक्षा के तौर पर शिक्षा विभाग ने मुख्य द्वार पर गेट लगाया है जो रात को बंद रहता है। पूरे हिस्से में बाउंड्रीवाल औसत ऊंचाई के साथ उपलब्ध है। जबकि आधार पंजीयन केंद्र की तरफकी दीवार की ऊंचाई कम है और इसके एक हिस्से को शराबखोरों ने तोड़ दिया है। बताया गया कि रात्रि में 20-25 की संख्या में शराबखोरों के अलावा दूसरे प्रकार का नशा करने वाले यहां पहुंचते हैं। उनकी हरकतों के कारण यहां की स्थिति विचित्र हो गई है और परिसर की मर्यादा पर भी असर पड़ रहा है।

## एस.बी.आई. ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान कोरबा में किया गया विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन



**कोरबा(विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के प्लान आफएक्शन के अनुसार विद्यालय एवं महाविद्यालयों में जाकर विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किये जाने के निर्देश दिया गया है। इसी तारतम्य में माननीय श्री सत्येन्द्र कुमार साहू, जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोरबा के निर्देशानुसार एवं मार्गदर्शन में विधिक जागरूकता का कार्यक्रम किया जा रहा है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोरबा के द्वारा एस.बी.आई. ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान कोरबा में विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें माननीय न्यायाधीश श्रीमती ज्योति अग्रवाल, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश (एफटी.सी.) कोरबा के द्वारा अपने उद्बोधन में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे समस्त प्रशिक्षाणार्थियों से कहा गया कि आप देश के भविष्य हैं, आपको अपने कर्तव्य के प्रति सजग रहना होगा। आपके आसपास कोई घटनाध्दुर्घटना होती है तो आपके आगे चलकर घायल की मदद करना चाहिये, उन्हें अस्पताल ले जाएं व कभी भी यदि आवश्यकता हो तो गवाही देने से इंकार नहीं करना चाहिए, जिससे अपराध करने वालों को सजा दी जा सकें। आप कभी न सोचे की छोड़ो मुझे क्या करना है। आपकी सजगता ही न्याय दिलाने में मददगार साबित होगी। अक्सर देखा गया है कि न्यायालय में प्रकरण तो आते है लेकिन गवाही के अभाव में अपराधी छूट जाते है।

## प्रीति जांगड़े की संदिग्ध मौत के मामले में पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार

**कोरबा(विश्व परिवार)।** 23 वर्षीय प्रीति जांगड़े की संदिग्ध मौत के पीछे का असली सच आखिर क्या था, यह जानने को परिजन और रिश्तेदार के साथ-साथ पड़ोसी बेताब हैं। पांच दिन बीतने पर भी मृतका की शव परीक्षण रिपोर्ट पुलिस के पास नहीं पहुंची है। उसका इंतजार किया जा रहा है। डॉक्टर के अभिमत के आधार पर पुलिस इस मामले में आगे बढ़ेगी। सारंगढ़ जिला अंतर्गत बिलाईगढ़ की रहने वाली प्रीति का विवाह 8 महीने पहले ही एसबीएस कालोनी चीपहाउस के निवासी गौरव जांगड़े से हुआ था। विवाह के एक वर्ष भी पूरे नहीं हुए कि प्रीति अप्रत्याशित रूप से चल बसी। ससुराल में एक कमरे में उसका शव फांसी के फंद्दे पर लटका मिला। होली की अगली रात हुई इस घटना ने लोगों को चैकाया। यहां से मिली सूचना पर मायके पक्ष के लोग कोरबा पहुंचे। मानिकपुर पुलिस ने प्रक्रियाओं के अंतर्गत प्रकरण में कार्यवाही की। मामला चूंकि नवविवाहिता की संदिग्ध मौत से जुड़ा हुआ था इसलिए विशेष रूप से महिला चिकित्सक सहित पैनल ने शव का पोस्टमार्टम किया। नियमों के अंतर्गत इस मामले में शव परीक्षण कार्यवाही की वीडियोग्राफी भी कराई गई। लगभग एक सप्ताह बीतने को है लेकिन अब तक पुलिस के पास इस मामले को लेकर शार्ट पीएम रिपोर्ट उपलब्ध नहीं कराई गई है, जिससे कि यह पता चल सके कि नवविवाहिता प्रीति जांगड़े की मौत के परिप्रेक्ष्य में असली कारण क्या था।

## दुष्कर्म पीड़िता से मिलने अस्पताल पहुंचे स्वास्थ्य मंत्री जायसवाल

**बैकुंठपुर(विश्व परिवार)।** स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल रेप पीड़िता से मुलाकात करने रविवार को अस्पताल पहुंचे। उन्होंने पीड़ित युवती से बातचीत कर ढांढस बंधाया तथा उसके जल्द स्वस्थ्य होने की कामना की। बता दें कि दरअसल 20 अक्टूबर 2023 को ग्राम गनपतपुर के ठिहाईपारा जंगल में 19 युवती के साथ दुष्कर्म हुआ था। इस दौरान हुई झुमा-झटकी में युवती 11 हजार वोल्ट के करंट के तार की चपेट में आ गई थी और गंभीर रूप से झुलस गई। उसे इसी हालत में छोड़कर दोनों आरोपी युवक फरार हो गये। कुछ समय बाद जंगल में कुछ लोगों ने युवती को अचेत अवस्था में देखा और घटना की सूचना पुलिस को दी और युवती को बैकुंठपुर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना के जरिए 22 लाख रुपए राशि स्वीकृत कर पीड़िता का इलाज काराया गया। स्वास्थ्य मंत्री जायसवाल ने मामले की जानकारी होते ही मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना के माध्यम से 2 किश्त में लगभग 22 लाख रू. राशि उपचार के लिये स्वीकृत कराया। वही रविवार को पीड़िता युवती का हाल जानने खुद अस्पताल पहुंचे औंर युवती से बातचीत कर उसे ढ़ांढस बंधाया। साथ ही उसके जल्द स्वस्थ्य होने की कामना की।

## लोकसभा निर्वाचन-2024 : विकासखंड तमनार की ग्रामीण महिलाओं ने रैली निकाल मतदान के लिए किया प्रेरित

### एसडीएम श्री मोर ने किया मतदान केंद्रों की समीक्षा, दिए विशेष दिशा-निर्देश




**रायगढ़(विश्व परिवार)।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कार्तिकेया गोयल के निर्देशन में जिले भर में शत-प्रतिशत मतदान एवं मतदाता जागरूकता के लिए विभिन्न स्वीप कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में आज विकासखंड तमनार में स्वीप कार्यक्रम के तहत आगामी 7 मई को होने वाले मतदान के लिए ग्राम देवगांव, गौरबहरी, बडग़ांव, केशरचुआं, कोडकेल जैसे विभिन्न गांवों की महिलाओं ने रैली निकाल कर फ्लेक्स एवं तख्तियो में अंकित नारों के माध्यम से मतदाताओं को अपने मताधिकार के प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान महिलाओं द्वारा शत-प्रतिशत मतदान के लिए मतदाता शपथ भी लिया। आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों की सहभागिता रही, जिन्होंने लोकसभा निर्वाचन में अपने मताधिकार के उपयोग के लिए संकल्प लिया। एसडीएम घरघोड़ा श्री रमेश मोर ने पंचायत सचिव, ग्राम रोजगार, उप यंत्री, तकनीकी सहायक मनरेगा, कार्यक्रम अधिकारी मनरेगा की बैठक लेकर मतदान केंद्रों की समीक्षा करते हुए व्यवस्था के संबंध में विशेष दिशा-निर्देश दिए। सीईओ जनपद तमनार श्री वीरेन्द्र सिह राय ने बताया कि जनपद पंचायत द्वारा प्रत्येक ग्राम पंचायत में ग्रामीणजन एवं महिलाओं के सहयोग से नियमित रूप से स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।

# धरम लाल कौशिक ने बूथ विजय अभियान का किया शुभारंभ, कार्यकर्ताओं के घर लगाया झंडा



**कोरबा(विश्व परिवार)।** भाजपा के वरिष्ठ नेता धरम लाल कौशिक पार्टी के बूथ विजय अभियान की शुरुआत करने एक दिवशीय प्रवास पर कोरबा पहुंचे. उन्होंने कोरबा जिले में वरिष्ठ कार्यकर्ताओं के घर में पार्टी का झंडा लगाया इसी के साथ बूथ विजय अभियान की शुरुआत हुई, ये अभियान संपूर्ण प्रदेश सहित देश भर में छाया जा रहा है। कोरबा प्रवास के दौरान श्री कौशिक ने पत्रकारों से चर्चा करते बताया कि प्रदेश में भाजपा की विष्णु सरकार ने 100 दिन में ही महतारी वंदन योजना से लाखों महिलाओं के खाते में करोड़ों रुपए ऑनलाइन ट्रांसफर किया जिससे महिलाओं को आर्थिक संबल मिला. किसानों को अंतर की राशि एक एकड़ में 19 हजार के हिसाब से 13320 करोड़ रुपए सीधे उनके खाते में जमा किया गया, इसी तरह तेंदू पत्ता संग्राहकों को 55 सौ रूपये मानक बोरा के हिसाब से देने का निर्णय लिया गया है. भारतीय जनता पार्टी की सरकार के इस अभूतपुर निर्णय से निश्चित ही जानता को लाभ मिला है। हमारी भारतीय जनता पार्टी की सरकार केंद्र व राज्य दोनो जगह है इस बात को जनता भली भांति जानती है, इस बार प्रदेश की सभी 11 सीटें जीत रहे हैं फिर तीसरी बार भारी भरकम जीत के साथ पुन: केंद्र में भाजपा की सरकार बनने जा रही है. डबल इंजन की सरकार बनने से निश्चित ही देश और प्रदेश और भी ऊंची बुलंदियों को छूएगा। भारतीय जनता पार्टी की सरकार ही ऐसी एक सरकार है जिसने धारा 370 को समाप्त कर दिया. राम मंदिर का भव्य निर्माण में विशेष निर्णय लिया। श्री कौशिक ने बताया कि 1 से 8 अप्रैल तक सभी विधानसभा विशेष सम्मेलन किया जाएगा. यहां के 8 विधानसभा में जाने पर देखा कि आम जनता में भारतीय जनता पार्टी के प्रति अटूट विश्वास है, मोदी की गारंटी से खुश आम जनता अब मोदी को जीत की गारंटी दे रही है.

## ट्रेलर की ठोकर से कार नाले में गिरी

**कोरबा(विश्व परिवार)।** सर्वमंगला-कनकी मार्ग पर सोनपुरी के निकट आज सुबह अज्ञात ट्रेलर द्वारा ठोकर मार दिए जाने से एक कार अनियंत्रित होकर नाले में जा गिरी। इस दुर्घटना में कार में सवार लोग बाल-बाल बच गए। जानकारी के अनुसार सुजुकी कंपनी की कार क्रमांक सीजी-12बीएच-3286 में कुछ लोग सवार होकर आज सुबह सर्वमंगला-कनबेरी मार्ग से जा रहे थे कि सोनपुरी पुल के निकट एक अज्ञात ट्रेलर ने कार को पीछे से ठोकर मार दिया। ट्रेलर द्वारा ठोके जाने से कार अनियंत्रित हो गई और नाले में जा गिरी। कार का एयरबैग भी खुल गया। इस दुर्घटना की सूचना मार्ग से गुजर रहे लोगों ने पुलिस को दी। जिस पर उसके अधिकारी व कर्मचारी मौके पर पहुंचे और मामला कायम करने के साथ ही कार किसकी थी और उसमें कौन-कौन लोग सवार थे की पतासाजी में जुट गई है। इन पंक्तियों के लिखे जाने तक कार मालिक और उसमें सवार लोगों का पता नहीं चल सका है। लेकिन प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि एयरबैग खुलने की वजह से उसमें सवार लोग बाल-बाल बच गए। ज्ञात रहे इस मार्ग पर आए दिन इस तरह की घटना होते रहती है। जिसकी प्रमुख वजह मार्ग पर वाहन चालकों द्वारा अंधाधुंध व तेज रफ्तार से गाडियों का चलाया जाना जिम्मेदार है।

## संक्षिप्त समाचार

### आचार संहिता : आधा दर्जन वारंटियों पर गिरी गाज

**कोरबा(विश्व परिवार)।** लोकसभा के आम चुनाव के मद्देनजर पूरे देश में आदर्श आचार संहिता लागू है, जिसके तहत कोरबा जिले के सभी थाना एवं चैकी क्षेत्रों से वारंटियों को गिरफ्तार कर जेल भेजने के अलावा उन्हें तामिली किया जा रहा है। इसी कड़ी में सिटी कोतवाली क्षेत्र के आधा दर्जन व वारंटियों पर गाज गिरी है। जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्रांतर्गत खरमोरा बजरंग चैक निवासी स्थायी वारंटी गंगाराम उम्र 54 पिता बैशाखु देवांगन धारा 294, 506, 323, 325 भादवि के तहत मारपीट के मामले में फरार था। उसी तरह सीएसईबी चैकी क्षेत्रांतर्गत मैग्जिनभाठा पंप हाउस निवासी गोरखदास उर्फ गोलू दास उम्र 24 पिता मिलन दास पनिका भी मारपीट के मामले में धारा 294, 323, 506 के मामले में फरार था। एसपी सिद्धार्थ तिवारी के निर्देशन में जिले भर में फरार वारंटियों को पकडने का अभियान चल रहा था। इस मामले में उपरोक्त दोनों स्थायी वारंटियों को गिरफ्तार कर उन्हें जिला जेल दाखिल कर दिया गया। वारंटियों के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान में अन्य वांरटी पंच सिंह, पंचम ठाकुर व एक अन्य को गिरफ्तार कर उनके वारंट को तामिली कर न्यायालय पेश किया गया। इस तरह सिटी कोतवाली टीआई एमएल पटेल के मार्गदर्शन में एएसआई, अजय सिंह ठाकुर, आरक्षक चंद्रकांत गुप्ता एवं रामधन पटेल तथा सिदार के द्वारा वारंटियों के विरूद्ध उपरोक्त कार्यवाही की गई है।

### नाबालिग भतीजी के साथ दुष्कर्म, आरोपी चाचा जेल दाखिल

**कोरबा(विश्व परिवार)।** शराब के नशे में धुत चाचा ने अपनी 16 साल की नाबालिग भतीजी के साथ दुष्कर्म किया। घटना की जानकारी परिवार में किसी भी सदस्य को देने पर मारने की धमकी भी दी। मामले की शिकायत पर पुलिस मामला दर्ज कर आरोपित चाचा को शराब भट्टी से गिरफ्तार किया। सिविल लाइन थाना रामपुर क्षेत्र अंतर्गत निवासरत एक परिवार के सदस्य काम के सिलसिले में घर से बाहर गए थे। घर पर उनकी 16 वर्षीय पुत्री अकेली थी। इसी बीच शराब के नशे में धुत चाचा की नीयत बदल गई और उसने अकेली भतीजी को देख दुष्कर्म किया। जब स्वजन वापस लौटे, तब नाबालिग ने घटना की जानकारी दी। स्वजनों ने बेटी को लेकर सिविल लाइन थाना जाकर मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई। पीड़िता के स्वजनों ने बताया कि आरोपित शराब का आदी है और हमेशा शराब के नशे में रहता है। मना करने पर नहीं मानता था और अब नशेड़ी ने दुष्कर्म किया है। सिविल लाइन थाना प्रभारी सुमन पोया ने बताया कि आरोपित चाचा के विरूद्ध मामला दर्ज कर पतासाजी की जा रही थी, पर फरार चाचा अलग-अलग जगहों पर छिप रहा था। इस बीच मुखबिर से निहारिका शराब भट्ठी के पास आरोपित के होने की सूचना मिली। इस पर पुलिस टीम ने सिविल ड्रेस में शराब भट्टी पहुंच कर आरोपित को गिरफ्तार किया। पुलिस ने बताया कि आरोपित के विरूद्ध दुष्कर्म और पाक्सो एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कार्रवाई कर न्यायालय में पेश किया, जहां से आरोपित को जेल भेज दिया गया।

### रेलवे ट्रेक में मिला क्षत-विक्षप्त शव

**कोरबा(विश्व परिवार)।** शहर के टीपी नगर के निकट रेलवे ट्रेक में एक व्यक्ति का क्षत-विक्षप्त शव मिला है। आशंका जताई जा रही है कि ट्रेन से कटकर उसकी मौत हुई है। बहरहाल पुलिस ने मर्ग कायम कर शव चीरघर भिजवा दिया है तथा प्रकरण जांच में लिया है। सूत्रों ने बताया कि सीएसईबी चौकी क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ट्रांसपोर्ट नगर के पास एक व्यक्ति का शव पाया गया है। मालगाड़ी से कटकर उसने अपनी जान दी है या फिर वह हादसे का शिकार हो गया है, इसका खुलासा अभी नहीं जो पाया है। मृतक कौन है और कहां का रहने वाला है इस संबंध में किसी तरह की जानकारी नहीं मिल सकी है। घटना सीएसईबी चौकी क्षेत्र की है। कोरबा में टीपी नगर और सीएसईबी चौक के मध्य मालगाड़ी से कटकर एक व्यक्ति ने अपनी जान दे दी है। मृतक कौन है और कहां का रहने वाला है इस संबंध में किसी तरह की जानकारी नहीं मिल सकी है। वहीं मृतक की हादसे में मौत हुई है, या फिर उसने खुदकुशी करने की मंशा से यह कदम उठाया है, इस बात का भी पता नहीं चल सका है। हादसे के बाद मौके पर लोगों की काफी भीड़ जुट गई। रात करीब 11 बजे सामने आई इस घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

# संपादकीय

## टेक कंपनियों की परीक्षा

डिजिटल मार्केट अधिनियम (डीएमए) के प्रवर्तन के कुछ सप्ताह बाद यूरोपीय आयोग ने गूगल, मेटा, एमेजॉन और ऐपल की जांच शुरू की है। यह जांच निष्पक्ष और प्रतिस्पर्धी डिजिटल मार्केट तैयार करने के लिए जरूरी अहम सिद्धांतों का पालन नहीं करने के आरोपों के कारण की जा रही है। ये जांच किसी न किसी रूप में ऐतिहासिक घटना साबित होगी क्योंकि जिन कंपनियों की जांच की जा रही है वे वैश्विक स्तर पर दबदबा रखने वाली कंपनियां हैं। आयोग खासतौर पर अल्फाबेट के उन नियमों पर गौर कर रहा है जो गूगल प्ले के संचालन तथा गूगल सर्च की खुद को वरीयता देने तथा ऐप स्टोर में ऐपल के संचालन के साथ-साथ सफारी के लिए स्क्रीन के चयन तथा मेटा के 'भुगतान या सहमति मॉडल' पर गौर कर रहा है। इसके अलावा आयोग ने वैकल्पिक ऐप स्टोरों के लिए ऐपल के नए शुल्क ढांचे तथा एमेजॉन की रैंकिंग व्यवस्था को लेकर भी जांच आरंभ की है। डीएमए ने बड़े ऑनलाइन प्लेटफॉर्म को 'गेटकीपर' की अर्हता देने के लिए एक खास लक्ष्य मानक तय किया है। गेटकीपर की आर्थिक स्थिति मजबूत होनी चाहिए, उसका बाजार पर अच्छा खासा असर होना चाहिए और उसे यूरोपीय संघ के कई देशों में सक्रिय होना चाहिए। उसे एक मजबूत मध्यवर्ती होना चाहिए, उसे कई तरह के व्यापारों में व्यापक उपयोगकर्ताओं से संबद्ध होना चाहिए और उसे बीते तीन वित्त वर्षों के दौरान इन सभी मानकों पर खरा होना चाहिए। अल्फाबेट, एमेजॉन, ऐपल, बाइटडांस, मेटा और माइक्रोसॉफ्ट छह वैश्विक दिग्गज कंपनियां हैं जिन्हें गेटकीपर के रूप में तैयार किया गया है। डीएमए ने गेटकीपरों से मांग की थी कि वे 7 मार्च तक उसके नियमों का पालन सुनिश्चित करें। आयोग का मानना है कि अल्फाबेट और ऐपल के उपाय वित्तीय शुल्कों समेत विभिन्न प्रकार के प्रतिबंध और सीमाएं लगाने वाले हैं जो डेवलपरों की स्वतंत्र रूप से संचार और पेशकश को बढ़ावा देने तथा सीधे अनुबंध समाप्त करने की क्षमता को बाधित करते हैं। आयोग यह जांच कर रहा है कि गूगल सर्च जो गूगल शॉपिंग, गूगल फ्लाइट, गूगल होटल आदि को प्रमुखता से दिखाता है, क्या वह प्रतिद्वंद्वी सेवाओं पर खुद को प्राथमिकता देता है? वह ऐपल के मामले में इस बात की भी जांच कर रहा है कि क्या वह उपयोगकर्ताओं को आसानी से सॉफ्टवेयर हटाने देता है, आईओएस की डिफॉल्ट सेटिंग बदलने देता है ।

# मुद्दा-जन सरोकार व संघ का विस्तार.....

**अवधेश कुमार**



नागपुर में संपन्न राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की प्रतिनिधि सभा के दौरान संपूर्ण भारत और भारत में अभिरु चि रखने वाले विश्व भर के मीडिया का एकत्रीकरण था। सामने लोक सभा चुनाव के कारण ऐसा लग रहा था कि वहां से इसके संबंध में कुछ रणनीति ऐसी बनेगी, ऐसा वक्तव्य आएगा जो समाचार, बहस और विचार की दृष्टि से महत्त्वपूर्ण होगा। लंबे अनुभव के बावजूद पत्रकारों और मीडिया संस्थानों की धारणा बदली नहीं है कि चुनाव या राजनीतिक दल या सरकार को फोकस करके संघ के आयोजन नहीं होते। यह संभव नहीं कि चुनाव हो और इसमें संघ की अभिरु चि नहीं हो या उसमें उनकी कोई भूमिका हो ही नहीं। यह भूमिका किस रूप में हो सकती है? इस बारे में सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबोले का वक्तव्य ध्यातव्य है-चुनाव देश के लोकतंत्र का महापर्व हैं। संघ के स्वयंसेवक सौ प्रतिशत मतदान के लिए समाज में जन-जागरण करेंगे। समाज में इसके संदर्भ में कोई भी वैमनस्य, अलगाव, बिखराव या एकता के विपरीत कोई बात न हो, इसके प्रति समाज जागृत रहे। राजनीति और चुनाव को सर्वोपरि मान लेने वाले इस माहौल में सहसा विश्वास करना कठिन है कि देश का सबसे बड़ा स्वयंसेवकों का संगठन मतदाता जागरूकता या समाज में सौमन्स्य आदि की दृष्टि से ही चुनाव के दौरान काम करेगा। यह पत्रकारों और मीडिया संस्थानों की जिम्मेवारी है कि देखें कि ऐसा होता है या नहीं? ऐसे सभी संगठनों, जो सीधे दलीय चुनावी राजनीति में शामिल नहीं हैं, की यही यथेष्ट भूमिका हो सकती है। मतदान में किसी दल या उम्मीदवार को अवश्य सहयोग करिए लेकिन संगठन के रूप में चुनावी भूमिका नहीं होनी चाहिए। आप मतदाताओं के बीच जाएं, उन्हें मुद्दों के प्रति जागरूक करें, मतदान के लिए प्रेरित करें तथा इस बीच राजनीतिक दलों के परस्पर आक्रामक तीखे बयानों, आरोपों तथा समाज के अंदर मतदान के लिए वैमनस्य फैलाने वालों या तनाव और हिंसा पैदा करने वालों के असर को कम करने की कोशिश करें। संघ स्वयं को अगर समाज में एक संगठन की जगह समाज का संगठन मानता है तो उसके लिए कोई राजनीतिक दल दुश्मन नहीं हो सकता। हां, राजनीतिक दलों की नीतियां उसके विरुद्ध हैं यानी उसके अनुसार देश हित में नहीं हैं, तो तात्कालिक विरोध किया जा सकता है। प्रतिनिधि सभा ऐसी बैठक होती है जिसमें संघ के सभी शीर्ष पदाधिकारी, प्रांत स्तर के पदाधिकारी और 36 आनुषंगिक संगठनों के प्रमुख या प्रतिनिधि उपस्थित होते हैं। इस नाते 1500 वैसे प्रमुख प्रतिनिधियों की एक जगह उपस्थिति, विमर्श और निर्णय अत्यंत महत्त्व के होंगे। इसमें सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबोले का पुनर्निर्वाचन हुआ और वे 2027 तक पद पर रहेंगे। संघ पर निष्पक्षता से अध्ययन करने वाले इसका खंडन करते हैं कि यहां चुनाव होता ही नहीं। चुनाव नियमित होते हैं किंतु ज्यादातर अन्य संगठनों या राजनीतिक दलों की तरह पदों की होड़ न होने के कारण नकारात्मक प्रतिस्पर्धा नहीं होती। प्रतिनिधि सभा से घोषित कार्यक्रमों में अहिल्याबाई होल्कर के जन्म के 300वें वर्ष में मई, 2024 से अप्रैल, 2025 तक जन्म वर्ष मनाया जाना है। कितने राजनीतिक दलों, बुद्धिजीवियों और पत्रकारों को अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती के महत्त्व का आभास है? कौन राष्ट्रीय संगठन समाज विशेषकर महिलाओं को प्रेरणा देने की दृष्टि से इस तरह का कार्यक्रम आयोजित करेगा? इसके अलावा जो विषय वहां चर्चा में थे उनमें स्वयंसेवकों द्वारा वर्ष में किए गए मुख्य कार्य, श्रीराम मंदिर निर्माण और रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा का राष्ट्रीय जागरण की दृष्टि से प्रभाव, संदेशखालि की भयावह घटना और मणिपुर, पंजाब आदि शामिल थे। अगर होसबोले कहते हैं कि स्वतंत्र भारत में संदेशखालि जैसी घटनाएं झकझोर देने वाली हैं, दोषियों को कड़ी सजा मिलनी चाहिए तथा इसमें सभी दलों को अपने राजनीतिक स्वाथरे को छोड़कर महिला सुरक्षा और समाज के इस विषय पर एक मत से ऐसी कार्रवाई करनी चाहिए कि भविष्य में ऐसा करने की कोई सोच भी नहीं सके तो इससे कौन असहमत हो सकता है?दुर्भाग्य से राजनीतिक, बौद्धिक एवं आंदोलनात्मक एक्टिविस्टों की दुनिया में इतना तीखा विभाजन है कि यह सोचकर कहीं भाजपा को इसका चुनावी लाभ न मिल जाए अनेक दल, संगठन, बुद्धिजीवी और पत्रकार इसे बड़ा मुद्दा बनाने से बचते हैं। ऐसे लोग संघ पर कोई टिप्पणी करेंगे तो समाज उसे स्वीकार नहीं कर सकता। स्वाभाविक है कि 2025 की विजयदशमी को संघ के 100 वर्ष पूरे हो रहे हैं, तो उसकी चर्चा होगी और उसके अनुसार योजनाएं बनेंगी। हालांकि संघ यही कह रहा है कि उसे जब तक संसार है तब तक काम करते रहना है, उसमें अनेक 100 वर्ष आएंगे तो 100 वर्ष का कोई ऐसा विशेष महत्त्व नहीं है किंतु उसका ध्यान रखते हुए ज्यादा से ज्यादा शाखा और संपर्क विस्तार हो यही लक्ष्य सामने आ रहा है और उसकी पुष्टि प्रतिनिधि सभा में हुई। संघ द्वारा दिए गए आंकड़ों के अनुसार 2023 की 68,651 शाखाओं के मुकाबले संघ की शाखाओं की संख्या बढ़कर 73,117 पर पहुंच गई। जिन स्थानों पर शाखा लगती हैं, उनकी संख्या 42,613 से बढ़कर 45,600 हो गई। प्रतिनिधि सभा में तय हुआ कि 2025 की विजयादशमी से पूर्ण नगर, पूर्ण मंडल तथा पूर्ण खंडों में दैनिक शाखा तथा साप्ताहिक मिलन का लक्ष्य पूरा होगा। शाखाओं की संख्या एक लाख करने का लक्ष्य है। राममंदिर के उद्घाटन समारोह से पहले अयोध्या से लाए गए पूजित अक्षत को घरों में बांटने के दौरान संघ एवं समवैचारिक संगठनों के 44 लाख 98 हजार कार्यकर्ता 5 लाख 98,778 गांवों तक पहुंचे थे। 19 करोड़ 38 लाख परिवारों तक अक्षत पहुंचाया गया और 22 जनवरी को पांच लाख 60 हजार स्थानों पर 9.85 लाख कार्यक्रम हुए।अन्य अनेक संगठनों की समस्या है कि भारत के जनमानस को न समझने के कारण उचित भूमिका नहीं निभाते या विपरीत चले जाते हैं। दूसरी ओर संघ उसे समझ कर उसके अनुसार भूमिका निभाता है, और ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंचने की कोशिश करता है। आप संदेशखालि को इसलिए महत्त्व नहीं देंगे कि इससे भाजपा को लाभ हो जाएगा तो जनमानस, जो उनकी आवाज उठाएगा, उसके साथ जाएगा।

## विचार

## मजबूत बैंकिंग जरूरी

तकरीबन एक दशक तक फंसे कर्ज यानी गैर निष्पादित परिसंपत्तियों (एनपीए) में इजाफा होने तथा जोखिम आंकने, खासकर कॉर्पोरेट ऋण के जोखिम के अंकन में शिथिलता के बाद अब देश का बैंकिंग क्षेत्र अच्छी स्थिति में नजर आ रहा है। उसका मुनाफा बढ़ रहा है और निवेशकों का विश्वास नए सिरे से बहाल हो रहा है। हाल ही में फेडरेशन ऑफ इंडियन चैंबर्स ऑफ कॉमर्स ऐंड इंडस्ट्री तथा इंडिया बैंक्स एसोसिएशन के एक सर्वेक्षण में इसकी पुष्टि हुई है। सर्वेक्षण में 23 बैंकों को शामिल किया गया था और उसने दिखाया कि बैंकिंग क्षेत्र कई मानकों पर बेहतर प्रदर्शन कर रहा है। इसमें परिसंपत्ति की गुणवत्ता तथा ऋण वृद्धि शामिल थी। सर्वे के निष्कर्षों में यह भी कहा गया कि बैंक अपेक्षित ऋण हानि (ईसीएल) व्यवस्था को अपनाने को भी तैयार हैं और वे जलवायु अनुकूलन तथा उत्सर्जन में कमी की दिशा में भी कदम उठा रहे हैं। इसमें पर्यावरण के अनुकूल गतिविधियां अपनाने को आर्थिक मदद देने, कागज का इस्तेमाल कम करने तथा तटीय इलाकों में जैव ईंधन का इस्तेमाल रोकने जैसे कदम शामिल हैं। ये पर्यावरण, सामाजिक और संचालन (ईएसजी) पहलों का हिस्सा हैं। सर्वेक्षण में शामिल बैंकों में से 83 फीसदी ने कहा कि उनके ऋण मानक आसान हुए हैं या अपरिवर्तित रहे हैं। उन्होंने अर्थव्यवस्था के लिए सकारात्मक वृद्धि का अनुमान दर्शाया, एनपीए में कमी आने की बात कही और कहा कि क्षेत्रवार जोखिम में कमी आने की उम्मीद है। चुनिंदा क्षेत्रों के लिए दीर्घकालिक ऋण वितरण में इजाफा हुआ है। इसमें अधोसंरचना, लौह और इस्पात, खाद्य प्रसंस्करण तथा औषधि क्षेत्र शामिल हैं। ध्यान देने वाली बात यह है कि ये वही क्षेत्र हैं जहां एनपीए का स्तर भी अधिक है। अगर इन क्षेत्रों की पहुंच आसान ऋण तक बनी रहती है तो इस पर ध्यान देने की आवश्यकता है। बैंकों को एक बार फिर फंसे हुए कर्ज के चक्र में फंसने से बचना चाहिए। आमतौर पर बैंक अपने बही खातों में संकटग्रस्त परिसंपत्तियों को लेकर संतुष्ट हैं। सर्वेक्षण में शामिल 77 फीसदी बैंकों ने कहा कि बीते छह महीनों में उनके एनपीए में कमी आई है। आधे से अधिक बैंकों का मानना है कि अगले छह महीनों में सकल एनपीए 3-3.5 फीसदी के दायरे में रहेगा। यह आशावाद बेवजह नहीं है क्योंकि सकल एनपीए वित्त वर्ष 2018 के अंत के 11.6 फीसदी से कम होकर गत वर्ष सितंबर में 3.2 फीसदी रह गया था। फंसे हुए कर्ज में नया इजाफा भी कम हुआ है। स्वाभाविक सी बात है कि इससे बैंकों की परिसंपत्ति गुणवत्ता में सुधार होगा। यह बहुत राहत की बात है क्योंकि सार्वजनिक और निजी दोनों क्षेत्रों के बैंक अच्छी हालत में हैं। बहरहाल भविष्य के मुनाफे को लेकर चिंता बरकरार है। सर्वेक्षण में अधिक ब्याज दर वाले जमा की ओर स्पष्ट बदलाव देखने को मिला। करीब 70 फीसदी बैंकों ने कहा कि कुल जमा में करंट अकाउंट सेविंग्स अकाउंट (कासा) जमा की हिस्सेदारी कम हुई है। कासा कम लागत वाली जमा राशि है जो बैंकों द्वारा जुटाई जाती है। कम लागत वाली जमा राशि का अर्थ है कम मुनाफा मार्जिन। इसके अलावा वाणिज्यिक बैंकों और गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनियों के आपस में जुड़े होने के कारण बैंकिंग क्षेत्र में धोखाधड़ी के मामले बढ़ने से संकट के समय हालात मुश्किल हो सकते हैं। भारतीय रिजर्व बैंक ने अपने हालिया प्रकाशनों में इस बढ़ते जुड़ाव को रेखांकित किया था।

## दिल्ली में क्या होगा उप राज्यपाल का अगला कदम!

दिल्ली सरकार को 25 मई के पहले बर्खास्त किया जाएगा या उसके बाद? फिलहाल यही इकलौता प्रश्न है। दिल्ली में उसी दिन लोक सभा चुनाव हैं। उसके पहले कोई कदम उठाने पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के दिल्ली की सीटें जीतने की संभावना पर असर पड़ सकता है। इसके अलावा जेल में बंद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और दिल्ली के उप राज्यपाल विनय कुमार सक्सेना के बीच तानों की जंग जितनी लंबी चलेगी, उतने लंबे समय तक केजरीवाल को यह साबित करना होगा कि वह एक दमनकारी सरकार के राजनीतिक बंदी हैं, न कि एक भ्रष्ट व्यक्ति जैसा कि भाजपा दावा कर रही है। हर दूसरे दिन जेल में बंद मुख्यमंत्री के साथी बाहर यह घोषणा करते हैं कि उन्होंने जेल से क्या 'निर्देश' दिया है या क्या 'निर्णय' लिया है। इसकी प्रतिक्रिया में उप राज्यपाल ने जोर देकर कहा कि दिल्ली की सरकार जेल से नहीं चलेगी। हमें एक बात समझ लेनी चाहिए कि अनुच्छेद 239 एए और एबी के तहत दिल्ली के उप राज्यपाल को यह अधिकार है।

# भगदड़ रोकने के उपाय तलाशने होंगे..

**ऋतुपर्ण दवे**

भारत में धार्मिक आयोजनों की भीड़ में भगदड़ आम हो चुकी है। ऐसी घटनाओं में मौतें होना न नई हैं, और न ही अब हैरान करने वाली। लेकिन लगता है कि गंभीरता को जानते-समझते हुए भी सीख नहीं लेने से इन मौतों पर विराम तो दूर सोचना भी बेमानी लगता है। दो-चार दिन बाद बात आई-गई हो जाती है। बीते दिनों वृंदावन में ठाकुर बांकेबिहारी मंदिर में रंगभरी एकादशी की रंगीली होली की शुरुआत के एक दिन पहले भीड़ ऐसी बेकाबू हुई कि एक श्रद्धालु ने दम तोड़ दिया जबकि एक की तबीयत बिगड़ गई। भारी भीड़ के दबाव में फंसी महिलाओं और बच्चों की चीखें निकलती रहीं और पुलिस की मुस्तैदी इस बात पर ज्यादा थी कि अति विशिष्टजनों की सेवा में कोई खलल न पड़ेऐसी ही एक घटना अगस्त, 2022 में घटी जब श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर मथुरा-वृंदावन में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी और बांके बिहारी मंदिर में रात 2 बजे मंगला आरती के दौरान दम घुटने से दो श्रद्धालुओं की मौत हो गई, 9 घायल हो गए। आरोप लगे कि भीड़ नियंत्रित कराने वाले अपने परिजनों को वीआईपी दर्शन कराने में जुटे थे तो कई वीडियो बनाने में मशगूल रहे। परिसर में श्रद्धालु क्षमता 800 लोगों की है, जबकि वहां 25-30 हजार श्रद्धालु मौजूद थे। धार्मिक आयोजनों में भारी भीड़ जुटना नया नहीं है। लेकिन हादसों के बाद समझ आता है कि सुरक्षा कैसी होती है? वैज्ञानिकों ने 1900 के बाद से विश्व में भगदड़ या भीड़भाड़ की घटनाओं का एक डेटाबेस तैयार किया ताकि ऐसी मौतों को रोकने के उपायों को खोजा जा सके। इसमें 1900-2019 के बीच ऐसी 281 घटनाएं शामिल की जिनमें या तो कम से कम एक व्यक्ति की मौत हुई या दस से ज्यादा लोग घायल हुए। यही आंकड़े बताते हैं कि दुनिया में भारत और पश्चिमी अफ्रीका ऐसी दुर्घटनाओं के सबसे बड़े केंद्र हैं। वक्त के साथ बढ़ती तकनीक के बावजूद तीन दशकों के आंकड़े चौंकाने वाले हैं क्योंकि घटनाएं बढ़ती जा रही हैं। भारत में बीते कुछ वर्षो के दौरान मंदिरों और अन्य हिन्दू धार्मिक कार्यक्रमों में भगदड़ में सैकड़ों जानें गई। 25 जनवरी, 2005 को महाराष्ट्र के सतारा जिले के मंधारदेवी मंदिर में वार्षिक तीर्थयात्रा में 340 से अधिक श्रद्धालुओं की कुचल कर मौत हो गई, सैकड़ों घायल हुए। नारियल तोड़ने से सीढ़ियों में फिसलन से यह भगदड़ हुई। 3 अगस्त, 2008 को हिमाचल प्रदेश के बिलासपुर जिले के नैना देवी मंदिर में भू-स्खलन की अफवाह से मची भगदड़ में 162 जान चली गई, 47 लोग घायल हुए। 30 सितम्बर, 2008 को राजस्थान के जोधपुर में चामुंडा देवी मंदिर में बम विस्फोट की अफवाह से मची भगदड़ में 250 लोगों की मौत हुई और 60 से ज्यादा घायल हुए। 4 मार्च, 2010 को उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ जिले में कृपालु महाराज के राम जानकी मंदिर में मची भगदड़ में 63 लोगों की मौत हुई जो वहां कपड़ा और भोजन लेने आए थे।13 अक्टूबर, 2013 को मध्य प्रदेश के दतिया जिले में रतनगढ़ मंदिर के पास नवरात्रि उत्सव के दौरान भगदड़ में 115 लोगों की मौत हुई और 100 से अधिक घायल हुए। ऐसे और न जाने कितने हादसों ने सैकड़ों जान ली हैं। दुर्भाग्यवश कभी भगदड़ में फंस जाएं तो थोड़ी सतर्कता बरत कर खुद को बचाया जा सकता है। अपनी ताकत बेवजह भीड़ के खिलाफ दूसरों को धकेलने में न लगाएं। चीखने-चिल्लाने या शोर मचा कर भी ताकत जाया न करें। कोशिश करें कि पैर फैला कर रखें ताकि धक्का लगने पर संतुलन बना रहे। धैर्यपूर्वक गहरी सांसें लेकर शांत रहें। बजाय विपरीत दिशा में जाने के हमेशा भीड़ के साथ चलें जिससे बचने की संभावना कई गुना बढ़ जाती है। हाथों को अपनी छाती के सामने किसी बॉक्सर की तरह अड़ा रखें ताकि सीना सुरक्षित रहे जिससे आप खुद को सुरक्षित रख सकेंगे। भीड़ में गिरने पर उठ नही पा रहे हों तो तिरछे हो जाएं, दोनों पैरों को सीने से चिपकाएं, सिर पर हाथ रख कर खुद को बचाने की कोशिश करें ताकि सीना, पसली और सिर बचा रहे। दीवारों और बैरिकेडिंग से भी दूर रहें। ज्यादा से ज्यादा कोशिश करें कि खुली जगह में जल्द से जल्द पहुंच जाएं। यह कहना कि एकाएक भीड़ आ गई गलत है। आजकल धार्मिक स्थलों के पूरे क्षेत्र, गलियारों, चौक, चौराहों में स्थानीय प्रशासन, पुलिस या निजी सुरक्षा के लिए लगे सीसीटीवी कैमरों के अलावा सैटेलाइट से भी भीड़भाड़ की जानकारी लेना संभव है। हर पल पता होता है कि कहां से कितनी भीड़ आ रही है। यही प्रबंधन तो करना है ठीक वैसे, जैसे ट्रैफिक का करते हैं। इसके लिए जगह-जगह प्रतीक्षालय बनें, उनमें जलपान, प्रसाधन और आराम तथा छायादार सुविधा हों। बड़े-बड़े स्क्रीन हों जिन पर गंतव्य का लाइव प्रसारण होता रहे ताकि श्रद्धालु खुद मानसिक रूप से आगे जाने से पहले भीड़ के अनुरूप तैयार हों या कुछ पल सुकून से और प्रतीक्षा कर लें। प्रायः भीड़भाड़ वाले धार्मिक स्थल आर्थिक रूप से संपन्न होते हैं। हादसों से सीख कर ऐसे तमाम धार्मिक स्थलों के प्रबंधक और स्थानीय तंत्र भी खुद को बदलें। इच्छाशक्ति, वैज्ञानिक पद्धतियों और क्राउड मैनेजमेंट से स्थिति काफी हद तक बदल सकती है ताकि भीड़, भगदड़ से होने वाली मौतों पर काबू पाया जा सके।

# लोकसभा चुनाव मैदान में तेज जुबानी जंग

**हरजिंदर**



एक अंग्रेजी कहावत है कि सबसे कामयाब वह होता है, जो अपने ऊपर फेंकी गई ईंटों से अपना मकान बना लेता है। भारतीय राजनीति में फिलहाल कामयाबी का यही रास्ता अपनाया जा रहा है। यहां तक कि जब कोई ईंट नहीं भी फेंक रहा होता है, तो ईंटें ईजाद की जाती हैं, अतीत और वर्तमान की जमीन खोदकर निकाली जाती हैं। पिछले दिनों तमाम कोशिशों के बाद प्रवर्तन निदेशालय यानी ईडी दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार करने में कामयाब रहा। भारतीय जनता पार्टी भले ही इस गिरफ्तारी को अपने लिए फायदेमंद बता रही हो, लेकिन आम आदमी पार्टी इसमें एक नई संजीवनी सूंघ रही है। कुछ यही उम्मीद झारखंड मुक्ति मोर्चा ने भी बांधी है, जिसके नेता और झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भी इन दिनों ईडी की हिरासत में हैं। अगर हम बात प्रधानमंत्री और भाजपा नेता नरेंद्र मोदी की करें, तो उनके सामने हेमंत सोरेन और अरविंद केजरीवाल, दोनों ही इस राजनीति के कच्चे खिलाड़ी ही माने जाएंगे। याद कीजिए, साल 2007 के गुजरात विधानसभा चुनाव को। तब नरेंद्र मोदी गुजरात के मुख्यमंत्री थे। कांग्रेस की नेता सोनिया गांधी ने वहां एक चुनावी रैली में राज्य सरकार के लिए 'मौत के सौदागर' शब्दों का इस्तेमाल किया था। भाजपा ने उनके इन्हीं शब्दों में निवेश किया और आसानी से चुनाव जीत लिया। इसके ठीक सात साल बाद जब यही नरेंद्र मोदी दिल्ली के तख्त की दावेदारी पेश कर रहे थे, तब कांग्रेस नेता मणिशंकर अय्यर ने उन्हें चाय वाला कहते हुए उनकी दावेदारी को खारिज करने की कोशिश की। अय्यर के इस बयान से मोदी को नया मकान खड़ा करने का पूरा मसाला मिल गया था। फिर उनका पूरा चुनाव अभियान ही 'चाय पर चर्चा' के आस-पास चला, जिसकी भारी कामयाबी अब इतिहास में दर्ज हो चुकी है। पांच साल बाद नरेंद्र मोदी जब अगला आम चुनाव लड़ रहे थे, तब कांग्रेस के नेता राहुल गांधी ने रफाल विमानों की खरीद में घपले का जिक्र करते हुए यह फिक्करा कसा, 'चौकीदार चोर है'। इस बार भाजपा इसी फिक्करे को ले उड़ी। पार्टी के छोटे-बड़े सभी नेताओं ने अपने ट्विटर हैंडल पर लिखना शुरू कर दिया, 'मैं भी चौकीदार'। इस बार भी भाजपा लंबे समय तक ऐसी ही किसी ईंट का इंतजार करती हुई दिखी। चुनाव की घोषणा से पहले हुई इंडिया गंठबंधन की पटना में हुई एक रैली में लालू यादव ने नरेंद्र मोदी पर एक तंज कसा, 'मोदी का कोई परिवार ही नहीं है..।' लालू यादव ऐसी टिप्पणियों के लिए ही जाने जाते हैं। आमतौर पर उनकी ऐसी टिप्पणियां शाम को टेलीविजन की आधे घंटे की प्राइम टाइम बहस का विषय बनकर ही दम तोड़ देती हैं। जिस पर अगले दिन के अखबारों में महज एक-दो वाक्य ही छपते हैं। इस बार ईंट नहीं मिल रही थी, इसलिए यह सोचा गया कि इस ढेले को ही घर की दीवार में लगवा दिया जाए। मोदी ने अपने एक भाषण में इसका जवाब देते हुए कहा, 'पूरा देश ही मेरा परिवार है'। इसके बाद पार्टी के छोटे-बड़े तमाम नेता और कार्यकर्ता अपने एक्स हैंडल में लिखने लगे, 'मोदी का परिवार'। शायद इतना ही पर्याप्त नहीं था कि कुछ ही दिनों बाद राहुल गांधी ने अपने एक भाषण में 'शक्ति' शब्द का इस्तेमाल किया। भाजपा को इस शब्द में एक नई संभावना दिखाई दी। प्रधानमंत्री समेत पार्टी के सभी नेता यह कहने लगे कि इससे भारतीय संस्कृति और महिलाओं का अपमान हुआ है। बावजूद इसके कि राहुल गांधी ने जिस संदर्भ में इस शब्द का इस्तेमाल किया था और जिस संदर्भ में इसे अपमान बताया जा रहा था, वे दोनों ही एक-दूसरे से बिल्कुल अलग थे। चुनाव की जुबानी जंग में अब इस तरह के संदर्भ कोई भूमिका नहीं निभाते। विरोधी के शब्दों में नए अर्थ और नए रंग भरकर उन्हें उछालना ही इस नए दौर के चुनाव प्रचार की रीत है। अभी कुछ ही दिनों पहले तक यह सब नहीं था और अखबारों एवं टीवी विज्ञापनों के जरिये सरकार की उपलब्धियां गिनाई जा रही थीं, तब लग रहा था कि सरकार की उपलब्धियां इन चुनावों में बड़ा मुद्दा बनेंगी, लेकिन चुनाव की घोषणा के साथ ही उद्घाटनों के दौर और सरकारी खर्च पर चलने वाले ये विज्ञापन बंद हो गए, जिसके बाद चुनाव अभियान ने अपने असली रंग दिखाने शुरू कर दिए। हर पांच साल बाद होने वाले चुनाव से हम यही उम्मीद बांधते हैं कि इनसे एक राजनीतिक विमर्श का जन्म होगा। सरकार अपनी उपलब्धियों का पिटारा खोलकर अपनी पीठ थपथपाने की कोशिश करेगी और विपक्ष उन उपलब्धियों की एक-एक करके पोल खोलने के लिए मैदान में उतरेगा। वह सरकार की हर चीज में खोट ढूंढ़ेगा और उनके संदर्भ में जनता को अपनी नीतियों की अहमियत समझाने की कोशिश करेगा। इसी दौरान देश-समाज को परेशान करने वाले जो मसले हैं, वे चर्चा में आएंगे और इन्हीं चर्चाओं से उन्हें खत्म करने की प्रतिबद्धता भी उपजेगी, लेकिन ये सब ऐसी हवाई सैद्धांतिक उम्मीदें हैं, जो चुनाव की चौखट पर अब नहीं उतरती हैं। चुनाव को लगातार इस तरह के नैरेटिव में ढाला जा रहा है, जहां समाज के मूल मुद्दों के लिए बहुत गुंजाइश ही न बने। बेरोजगारी, महंगाई और किसानों की समस्याएं ऐसे मसले हैं, जो लोगों को परेशान भी करते हैं और रह-रहकर सिर भी उठाते हैं, लेकिन चुनाव के मुख्य विमर्श में अब इनके लिए बहुत ज्यादा जगह नहीं बनती। विपक्ष के लिए भी वह इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन ज्यादा बड़ा मुद्दा बन जाती है, जो उन्हें भी कई बार जिता चुकी है। पिछले कुछ समय से चुनाव अभियान में 'लाभार्थी' शब्द खूब इस्तेमाल होने लगा है, लेकिन इसको लेकर भी कोई सार्थक बहस सामने नहीं आई है। देश के पूरे राजनीतिक वर्ग ने कहीं-न-कहीं यह स्वीकार कर लिया है कि आधुनिक प्रबंधन के साथ ही सोशल मीडिया, फेक न्यूज और विज्ञापनों वगैरह की बतकही से ही चुनाव की बाजी जीती जा सकती है। जो बड़े मुद्दे हैं, वे घोषणापत्र के हवाले कर दिए जाते हैं, फिर उनकी ज्यादा चर्चा भी नहीं होती।

## संक्षिप्त समाचार

### प्रथम तीर्थंकर मूलनायक श्री आदिनाथ भगवान का जन्म कल्याणक महोत्सव बड़ा मंदिर में धूमधाम से मनाया जाएगा

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** श्री आदिनाथ दिगंबर जैन बड़ा मंदिर मालवीय रोड में मूलानायक प्रथम तीर्थंकर श्री आदिनाथ भगवान के




जन्म कल्याणक महामहोत्सव धूम धाम से मनाया जायेगा ट्रस्ट कमेटी के अध्यक्ष संजय नायक ने बताया की इस उपलक्ष्य में एक विमान यात्रा (शोभा यात्रा) चांदी के रथ में श्री को विराजमान कर दिनाक 3/04/2024 बुधवार को प्रातः7.30 बजे से मालवीय रोड स्थित बड़ा मंदिर से धार्मिक धुनों में बाजे गाजे के साथ निकाली जायेगी जिसमे पुरुष वर्ग पारंपरिक परिधान कुर्ता पैजामा में महिलाए केसरिया साड़ी में आएंगे यह शोभा यात्रा मालवीय रोड स्थित बड़ा मंदिर से सदर बाजार, एडवर्ड रोड,आर एस शुक्ल रोड होते हुए वापस बड़ा मंदिर आएगी तत्पश्चात 8.30 बजे श्री जी का अभिषेक,शांति धारा, आरती एवं पूजन किया जाएगा कार्यक्रम पश्चात उपस्थित साधार्मीक धर्मप्रेमी बंधुओं के लिए अल्पाहार की व्यवस्था भी रखी गई है। **-प्रणीत जैन**

### अमरकंटक में भगवान आदिनाथ के अनुपम जिनालय में मनाया जायेगा जन्म और तपकल्याणक महापर्व

**अमरकंटक ( विश्व परिवार )।** संसार को असि मसि कृषि की कला सिखाकर जीने की राह बताने वाले परम् उपकारी आदि तीर्थंकर भगवान ऋषभदेव का जन्म और तपकल्याणक महापर्व सर्वोदय तीर्थ अमरकंटक में श्रद्धा भक्ति के साथ तीन अप्रेल को मनाया जायेगा। युगदृष्टा संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर महाराज की कल्पना भावना



और आशीर्वाद की अनुपम कृति है अमरकंटक में निर्मित भगवान आदिनाथ का भव्य जिनमंदिर, राजस्थान के लालपत्थरों की शिल्प और स्थापत्य कला को देख दर्शक भावविभोर हो जाते हैं।जिनालय में स्थापित अष्टधातु की संसार में सर्वाधिक वजनी मनोज्ञ प्रतिमा के दर्शन से दर्शनार्थी को अपूर्व शांति की अनुभूति होती है। तीन अप्रेल को भगवान आदिनाथ के जन्म और तपकल्याणक दिवस पर प्रातः शांतिधारा अभिषेक पूजन विधान संध्या में भक्तामर पाठ आरती की जायेगी।इस अवसर पर समीपस्थ समाज के जैन धर्मावलंबी बड़ी संख्या में उपस्थित होकर पावन कार्यक्रम में भाग लेगें। **-वेदचन्द जैन**

### मुनिश्री दुर्लभसागर जी एवं मुनिश्री संधानसागर जी महाराज के बढ़ते कदम कुण्डलपुर की ओर


**कुण्डलपुर ( विश्व परिवार )।** संत शिरोमणि आचार्य गुरुवर 108 श्री विद्यासागरजी महामुनिराज के परम प्रभावक युगल शिष्य मुनिश्री



108 दुर्लभ सागरजी महाराज एवं मुनिश्री 108 संधानसागर जी महाराज के तेजी से बढ़ते कदम कुण्डलपुर की ओर जिसमें श्रावक पद विहार में नाचते गाते कर रहे धर्म प्रभावना। मुनि श्री 108 संधान सागरजी महाराजजी ने बताया कि यह पद विहार यात्रा अहिंसा प्रभावना यात्रा के नाम से है और इसमें पूर्ण रूप से मुम्बई के श्रावक श्रेस्ठ श्री मान प्रशांत जी दिव्या भरत पारस जैन अपना तन मन धन से सेवा कर रहे है, विहार में चलने वाले सभी अतिथियों की भोजन की व्यवस्था एवं सभी आगंतुक यात्रियों की भोजन की व्यवस्था भी पुण्यार्जक परिवार द्वारा की जा रही है। विशेष बात यह रही की मुनिद्वय के आगे आगे टीकमगढ़ का एक दयोदय रथ चल रहा है जो धर्म प्रभावना में जैन भजनों के साथ अपनी अहम भूमिका निभा रहा है। मुनिद्वय के साथ में एलोरा, अजनास, टीकमगढ़, मंडीबामोरा, जावर, सागर, भोपाल आदि के श्रावकगण पद विहार में साथ चल रहे है और पूरी वैयावृत्ति का लाभ ले रहे है। युगल मुनिराज इटारसी के आगे विहार कर रहे है आज की आहारचर्या खारदा में करके आज का रात्रि विश्राम सुहागपुर में किये। **-विद्यावाणी संकलन**

## आचार्य श्री वर्धमान सागर जी के सानिध्य में श्री आदिनाथ भगवान का जन्म कल्याणक श्रद्धापूर्वक मनाया जाएगा

**पारसोला ( विश्व परिवार )।** प्रथमाचार्य चारित्र चक्रवर्ती आचार्य श्री शांति सागर जी महाराज की अक्षुण्ण मूल बाल ब्रह्मचारी पट्ट परंपरा के पंचम पट्टाधीश वात्सल्य वारिधि आचार्य श्री वर्धमान सागर जी पारसोला में विराजित है आचार्य श्री के सानिध्य में सकल दिगंबर जैन समाज द्वारा युग प्रवर्तक प्रथम तीर्थंकर श्री आदिनाथ भगवान का जन्म कल्याणक दो दिवसीय कार्यक्रम अंतर्गत मनाया जाएगा इसमें श्री जी का पंचामृत अभिषेक, भक्तामर मंडल विधान आचार्य श्री के प्रवचन शाम को सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे अंतिम दिवस श्री जी की रथ यात्रा आचार्य श्री वर्धमान सागर जी के सानिध्य में निकाली जावेगी। समाज अध्यक्ष जयंतीलाल कोठारी, सूरजमल, महावीर मेदावत ऋषभ पचौरी अनुसार प्रथम तीर्थंकर भगवान 1008 श्री आदिनाथ जी के जन्मकल्याणक महोत्सव के उपलक्ष्य में दिनाँक 02/04/2024 आदिनाथ जी मंदिर में -प्रातः 6:30 बजे पंचामृत अभिषेकप्रातः7;30 से 8:30 तक भक्तामर मंडल विधान प्रातः 9:00 बजे से - प्रवचन (सन्मति भवन ) में होंगे। दिनाँक 03/04/2024 श्री पार्श्वनाथ जी मंदिर में -प्रातः 6:30 से -पंचामृत अभिषेक प्रातः 7:30 से -श्रीजी यात्रा नगर भृमण (आचार्य जी के सानिध्य में )प्रातः 8:45 से आचार्य श्री के चरण प्रक्षालन एवम जिनवाणी भेट एवम प्रवचन (सन्मति भवन ) में होंगे। ब्रह्मचारी गज्जू भैया, राजेश पंचौलिया अनुसार उल्लेखनीय है कि महाराजा ऋषभदेव के पुत्र भरत के नाम पर इस देश का नाम भारत है महाराजा



ऋषभदेव ने अपनी पुत्री ब्रह्मी और सुंदरी को विश्व में प्रचलित अंक और लिपि विद्या का ज्ञान कराया। तथा प्रजा को असी, मसी, कृषि, शिल्प, कला और वाणिज्य का उपदेश जीवन व्यापन हेतु दिया। मध्यप्रदेश में श्री आदिनाथ भगवान की विश्व प्रसिद्ध 84 फीट की खड्गासन प्रतिमा बड़वानी जिले के बावन गजा सिद्ध क्षेत्र पर तथा महाराष्ट्र के मांगीतुंगी में विश्व प्रसिद्ध 108 फीट के श्री आदिनाथ भगवान विराजित हैं। इसी प्रकार कुंडलपुर, चांदखेड़ी भी प्रसिद्धि को प्राप्त है।

## ऋषभदेव जन्मभूमि अयोध्या तीर्थ प्रभावना रथ का गायत्री नगर में होगा भव्य स्वागत

**जयपुर ( विश्व परिवार )।** जैन समाज के सर्वोच्च साध्वी गणिनी प्रमुख श्री ज्ञानमती माताजी की प्रेरणा व आशीर्वाद से तीर्थंकर ऋषभदेव, अजितनाथ, संभवनाथ, सुमतिनाथ, अनंतनाथ आदि पांच तीर्थंकरों की जन्मभूमि शाश्वत तीर्थ अयोध्या से प्रवर्तित अयोध्या तीर्थ प्रभावना रथ का जयपुर महानगर के गायत्री नगर महारानी फार्म में 3 अप्रैल आदिनाथ जयंती के पावन अवसर पर भव्य स्वागत किया जाएगा। इसके लिए रथ प्रवर्तन राजस्थान प्रांत के संयोजक उदयभान जैन व दिलीप जैन ने मंदिर प्रबंध समिति के अध्यक्ष कैलाश छाबड़ा, उपाध्यक्ष अरुण शाह, मंत्री राजेश बोहरा से मिलकर पोस्टर का विमोचन कराया, इस अवसर पर संतोष गंगवाल संतोष रावका, दीपेश छाबड़ा, बिमल एडवोकेट, रमेश सोगानी, युवा परिषद राजस्थान प्रान्त के महामंत्री विमल बज, अशोक कासलीवाल फागी वाले, आदि के साथ अनेकों श्रावक- श्राविकायें उपस्थित थे।





राजस्थान संयोजक उदयभान जैन ने अवगत कराया की रथ का कुशल नेतृत्व त्रिलोक शोध संस्थान जम्बूद्वीप, हस्तिनापुर के प्रतिष्ठाचार्य अकलंक जैन लखनऊ कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि रथ राजस्थान प्रदेश के विभिन्न जिलों में भ्रमण करते हुए महानगर जयपुर में 10 मार्च से प्रवर्तन हो रहा है।

जैन के अनुसार 31 मार्च को तारों की कूट, 1 अप्रैल को हीरापथ, 2 अप्रैल को मीरामार्ग जैन मंदिर, 3 अप्रैल को गायत्री नगर, 4 अप्रैल को मांगलियावास, सांय केसरिया पारसनाथ केसर चौराहा, 5 अप्रैल को शांति नगर, 6 अप्रैल को राधा निकुंज, 7 को थड़ी मार्केट, 8 को त्रिवेणी नगर, 9 को 10 बी, 10 को श्री आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर मंगल विहार में प्रवर्तन होगा। **-उदयभान जैन**

## भीरुता सदा ही निंदनीय नहीं होती, पापभीरु अच्छा धर्मात्मा : मुनि पुंगव श्री सुधासागर जी महाराज

**गौरेला ( विश्व परिवार )।** भीरुता सदा ही निंदनीय नहीं होती,पापभीरु अच्छा धर्मात्मा होता है।शब्द और शब्दार्थ से पूर्ण आशय प्रगट नहीं होता भावार्थ में ही वास्तविक अर्थ निहित होता है। मुनिपुंगव श्री सुधासागर जी महाराज ने पाप पुण्य, धर्म अधर्म को समझाते हुये उपरोक्त संबोधन दिया।



कानपुर से कुण्डलपुर विहार करते हुये दमोह जिला के हटा में निर्यापक श्रमण मुनि श्री सुधासागर महाराज ने कहा कि मजबूरी में धर्म की शरण लेने में मात्र मजदूरी सी राहत ही मिलेगी,मिल जाये ये कोई जरूरी नहीं है।प्रतिकूलता में धर्म और भगवान याद आते हैं,अनुकूलता में शरण गहो, चरणों में रहो तो रोते हुये जाने की विवशता क्यों आयेगी। आनंद पूर्वक भावविभोर होकर चरण शरण में रहो तो कर्म द्वार पर दस्तक क्यों देगा।

मुनिपुंगव श्री सुधासागर महाराज ने कहा कि पाप कर्म करने की शक्ति भी है और अवसर भी है पर जो ठीक पाप करने से पहले भाग जाये और पापवृत्ति से स्वयं को बचाले वो श्रेष्ठ धर्मात्मा है। महाराज जी ने कहा कि भागना तो सुनिश्चित है या तो पाप करने से पहले भाग जाओ या पाप करके भागो। पाप से पहले भागो तो धर्मात्मा, पाप कर भागो तो पापी और अपराधी, दंड के भय से भागोगे। भागकर कहां जाओगे कर्मसिद्धान्त के दंड से कोई नहीं बच सकता। संकट के समय धर्म सुदृढ़ कवच,ढाल के रूप में धर्मात्मा की रक्षा करता है ये समझाते हुये संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागरजी महाराज के सुयोग्य शिष्य निर्यापक श्रमण मुनि श्री सुधासागर महाराज ने कहा कि देखना धर्म नहीं है पर अवांछनीय दृश्य न देखना धर्म है,सुनना धर्म नहीं है किंतु दुर्वचनों को न सुनना धर्म है,भोजन करना धर्म नहीं पर अभक्ष को त्याग कर भोजन करना धर्म है।आपने कहा कि पाप कर्म की अनुकूलता सामर्थ्य होने पर पाप करने से ठीक पहले पापकर्म से भाग जाना धर्म है,कायरता नहीं ये वीरता है।पापभीरु होना धर्मात्मा का लक्षण है। भीरुता सदा निंदनीय हो ऐसा नहीं है।भावार्थ से सही अर्थ निकलता है।

मुनि श्री सुधासागर महाराज जी ने बताया कि सीता जी का हरण कर लंका ले जाये जाने से दुखी श्री राम लक्ष्मण जी के साथ वन वन भटक रहे थे,सीता सीता पुकार रहे थे किंतु कहीं से कोई उत्तर नहीं आ रहा था।एक दिन पर्वत के ऊपर से किसी की दर्द भरी पुकार रामचन्द्र जी को सुनाई दी, देखो लक्ष्मण कोई दुखी है सहायता के लिये पुकार रहा है।वाह भैया हमारे दुख को कोई सुनने वाला नहीं और हम औरों की पुकार सुनते रहें लक्ष्मण ने कहा। तब रामचन्द्र जी ने लक्ष्मण को समझाया,औरों के दुखों को दूर करना हमारा कर्त्तव्य है,हम इक्ष्वाकु वंश के हैं और तुम सब मुझे मर्यादापुरुषोत्तम क्यों कहते हो, हम दुखी हों, न हों पर औरों को दुखी नहीं देख सकते।इसलिए जाओ देखो कौन क्यों पुकार रहा है उसे क्या दुख है और हम उसकी क्या सहायता कर सकते हैं।इस दृष्टान्त के माध्यम से महाराज जी ने समझाया कि अपने दुख से सभी दुखी होते हैं पर स्वयं का दुख सहन न हो रहा हो और औरों का दुख दुखी करे,उनके कष्टों को दूर करने के यत्न में लग जाना ही महानता है उत्तम पुरुष की पहचान है।

**-वेदचन्द जैन**

## वैशाली नगर पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव का हुआ समापन, जयकारों के बीच नवीन वेदियों में विराजे श्रीजी

**जयपुर ( विश्व परिवार )।** वैशाली नगर के नर्सरी सर्किल स्थित जानकी पैराडाइज में आचार्य सुनील सागर महाराज ससंघ के सानिध्य में श्री महावीर दिगंबर जैन मंदिर के प्रथम तल पर नवनिर्मित श्री मुनिसुव्रत नाथ जिनालय का श्रीमज्जिनेन्द्र महावीर जिनबिम्ब पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव एवं विश्वशांति महायज्ञ का समापन सोमवार को श्रीजी को नवीन वेदी व शिखर पर नवीन ध्वजारोहण के साथ हुआ। इस मौके पर हुई धार्मिक क्रियाओं को देख श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे। पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव समिति के अध्यक्ष गजेंद्र बडजात्या ने बताया कि महोत्सव के अंतिम दिन मोक्ष कल्याणक की क्रियाएं शुरू हो गई,जिसके तहत ज्ञानकल्याणक पूजा,श्री जिनेन्द्र का पदम सरोवर पावापुर से आगमन,अग्नि कुमार द्वारा अंतिम विधि,अष्टगुण स्थापना के बाद मोक्ष कल्याणक पूजा हुई,जिसमें रोम-रोम से निकले प्रभुवर नाम तुम्हारा...महावीरा से ध्यान लगाना... जैसे भजनों पर प्रवीण-प्रिया बड़जात्या, महोत्सव समिति के महामंत्री राजेश पाटनी सहित अन्य श्रद्धालु भाव-विभोर होकर नाचे। इसके बाद भक्तिभाव से निर्वाण लड्डू चढ़ाया गया। इसके बाद विश्व में शांति की मंगल कामना के साथ, विश्व शांति महायज्ञ,शांतिपाठ हुआ जिसमें पूर्णाहुति दी गई।



इस मौके पर हुई धर्म सभा में आचार्य सुनील सागर महाराज ने कहा कि आज समय है कि हम सभी धर्म का आडंबर ना दिखाकर धर्म को अपने जीवन में अपनाकर मोक्षरूपी लक्ष्मी की ओर मार्ग प्रशस्त करें। महाराजश्री ने यह भी कहा कि विश्व में पर्यावरण का संतुलन बनाए रखने के लिए भगवान महावीर के सिद्धांत आज 2600 वर्ष बाद भी कारगर हैं। उन्हें आचरण में लाना जरूरी है।

महोत्सव समिति के महामंत्री राजेश पाटनी व महोत्सव के मुख्य संयोजक विकास बड़जात्या ने बताया कि श्री मंडप से मंदिर तक शोभायात्रा निकाली गई और बैंडबाजे के साथ निकली इस शोभायात्रा में श्रद्धालु भाव विभोर होकर नाच रहे थे। शोंभायात्रा विभिन्न मार्गों से होती हुई मंदिर पहुंची,जहां पर मंदिर लिफ्ट का पुण्यार्जक परिवार श्रीमती ज्ञानदेवी,राजेश कुमार-समता पाटनी, जितेन्द्र-खुश्बू, ईषिता,मानव व जीविका पाटनी परिवार ने किया। इसके बाद प्रतिष्ठाचार्य पंडित मनोज जैन शास्त्री ने विधि विधान से जयकारों के बीच नवीन वेदियों में श्रीजी को विराजमान कराया। इस दौरान आसपास का क्षेत्र श्रद्धा और आस्था के रंग में सराबोर नजर आया। इसके बाद शिखर पर नवीन ध्वजारोहण हुआ। महोत्सव का समापन ध्वज विसर्जन,क्षमायाचना आदि से हुआ। शिखर पर नवीन ध्वजारोहण, आरती, क्षमायाचना के साथ समापन हुआ।

## मनुष्य जीवन मिलना सौभाग्य की बात है : आचार्य श्री प्रसन्न सागर जी महाराज

**आचार्य श्री ससंघ का पदविहार श्रवण बेलगोला की ओर**

**औरंगाबाद ( विश्व परिवार )।** साधना महोदधि सिंहनिष्कड़ित व्रत कर्ता अन्तर्मना आचार्य श्री 108 प्रसन्न सागर जी महाराज एवं सौम्यमूर्ति उपाध्याय 108 श्री पीयूष सागर जी महाराज ससंघ का पदविहार श्रवण बेलगोला की और चल रहा है यह अहिंसा संस्कार पदयात्रा क्रमोन्नत राजकीय वीर प्राथमिक एवम उच्च विद्यालय, ग्राम काकोल तहसील रानीविन्दु जिला हेवरी कर्नाटक- सिद्धेश्वर मंदिर. काकी कल्याण मंड राणी बेन्नूरु हैंड साइड जिला हेवरी कर्नाटक मे प्रसन्न सागर महाराज ने प्रवचन मे कहा कि मनुष्य जीवन मिलना सौभाग्य की बात है. यूं ही खाते पीते, टाइम पास करते मर जाना, दुर्भाग्य की बात है और समय से मरना फिर लोगों के दिलों में जिन्दा रहना। ये सत्कर्म, सेवा, परोपकार की बात है..! आज कल सबका व्यवहार हाथी के दांत जैसा हो गया है, खाने के और दिखाने के कुछ और। दो प्रकार के लोग हैं इस दुनिया में एक सरल मन वाले, दूसरे कुटिल बुद्धि वाले। सरल मन वाला व्यक्ति उस नदी की तरह पवित्र और पावन है, जो निश्छल मन से समुद्र से मिलने के लिए सतत प्रवाहमान हो रही है।



जो बह रही है वो नदी है। वह अनेक संकटो से जूझते हुए, गिरते पड़ते बहे जा रही है। सिर्फ एक ही लक्ष्य है अनन्त में विलीन होना और उसका अपना कोई मकसद नहीं है। ऐसे ही सरल मन वाले लोग परमात्म तत्व को उपलब्ध हो जाते हैं। इसलिए निर्ग्रन्थ साधु को यानि दिगम्बर जैन साधु को बालक वत निर्विकारी की उपमा से अलंकृत किया है। दिगम्बर जैन साधु शीशू वत जीवन जीता है। कोई भी मजहब की माता बहिन आ जाये लेकिन दिगम्बर जैन साधु के मन में किंचित भी विषय, विकार, वासना का भाव नहीं आता। सभी माता बहिनों के प्रति सम दृष्टि रखता है।

एक गीत आपने सुना होगा- ओह रे ताल मिले नदी के जल से, नदी मिले सागर से, सागर मिले कौन से जल में कोई जाने ना ओह रे! दूसरे हैं कुटिल बुद्धि के लोग- जो हमेशा अपने किसी ना किसी उधेड़ बुन में मशगूल रहते हैं, इसकी टोपी उसके सर पे, उसकी टोपी इसके सिर पे जिनका काम होता है। आज देश और समाज में अच्छे लोग भी खोटा सिक्का चलाने की दौड़ में दम लगाकर दौड़ रहे हैं। इस शाश्वत सत्य को स्वीकार करो कि वो हमको हर पल देख रहा है। हम खुद और खुदा की नजरों से कभी बच नहीं सकते। **-नरेंद्र अजमेरा, पियुष कासलीवाल**

## जैन समाज से हमारे पूर्वजों का बहुत ही करीबी रिश्ता है : केन्द्रीये मंत्री सिंधिया

### श्री आदिनाथ जयंती का थूवोनजी कमेटी ने सिंधिया दिया निमंत्रण, तीर्थ दिवस के रूप में मनाई जाएगी आदिनाथ जयंती : विजय धुर्रा

**अशोक नगर ( विश्व परिवार )।** अषि मसि कृषि विद्या वाणिज्य और शिल्प का उपदेश देकर सिसकती मानवता को वचाने वाले अंतिमकुलकर मनु महाराज के पुत्र भगवान रिषभ देव जिन्हें जगत भगवान आदिनाथ स्वामी के रूप में जनता है कि जन्म जयंती तीर्थ दिवस के रूप में मनाई जायेगी मध्य भारत के सबसे बड़े तीर्थ अतिशय क्षेत्र दर्शनोंदय तीर्थ थूवोनजी के खड़े बाबा भगवान आदिनाथ स्वामी के चरणों की वंदना वा तीर्थ भूमि पर पधारे का निमंत्रण दर्शनोदय तीर्थ थूवोनजी कमेटी द्वारा केन्द्रीय मंत्री श्री मंत ज्योतिरादित्य सिंधिया को दिया गया।

मध्यप्रदेश महासभा संयोजक विजय धुर्रा ने कहा कि परम पूज्य निर्यापक श्रमण मुनि पुंगव श्रीसुधासागरजी महाराज की प्रेरणा से आदिनाथ जयंती को देशभर में इस वर्ष तीन अप्रैल को तीर्थ दिवस के रूप में मनाई जा रही है हमारे अंचल में सबसे बड़ी प्रतिमा दर्शनोदय तीर्थ थूवोनजी में विराजमान हैं इस हेतु केन्द्रीय मंत्री श्री मंत ज्योतिरादित्य सिंधिया जी को तीर्थ भूमि पर पधारे का



निमंत्रण दिया इस दौरान कमेटी अध्यक्ष अशोक जैन टींगू उपाध्यक्ष राकेश अमरोद मिल महामंत्री विपिन सिंघई मंत्री विनोद मोदी राजेन्द्र हलवाई कोषाध्यक्ष सौरव वाझल समाज के उपाध्यक्ष अजित वरोदिया मंत्री विजय धुर्रा कोषाध्यक्ष सुनील अखाई कमेटी के पूर्व अध्यक्ष सुमत अखाई संजीव श्रागर विनोद राजू मेडिकल गौरव जैन टींगू मिल टिंकल जैन शैलेन्द्र दददा नवीन सर सहित अन्य प्रमुख जन उपस्थित थे।

इस दौरान केन्द्रीय मंत्री श्री मंत ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि सिंधिया परिवार का जैन समाज से बहुत ही करीबी रिश्ता रहा है मेरे पूज्य पिता जी माधव महाराज हमें आठ वर्ष की उम्र होते ही फूलबाग जैन मन्दिर लेकर पहुंचे और ये परम्परा पीढ़ियों से चली आ रही है मेरे दादा महाराजा दौलत राय जी सिंधिया अपने दरवर में जैन समाज के श्रेष्ठी जनों को ओहदेदार के रूप में प्रमुख स्थान देते हैं पूज्य पिता ग्वालियर के सभी तीर्थों पर लेकर गये थूवोनजी जी में उन्होंने पेयजल के लिए पानी की विशाल टंकी बनाई उसे अव नवीन रूप देना है मैं हमेशा जव भी इस ओर आना होता है थूवोनजी के खड़े बाबा का आशीर्वाद प्राप्त करता हूं जंगल के मध्य थूवोनजी तीर्थ की छटा निराली है बड़े बाबा तो बहुत बड़े बाबा है। श्री सिंधिया ने कहा कि मैं हमेशा देशभर में कहता है कि जो काम हम राजनीति में रहने वाले लोगों को करना चाहिए वह काम हमारे जैन समाज के वंधु करते हैं वो हैं क्षमा वाणी आप लोग आगे आकर जाने अंजाने हुई गलतियों के लिए एक दूसरे से क्षमा मांगने में संकोच नहीं करते बल्कि आगे आकर क्षमा करते भी हैं ये जैन समाज की एक गौरव मई परम्परा है जिसका अनुसरण राजनीतिज्ञों के साथ सभी को करना चाहिए।

मध्य भारत के सबसे बड़े तीर्थ अतिशय क्षेत्र दर्शनोंदय तीर्थ थूवोनजी भगवान श्री आदिनाथ स्वामी की जन्म जयंती तीन अप्रैल को पूरे भक्ति भाव के साथ विभिन्न कार्यक्रम के साथ मनाई जाएगी इस दौरान मंगलाष्टक के साथ ही भगवान के कलशाविषेक जगत कल्याण की कामना के लिए महा शान्ति के साथ ही एक सौ आठ रिद्धि मंत्रों से अभिषेक किया जायेगा इसके साथ ही भगवान की विशेष पूजा अर्चना भी होगी इसके साथ ही जिले भर के जैन मन्दिरों में भगवान के जन्म कल्याणक पर विशेष आराधना होगी। **-विजय धुर्रा**

## मुंबई में टोड़ीवाला ऑक्शन द्वारा 16 अप्रैल को प्रस्तावित प्राचीन 15 जैन प्रतिमाओं की नीलामी नहीं होने देंगे : विश्व जैन संगठन

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** टोड़ीवाला ऑक्शंस द्वारा अपनी वेबसाइट पर जैन तीर्थंकरों की 15 प्राचीन प्रतिमाओं की नीलामी के लिए लाखों रुपए की बिड लगवाना जैन धर्म और तीर्थंकरों का अपमान होने के साथ कानूनन अपराध भी है।



विश्व जैन संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री संजय जैन ने कहा कि 16 अप्रैल 2024 को टोड़ीं ऑक्शन, मुंबई द्वारा ताजमहल पैलेस में प्रस्तावित क्लासिकल इंडियन आर्ट स्त3 नीलामी किए जाने के लिए अपनी वेबसाइट पर प्राचीन पूज्य जैन तीर्थंकर प्रतिमाओं के लिए लाखों रुपए की बोलियां लगवाना दुखद व अपमानजनक है और किसी भी किसी भी कीमत पर जैन समाज यह नीलामी नहीं होने देगा और इसकी शिकायत मुंबई पुलिस, सीबीआई, पुरातत्व विभाग, संस्कृति मंत्रालय और राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग में की गई है।

संजय जैन ने बताया कि पुरावशेष और बहुमूल्य कलाकृति अधिनियम के अनुसार प्राचीन धार्मिक मूर्तियों को इंटरनेट पर नीलाम नहीं किया जा सकता और भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण द्वारा भी सूचना के अधिकार के तहत संगठन को सूचित किया गया है। उन्होंने कहा कि सख्त कानून न होने के कारण प्राचीन प्रतिमाओं को भारत में पुरातत्व में पंजीकृत कराए चोरी से भारत से बाहर ले जाकर एक ऑक्शन हाउस द्वारा दूसरे को बिक्री करना और नीलाम करना स्वीकार नहीं। सीबीआई और क्राइम ब्रांच को कार्यवाही कर पूरे रैकेट का पर्दाफाश करना होगा। यदि संस्कृति मंत्रालय, पुरातत्व विभाग और पुलिस विभाग द्वारा 16 अप्रैल 2024 की नीलामी पर प्रतिबंध लगाकर भारत में इन प्रतिमाओं के पंजीकरण सहित अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अवैध बिक्री का पर्दाफाश नहीं किया तो मुंबई, दिल्ली सहित देशव्यापी विरोध किया जाएगा जिसकी पूर्ण जिम्मेवारी नीलामी करने वाले और सरकार की होगी। **-आकाश जैन**

## संक्षिप्त समाचार

### अवैध गांजा परिवहन करते एक आरोपी गिरफ्तार

**गरियाबंद(विश्व परिवार)।** अगामी लोकसभा चुनाव 2024 के मद्दे नज़र जिला क्षेत्र में हो रहे अवैध रूप से गाजा, शराब व अन्य नशीले पदार्थों के अवैध तस्करी को रोकने के लिए जिले के पुलिस कप्तान के द्वारा लगातार कार्यवाही करने हेतु समस्त थाना प्रभारियों को निर्देशित किए है। उक्त निर्देश के परिपालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र कुमार चन्द्राकर एवं एसडीओपी गोपाल वैश्य के मार्गदर्शन में प्रशिक्षु डी0एस0पी प्रवीण भारती थाना प्रभारी थाना छुरा के नेतृत्व में थाना छुरा के उप निरी0 दिलीप मेश्राम,व अन्य स्टाफको लेकर धरपकड की कार्यवाही करते हुये अवैध रूप से गांजा परिवहन करने वाले के खिलाफथाना छुरा में अपराध कमांक कमश: 112/2024,धारा 20 (ख) एनडीपीएस एक्ट के तहत् अपराध पंजीबद्ध कर वैधानिक कार्यवाही किया गया हैं। जिसमें आरोपी सुन्दर दीवान पिता स्व.हिच्छा राम दीवान निवासी बोडराबांधा थाना छुरा के कब्जे से कुल 2.982 के0ग्रा0 कुल कीमत 29820 रूपया का अवैध गांजा एवं एक नीला रंग का मोटर सायकल हीरो स्पेलेण्डर प्लस बरामद किया गया।आरोपी का कृत्य नारकोटिक एक्ट का घटित करने पाया जाने से आरोपी के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया।अभियान लगातार जारी रहेगा।

### दीवारों पर नारा लिखकर मतदाताओ को जागरूक कर रहा जिला प्रशासन

**सारंगढ़ बिलाईगढ़(विश्व परिवार)।** जिले के सभी मतदाताओं को जागरूक और मताधिकार का ज्यादा से ज्यादा उपयोग करने के उद्देश्य से कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री धर्मेश कुमार साहू के निर्देश पर परियोजना निदेशक पंचायत सह नोडल अधिकारी मतदाता जागरूकता अभियान श्री हरिशंकर चौहान के निर्देशन में जिले के गांवों शहरों के दीवारों पर नारा लेखन का कार्य किया जा रहा है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री धर्मेश कुमार साहू द्वारा गाँवङ्कगाँव में जमीनी स्तर पर आमजन को ज्यादा से ज्यादा मताधिकार के उपयोग के लिए जागरुक और प्रोत्साहित करने के निर्देश दिये गये है, जिसके तहत मैदानी अमलो द्वारा विभिन्न स्वीप गतिविधियाँ जिले में संचालित करते हुए लोगो को जागरुक किया जा रहा है और मतदाता सामूहिक शपथ का आयोजन भी किया जा रहा है। दीवारों में नारा लिखा गया, उनमें प्रमुख रूप से है। सोच समझकर बटन दबाना, बहकावे में कभी ना आना।। वोटर लिस्ट में नाम लिखायें, ईपिक कार्ड सभी बनवाएं।। मत देना अपना अधिकार, बदले में ना लो उपहार।। एक वोट से होती है जीत हार, वोट न कोई बेकार।।

### नक्सलियों ने 4 ट्रकों को किया आग के हवाले

**नारायणपुर(विश्व परिवार)।** नक्सली अपनी कायराना करतूत से बाज नहीं आ रहे हैं। आज फिर से नारायणपुर जिले में नक्सलियों ने 4 ट्रकों में आगजनी की है। घटना से इलाके में हड़कंप मच गया है। यह मामला छोटेडोंगर थाना क्षेत्र का है। मिली जानकारी के अनुसार, नारायणपुर ओरछा मार्ग पर छोटेडोंगर के बीच बस्ती में आत्मानंदन स्कूल के पास नक्सलियों ने की बीती रात आगजनी की वारदात को अंजाम दिया। जिन चार ट्रकों को नक्सलियों ने आग के हवाले किया है वह अमदई लौह अयस्क परिवहन की है। वहीं घटना के दौरान वाहन के चालक और परिचालक को नक्सली अपने साथ ले गये थे। जिसके कुछ देर बाद उन्हें छोड़ दिया। आगजनी के तुरंत बाद घटना स्थल पर जवानों ने कार्रवाई की। जिसके बाद नक्सली मौके से भाग निकले। इस घटना की पुष्टि नारायणपुर एएसपी रॉबिन्सन गुरिया ने की है।

### बल्डिंग से कुदकर युवक ने खुदकुशी

**बिलासपुर(विश्व परिवार)।** सरकण्डा थाना क्षेत्र अंतर्गत पाम इन्क्लेव कालोनी के दूसरी मंजिल के एक फ्लैट के बालकनी से कूदकर एक युवक ने आत्महत्या कर ली है। घटना शनिवार की सुबह 10 बजे के लगभग की है। घटना का वीडियो भी सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गया है, वही इस घटना की जानकारी लगते ही कालोनी में सनसनी फैल गई और पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुँची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया, वही परिजनों को इसकी सूचना दी गई। मृतक युवक की पहचान जशपुर जिले के बगीचा निवासी विपिन अग्रवाल 30 वर्ष के रूप में हुई है, वही यह भी जानकारी मिली है कि मृतक प्रॉपर्टी डीलिंग का काम करता था, घटना के वक्त क्या हुआ और युवक ने ऐसा क्यों किया इसकी जांच में पुलिस जुट गई है।

# व्यय प्रेक्षक, आशुतोष प्रधान ने चेक पोस्ट का किया अवलोकन

## लोकसभा निर्वाचन 2024 : व्यय लेखा दल, मीडिया मॉनिटरिंग सेल तथा आबकारी विभाग की अधिकारियों की ली बैठक



**दंतेवाड़ा(विश्व परिवार)।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत् भारत निर्वाचन आयोग द्वारा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र बस्तर (अजजा) के नियुक्त व्यय प्रेक्षक श्री आशुतोष प्रधान (आई.आर.एस. 2009) जिले के गीदम में स्थित चेक पोस्ट का आकस्मिक निरीक्षण किया और इन चेक पोस्ट में तैनात स्थैतिक निगरानी दलों के कार्यो की विस्तृत जानकारी ली और स्थैतिक निगरानी दलों को वाहनों का सघंन जांच करने के भी निर्देष दिये। इसके साथ ही व्यय प्रेक्षक श्री प्रधान ने उक्त स्थानों में जांच की गयी वाहनों की जानकारी, पंजीयन का संधारण इत्यादि का अवलोकन भी किया और सतर्तकता के साथ कड़ी निगरानी रखे जाने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये । इस के साथ ही उन्होंने व्यय लेखा दल मीडिया प्रमाणन एवं अनुवीक्षण समिति (स्न्नस्न्न) तथा आबकारी विभाग के अधिकारी की बैठक ली । बैठक में निर्वाचन व्यय प्रेक्षक ने अभ्यर्थियों के निर्वाचन व्यय संबंधी जानकारी नियमित तौर पर संधारित करने हेतु निर्देशित करते हुये कहां कि वाहन, रैली, सभा सहित प्रचार-प्रसार संबंधी सभी कार्यो के व्यय का लेखा-जोखा अनिवार्य रूप से रखे। इसके साथ ही निर्वाचन व्यय का लेखा मिलान किया जायेगा। इसके अलावा उनके द्वारा मीडिया प्रमाणन एवं अनुवीक्षण समिति (स्न्नस्न्न) के नोडल अधिकारी से मीडिया अनुवीक्षण संबंधी कार्यो एवं पेड न्यूज तथा आबकारी विभाग के द्वारा अवैध मदिरा एवं नशीले पदार्थों का आवाजाही रोकने हेतु किये जा रहे कार्यवाहियों की जानकारी ली । जिले के सभी सीमावर्ती आठ स्थानों - पातररास, गीदम, भांसी, नकुलनार, बड़ेसुरोखी, कटेकल्याण, बारसूर एवं फरसपाल में चेक पोस्ट बनाने के साथ-साथ वाहनों की सघंन निगरानी एवं जांच प्रारंभ हो गयी है स्थैतिक निगरानी दलों द्वारा प्रत्येक वाहन को रोककर नियमानुसार कार्यवाही की जा रही है इस क्रम में पातररास चेक पोस्ट पर कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी के वाहन की भी निगरानी दल द्वारा रोककर जांच की गयी। इस दौरान कलेक्टर दौरे पर जा रहे थे, ज्ञात हो कि कलेक्टर द्वारा बैठकों में निर्देशित किया गया है कि चेक पोस्टो में सभी प्रकार के वाहनों को निगरानी प्रक्रिया के तहत् सघंन जांच किया जाये। इस प्रकार सभी चेक पोस्टों में स्थैतिक निगरानी दल द्वारा कड़ी चौकसी के साथ निगरानी की जा रही है। लोकसभा निर्वाचन-2024 के तहत् पुलिस प्रेक्षक श्री राम किशुम (आई.पी.एस. 2010) के द्वारा जिले के डाईट परिसर में स्थित स्ट्रांग रूम में मूलभुत व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया।

# कांग्रेस जो कहती है उसे पूरा भी करती है : ज्योत्सना चरणदास महंत

**सरकारी नौकरियों में महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण देगी कांग्रेस सरकार**



**कोरबा(विश्व परिवार)।** कोरबा लोकसभा की सांसद व कांग्रेस प्रत्याशी ज्योत्सना चरणदास महंत ने रामपुर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम चुईया, भटगांव, सराईपाली, परसाखोला, मुड़धोआ, रोकबहरी, बेलाकछार, बेला, दोंदरो का दौरा किया व बैठक ली। गांवों में पहुंचने पर सांसद का ग्रामीणों एवं खासकर महिलाओं के द्वारा परंपरागत आत्मीय स्वागत किया गया। ज्योत्सना महंत ने लोकसभा चुनाव में सभी मतदाताओं को अनिवार्य रूप से मतदान करने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी जो कहती है उसे पूरा भी करती है। देश के लिए कांग्रेस के नेताओं ने अपने प्राण भी न्यौछावर किए इसके बारे में सबको पता है। इस पार्टी को देश की जनता आगे बढ़ा रही है। सांसद ने कहा कि कांग्रेस की सरकार छत्तीसगढ़ में बनते ही 2 घंटे के भीतर किसानों का पूरा कर्जा माफ किया गया। बिजली बिल हाफ करने की योजना का क्रियान्वयन व इसका लाभ तुरंत मिलना शुरू हुआ। उन्होंने कहा कि देश में कांग्रेस की सरकार बनने पर गरीब परिवार की महिलाओं को नारी न्याय गारंटी योजना में हर महिने 8333 रुपए दिया जाएगा। सरकारी नौकरियों में महिलाओं के लिए 50 प्रतिशत आरक्षण लागू करेंगे। युवाओं के लिए 30 लाख सरकारी पदों पर तत्काल स्थायी नियुक्ति की गारंटी हम दे रहे हैं। किसानों के लिए विशेष कानून भी हम पारित करेंगे। इन सबके लिए हमें कांग्रेस को चुन कर सरकार बनाना है। उपस्थित लोगों ने कांग्रेस के पक्ष में समर्थन देने की बात दोहराई। जनसंपर्क के दौरान शशिकला पाण्डेय, पीसीसी के संयुक्त सचिव हसन अली, फरियाद अली, जनपद सदस्य बलराम साहू सहित अन्य कांग्रेस के पदाधिकारी व कार्यकर्ता सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### देवी मंदिरों में चैत्र नवरात्र पर्व की तैयारी शुरू

**कोरबा(विश्व परिवार)।** नगर पंचायत पाली के साथ ही आसपास के देवी मंदिरों और देव स्थलों में चैत्र नवरात्र पर्व की तैयारी शुरू हो गई है। नवरात्र 9 से 16 अप्रैल तक मनाया जाएगा। धार्मिक पर्यटन स्थल चैतुरगढ़ स्थित मां महिषासुर मर्दिनी देवी मंदिर में मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलित किए जाएंगे। यहां हवन-पूजन, भजन-कीर्तन और भोग-भंडारा का भी आयोजन होता है। मंदिर ट्रस्ट का चुनाव होने के बाद इस बार तैयारी जोर-शोर से की जा रही है। इसके अलावा मुख्य मार्ग स्थित शक्ति दाई मंदिर, महामाया देवालय, काली मंदिर मादन, ठाकुर देव स्थल पटेलपारा, बड़ा देव शक्ति स्थल, जलाराम मंदिर में भी नवरात्र पर्व की तैयारी की जा रही है। मंदिरों का रंग-रोगन के साथ साज-सज्जा भी की जा रही है। ग्राम मुनगाडीह, वन देवी चेपा रानी, महामाया मंदिर चैतमा, दुर्गा मंदिर पोड़ी, काली महामाया मंदिर लाफा में भी तैयारी की जा रही है।

## कलेक्टर ने निर्माणाधीन कार्यो का किया औचक निरीक्षण

**गरियाबंद(विश्व परिवार)।** कलेक्टर श्री दीपक कुमार अग्रवाल ने नगर पालिका परिषद गरियाबंद के अंतर्गत पूर्ण-अपूर्ण, प्रगतिरत, निर्माण कार्यो का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सिविल लाईन स्थित उद्यान विकास कार्य, सांई उद्यान में पुष्पवाटिका निर्माण कार्य अंतर्गत लेंड स्केपिंग, प्ले एरिया विकास कार्य, सोलर लाइट, शौचालय, जल प्रदाय व्यवस्था, बाउंड्रीवाल एवं गेट निर्माण, गजिबों निर्माण, इंडोर स्टेडियम का समतलीकरण एवं हाई लाइट मास्क लगाने, महरीन डबरी, छिंद तालाब, नया तालाब एवं रावनभाठा स्थित तालाब का सौंदर्यीकरण के कार्यो का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि सभी स्थलों का साफ-सफाई नियमित रूप से कराएं। सिविल लाईन स्थित गार्डन में अनावश्यक पड़े मलबा को हटाये तथा गार्डन के भीतर चारों ओर अच्छे से गार्डनिंग करें एवं मैदान पर हरे घास लगाएं। सांई उद्यान में स्वीकृत निर्माण कार्यो को शुरू कराये। छिंद तालाब, नया तालाब एवं रावनभाठा स्थित तालाब के सौंदर्यीकरण के कार्यो में और तेजी लाएं। केशोडार मार्ग स्थित रीपा के अंतर्गत बनाए जा रहे दुकान निर्माण कार्यो का अवलोकन करते हुए कहा कि इन निर्माण कार्यो को जल्द से जल्द पूरा करें। इसके अलावा उन्होंने फुटकर व्यवसायी के लिए बनाए गये पौनी - पसारी की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि जिन ठेकेदारों द्वारा निर्माण कार्यो में लापरवाही बरती जाती है तो संबंधित ठेकेदारों के खिलाफ नोटिस जारी करें।

## विधायक रोहित साहू ने फीता काट कर किया सूरज कंप्यूटर प्रशिक्षण केंद्र का शुभारंभ



**गरियाबंद(विश्व परिवार)।** पांडुका क्षेत्र के अंतर्गत लगातार 3 वर्षों से अपनी सेवा प्रदान कर रहे हैं सूरज कंप्यूटर प्रशिक्षण केंद्र का नई तकनीक एवं साज सज्जा के साथ चारोधाम चौक पांडुका में पुन:शुभारंभ हुआ।इस अवसर पर राजिम विधानसभा क्षेत्र के विधायक रोहित साहू ने फीता काटकर शुभारंभ किया एवं क्षेत्र वासियों को बधाइयां दी। श्री साहू ने कहा कि आज के युग में शिक्षा के साथ कंप्यूटर की शिक्षा भी बहुत जरूरी है।जो कार्य को आसान बनाता है।कम्प्यूटर के बिना अब जीवन मे कार्यों की कल्पना नही है,चाहे व्यवसाय हो या नौकरी एवं स्वरोजगार सभी के लिए कंप्यूटर का ज्ञान होना अत्यंत आवश्यक है।इस मौके पर प्रशिक्षण केंद्र के डायरेक्टर सूरज सिन्हा ने बताया की सेंटर का मुख्य उद्देश्य युवाओं को व्यवसायिक प्रशिक्षण देना है जिससे वे डिजिटल भारत से जुड़कर रोजगार हासिल कर सके।प्रशिक्षक हिरेन्द्र साहू ने कहा की लगातार 3 वर्षों से सफ्लतापूर्वक संचालित प्रशिक्षण केंद्र से कई छात्र छात्राओं ने डिजिटल भारत से जुड़ते हुए रोजगार और स्वरोजगार प्राप्त किया है।

## एचटीपीपी कर्मियों ने कबाड़ से बनाया विक्रम लैंडर व साइलो माडल सुंदर कलाकृति प्रतियोगिता में विजेताओं को किया गया पुरस्कृत




**कोरबा(विश्व परिवार)।** संरक्षा विभाग हसदेव ताप विद्युत गृह कोरबा पश्चिम (एचटीपीपी) के तत्वावधान में संयंत्र में मौजूद अपशिष्ट पदार्थों (स्क्रैप मटेरियल) को सुंदर कलाकृति का स्वरूप प्रदान कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। इस अवसर पर संयंत्र के अधिकारी-कर्मचारियों ने अपने रचनात्मक कौशल का प्रदर्शन कर एक से बढ़कर एक सुंदर कलाकृति निर्मित की। इसमें चंद्रयान उपग्रह के साथ विक्रम लैंडर एवं प्रज्ञान रोवर, प्रगति चक्र, कैनन द प्राइड, स्वदेश निर्मित हल्के लड़ाकू विमान - तेजस के प्रोटोटाइप लोगों के आकर्षण का केंद्र रहा। इसके साथ ही संयंत्र की 500 मेगावाट विस्तार इकाई में स्थित ऐश हैंडलिंग प्लांट के साइलो माडल, रिले टेस्ट बोर्ड, हाट एयर सर्कुलेशन लैंप, अलंकारी सामग्रियों, सुरक्षित कामगार, सुरक्षित पर्यावरण पर आधारित प्रदर्शनी के साथ ही बरगद के वृक्ष, सूरजमुखी के पौधे एवं बैल गाड़ी की प्रतिकृति द्वारा देश की ग्रामीण अर्थव्यवस्था का सुंदर एवं सजीव चित्रण किया गया। प्रतियोगिता के निर्णायकों में सुधीर रेगे (सेवानिवृत्त, मुख्य अभियंता, सीएसईबी), नलिनी राव सिविल अभियंता, सस्टेनेबिलिटी प्रोजेक्ट, सिंगापुर, मधुलिका दबे प्रबंधक, पावर ग्रिड, बिलासपुर द्वारा चंद्रयान-तीन एवं स्टीम टर्बाइन माडल के लिए संयंत्र के टरबाइन मेंटेनेंस डिपार्टमेंट - एक एवं तीन को संयुक्त रूप से प्रथम स्थान, प्रगति चक्र, कैनन द प्राइड एवं सूरजमुखी की घूमती प्रतिकृति के लिए बायलर मेंटेनेंस डिपार्टमेंट-दो, इलेक्ट्रिकल एंड टेस्टिंग डिपार्टमेंट- एक एवं ऐश हैंडलिंग डिपार्टमेंट- एक को संयुक्त रूप से द्वितीय स्थान तथा लाइट काम्बैट एयरक्राफ्ट- तेजस के लिए ऐश हैंडलिंग डिपार्टमेंट- दो को तृतीय स्थान प्रदान किया गया।

### बच्चों की अश्लील फोटो पोस्ट करने वालों पर अब होगी सख्ती

**मुंगेली(विश्व परिवार)।** मुंगेली पुलिस ने विभिन्न सोशल मीडिया साइट्स फेसबुक, इंस्टाग्राम, गूगल प्लेटफॉर्म पर बच्चों से सबंधित अश्लील फोटो, वीडियो और अन्य कंटेंट पोस्ट करने वालों पर बड़ी कार्रवाई की है. जिले के कई थानों में 11 आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है. साथ ही मामले के कई आरोपियों को गिरफ्तार भी किया गया है। बता दें कि एनसीआरबी नई दिल्ली से प्राप्त साइबर टिपलाइन रिपोर्ट पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक गिरिजा शंकर जायसवाल ने कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे. जिसके बाद आईटी एक्ट के तहत 17 मामले में अपराध दर्ज किया गया है. जानकारी के अनुसार, थाना सिटी कोतवाली मुंगेली में 5 प्रकरण, थाना लोरमी में 6 प्रकरण, थाना पथरिया में 4 प्रकरण और थाना लालपुर में 2 मामले दर्ज किए गए हैं.

## व्यापार समाचार

### विश्व इडली दिवस : स्विगी यूजर ने एक साल में इडली पर खर्च किए 7.3 लाख रुपये

**नई दिल्ली( एजेंसी )।** ऑनलाइन फूड डिलीवरी प्लेटफॉर्म स्विगी ने 'विश्व इडली दिवस' के अवसर पर बताया कि उसके एक हैदराबाद यूजर ने पिछले 12 महीनों में 7.3 लाख रुपये के इडली का ऑर्डर दिया। कंपनी ने एक बयान में कहा कि इडली ऑर्डर करने का सबसे व्यस्त समय सुबह 8 बजे से 10 बजे के बीच है। बेंगलुरु, हैदराबाद, चेन्नई, कोयंबटूर और मुंबई सहित कई शहरों के उपभोक्ता भी रात के खाने के दौरान इडली का आनंद लेते हैं। बेंगलुरु, हैदराबाद और चेन्नई टॉप-3 शहरों के रूप में उभरे, जहां इडली का सबसे ज्यादा ऑर्डर किया जाता है। इसके बाद मुंबई, पुणे, कोयंबटूर, दिल्ली, विजाग, कोलकाता और विजयवाड़ा हैं। सभी शहरों में प्लेन इडली को ज्यादा पसंद किया गया। स्विगी ने कहा, बेंगलुरु में रवा इडली खास तौर से लोकप्रिय है, जबकि घी/नेयी करम पोडी इडली तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में पसंद की जाती है। थट्टे इडली और मिनी इडली को भी शहरों में इडली के ऑर्डर के बीच रेगुलर स्पॉट्स मिले है। मसाला डोसा के बाद इडली दूसरा सबसे ज्यादा ऑर्डर किए जाने वाला ब्रेकफास्ट आइटम है। ऑनलाइन फूड डिलीवरी प्लेटफॉर्म के अनुसार, इडली के लिए प्रसिद्ध टॉप-5 रेस्तरां बेंगलुरु में आशा टिफिन्स, बेंगलुरु और चेन्नई में ए2बी- अडयार आनंद भवन, हैदराबाद में वरलक्ष्मी टिफिन्स, चेन्नई में श्री अक्षयम और बेंगलुरु में वीणा स्टोर्स हैं।

### सरकार ने शुरू की सात महत्वपूर्ण खनिज ब्लॉकों की ई-नीलामी की तैयारी

**नई दिल्ली( एजेंसी )।** खान मंत्रालय ने सात महत्वपूर्ण खनिज ब्लॉकों की ई-नीलामी की तैयारी शुरू कर दी है। बोली लगाने के लिए निविदा दस्तावेजों की बिक्री की अंतिम तिथि 16 मई और दस्तावेज़ जमा करने की अंतिम तिथि 21 मई तय की गई है। मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि ये सात ब्लॉक उन 11 ब्लॉकों का हिस्सा हैं, जिनकी नीलामी पहले रद्द कर दी गई थी। इसके अलावा, 18 ब्लॉकों के लिए किश्त दो के तहत ई-नीलामी प्रक्रिया भी जारी है। निविदा दस्तावेज़ की बिक्री की अंतिम तिथि 10 मई, 2024 है और बोली जमा करने की अंतिम तिथि 15 मई है। मंत्रालय ने यह भी कहा कि छह ब्लॉकों के लिए ई-नीलामी का दूसरा दौर तय कार्यक्रम के अनुसार पूरा हो चुका है। गुजरात के कुंडोल निकेल और क्रोमियम ब्लॉक पर निर्णय नामित अधिकारी द्वारा उचित समय पर लिया जाएगा। लिथियम, क्रोमियम, निकल, ग्रेफाइट, कोबाल्ट, टाइटेनियम और दुर्लभ पृथ्वी तत्व (आरईई) जैसे महत्वपूर्ण खनिज भारत के आर्थिक विकास और राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए आवश्यक हैं। वर्तमान में, इन खनिजों के उत्पादन पर चीन जैसे कुछ देशों का प्रभुत्व है। महत्वपूर्ण खनिज इलेक्ट्रॉनिक्स, इलेक्ट्रिक वाहन, नवीकरणीय ऊर्जा, रक्षा, उच्च तकनीक दूरसंचार, कृषि, फार्मास्युटिकल और गीगाफैक्ट्री के निर्माण जैसे क्षेत्रों की जरूरतों को पूरा करते हैं। देश में अभी इन खनिजों की मांग मुख्य रूप से आयात से पूरी होती है। दुनिया की भविष्य की अर्थव्यवस्था उन प्रौद्योगिकियों पर आधारित होगी, जो इन महत्वपूर्ण खनिजों पर निर्भर हैं। भारत 2030 तक गैर-जीवाश्म स्रोतों से 50 प्रतिशत विद्युत उत्पादन क्षमता हासिल करने के लिए प्रतिबद्ध है। इलेक्ट्रिक कारों, पवन व सौर ऊर्जा परियोजनाओं और बैटरी भंडारण प्रणालियों की मांग को देखते हुए इन महत्वपूर्ण खनिजों की मांग बढ़ेगी।

### विदेशी मुद्रा भंडार ने लगातार दूसरे सप्ताह बनाया नया रिकॉर्ड

**मुंबई( एजेंसी ) ।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार लगातार पांचवें सप्ताह बढ़ता हुआ 642.631 अरब डॉलर के ऐतिहासिक स्तर पर पहुंच गया। आरबीआई के आंकड़ों के अनुसार, समीक्षाधीन सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार 14 करोड़ डॉलर बढ़ गया। यह वृद्धि सोने के भंडार का मूल्य बढ़ने के कारण है जो विदेशी मुद्रा भंडार का हिस्सा है। इसमें 34.7 करोड़ डॉलर की बढ़ोतरी हुई है। हालांकि, सप्ताह के दौरान विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति में 12.3 करोड़ डॉलर की गिरावट आई। इससे पहले 15 मार्च को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार 642.492 अरब डॉलर के रिकॉर्ड स्तर पर रहा था। विदेशी मुद्रा भंडार में वृद्धि से आरबीआई को रुपये के अस्थिर होने पर उसे स्थिर करने के लिए अधिक गुंजाइश मिलती है। ऐसा इसलिए क्योंकि आरबीआई रुपये को भारी गिरावट से बचाने के लिए अधिक डॉलर जारी करके हाजिर और वायदा मुद्रा बाजारों में हस्तक्षेप करता है। इसके विपरीत, विदेशी मुद्रा भंडार में गिरावट से आरबीआई के पास रुपये को सहारा देने के लिए बाजार में हस्तक्षेप करने के लिए कम विकल्प बचता है। विदेशी मुद्रा भंडार पर अच्छी खबर फरवरी में निर्यात के 11 महीने के उच्चतम स्तर पर पहुंचने और व्यापार घाटे में गिरावट के कारण भी आई है। यह देश के बाहरी संतुलन के मजबूत होने का संकेत देता है जो आगे चलकर रुपये के लिए शुभ संकेत है।

### पाकिस्तान के सीमित ओवरों के कप्तान बने बाबर आज़म

**लाहौर( एजेंसी )।** बाबर आज़म एक बार फिर पाकिस्तान के कप्तान बन गए हैं। बाबर सीमित ओवरों में पाकिस्तान की कमान संभालेंगे। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने बाबर को कप्तानी सौंपे जाने की घोषणा कर दी है। कुछ ही दिन पहले ईएसपीएन क्रिकइंफो ने अपनी रिपोर्ट में बताया था कि जल्द ही दोबारा बाबर की कप्तान के पद पर ताजपोशी हो सकती है। कप्तान के पद पर बाबर की नियुक्ति का मतलब है कि शाहीन शाह आफरीदी अब पाकिस्तान के टी20 कप्तान नहीं हैं। वह एक ही सीरीज़ में पाकिस्तान का नेतृत्व कर पाए। पीसीबी ने अपने एक्स हैंडल पर पोस्ट करते हुए कहा, चयन समिति की सिफ़ारिश पर पीसीबी चेयरमैन मोहसिन नक़वी ने बाबर आज़म को पाकिस्तान की पुरुष क्रिकेट टीम के सीमित ओवरों का कप्तान नियुक्त किया है। न्यूज़ीलैंड के ख़िलाफ़ टी20 श्रृंखला में पाकिस्तान को 1-4 से हार झेलनी पड़ी थी जबकि पीएसएल में आफरीदी की कप्तानी में उनकी टीम लाहौर कलंदर्स 10 में से सिर्फ़ एक मैच ही जीत पाई, इसके बाद से ही उनकी कप्तानी पर तलवार लटक रही थी।

# संजय सेन ने तथाकथित विदेशी कोचों पर साधा निशाना



**नई दिल्ली( एजेंसी )।** इस हफ्ते की शुरुआत में गुवाहाटी में 2026 फीफा विश्व कप क्वालीफायर में अफगानिस्तान के खिलाफ ब्लू टाइगर्स की चौंकाने वाली हार के बाद भारतीय पुरुष फुटबॉल टीम के कोच इगोर स्टिमैक को हटाने की मांग बढ़ रही है, एक पूर्व शीर्ष कोच ने क्रोएशियाई विश्व कप खिलाड़ी को बर्खास्त करने की आवाज उठाई है। एशियाई खेलों और एएफसी एशिया कप में लगातार खराब प्रदर्शन के बाद स्टिमैक की आलोचना हो रही है, इसके बाद आभा, सऊदी अरब में 158वीं रैंकिंग वाले अफगानिस्तान के खिलाफ गोल रहित ड्रा और 26 मार्च को रिटर्न लेग में गुवाहाटी में 1-2 से हार मिली। 2018-19 में आईएसएल क्लब एटीके के पूर्व तकनीकी निदेशक संजय सेन (63), जो बाद में टीम के सहायक कोच बने, ने स्टिमैक के खिलाफ पूरी तरह से हमला बोलते हुए कहा, भारतीय फुटबॉल उनकी मदद से एक इंच भी आगे नहीं बढ़ पाया है। सेन ने कहा, मोहन बागान को 13 साल बाद 2014-15 आई-लीग खिताब दिलाने वाले सेन ने हाल के मैचों में राष्ट्रीय टीम की हार के लिए क्रोएशियाई कोच को जिम्मेदार ठहराया। सेन ने कहा, अगर स्टिमैक की जगह कोई भारतीय कोच होता, तो वह बहुत पहले ही अपनी नौकरी खो देता। यह सब हमारे द्वारा विदेशी कोचों को खुश करने के कारण है। यह सोचकर कि भारत को एक विदेशी कोच से क्या हासिल हुआ, सेन ने कहा, मुझे नहीं पता कि हमें मिला या नहीं। क्या फुटबॉल का स्तर सुधर गया है? मुझे नहीं पता। मेरी मामूली समझ में, मुझे लगता है कि भारतीय फुटबॉल इन तथाकथित विदेशी कोचों की मदद से एक कदम भी आगे नहीं बढ़ पायी है, चाहे वह स्टीफन कॉन्सटेंटाइन हों, या इगोर स्टिमैक। मुझे यह भी लगता है कि बॉब हॉटन के बाद कोई भी सक्षम विदेशी कोच भारत नहीं आया है। यदि हम अंतर्राष्ट्रीय फुटबॉल को देखें, तो अधिकांश टीमों के पास अपना राष्ट्रीय कोच होता है। जर्मन दिग्गज जुर्गन क्लिंसमैन जैसे कद के कोच के साथ एशिया कप के सेमीफाइनल में दक्षिण कोरिया जॉर्डन से हार गया। जो लोग हमारे फुटबॉल का संचालन कर रहे हैं और दुनिया भर में यात्रा कर रहे हैं, वे भी इसे देख रहे हैं। हालांकि सेन को यकीन नहीं है कि भारतीय कोच के तहत टीम ने बेहतर प्रदर्शन किया होता, लेकिन उन्हें यकीन है कि उनका प्रदर्शन खराब नहीं होगा। सेन ने कहा, मैं इतना कह सकता हूं कि हम विदेशी कोचों पर अब जितना खर्च कर रहे हैं, उससे कम खर्च करके हमने इससे बुरा प्रदर्शन नहीं किया होता। उन्होंने इस गड़बड़ी के लिए अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) को भी जिम्मेदार ठहराया क्योंकि वही विदेशी कोचों की भर्ती कर रहे हैं।

## कोलिन्स ने रिबाकिना को अपदस्थ कर मियामी ओपन का खिताब जीता



**फ्लोरिर्डा( एजेंसी )।** गैरवरीय अमेरिकी डेनिएल कोलिन्स ने डब्ल्यूटीए 1000 मियामी ओपन जीतने के लिए नंबर 4 वरीयता प्राप्त एलेना रिबाकिना को 7-5, 6-3 से अपदस्थ कर अपने करियर का सर्वोच्च स्तर का खिताब हासिल किया। दोनों खिलाड़ियों द्वारा पावर हिटिंग के 2 घंटे और 2 मिनट के जबरदस्त प्रदर्शन में, 30 वर्षीय कोलिन्स ने अपने करियर का तीसरा डब्ल्यूटीए एकल खिताब, अपना पहला डब्ल्यूटीए 1000 खिताब और 2021 से किसी स्तर पर अपना पहला खिताब अपने नाम किया। उसने अपने पिछले 21 मैचों में से 17 में जीत हासिल की और शनिवार रात की जीत के साथ, अमेरिकी अगले सप्ताह तक विश्व में 22वें नंबर पर पहुंच जाएगी। कोलिन्स 2018 में स्लोएन स्टीफंस के बाद मियामी ओपन खिताब जीतने वाली पहली अमेरिकी महिला बनीं। वह मार्टिना नवरातिलोवा, क्रिस एवर्ट, तीन बार की चैंपियन वीनस विलियम्स, आठ बार की चैंपियन सेरेना विलियम्स और स्टीफ़ंस के बाद ताज जीतने वाली कुल मिलाकर छठी अमेरिकी महिला बन गई हैं। उन्होंने ऑफ-कोर्ट स्वास्थ्य समस्याओं के कारण इस सीज़न के अंत में संन्यास लेने का अपना निर्णय बरकरार रखा है। उन्होंने पेशेवर टेनिस से अपनी विदाई की कोई तारीख तय नहीं की है और कम से कम यूएस ओपन तक खेलने की योजना बना रही हैं। कोलिन्स ने टूर्नामेंट वेबसाइट से कहा,आज बाहर जाना और प्रशंसकों से मुझे जो ऊर्जा महसूस हुई और सचमुच ऐसा महसूस हुआ कि मैं अपने हजारों सबसे अच्छे दोस्तों के सामने खेल रही हूं, यह अद्भुत था, यह बिल्कुल अवास्तविक था। मैं इस दिन को कभी नहीं भूलूंगी।

## लापता पैरा बैडमिंटन खिलाड़ी प्रशांत सिन्हा की सड़ी-गली लाश बरामद

**प्रेमिका ने दोस्त के साथ मिलकर की हत्या**



**हजारीबाग( एजेंसी )।** जमशेदपुर निवासी इंटरनेशनल पैरा बैडमिंटन खिलाड़ी 38 वर्षीय प्रशांत कुमार सिन्हा की हत्या हजारीबाग में उनकी गर्लफ्रेंड काजल सिन्हा ने अपने नए प्रेमी रौनक कुमार के साथ मिलकर कर दी। इसके बाद उनकी लाश बोरी में बंद कर शहर से तीन किमी दूर छड़वा डैम में एक पुल के नीचे फेंक दी। शनिवार शाम पुलिस ने काजल की निशानदेही पर प्रशांत की सड़ी-गली लाश बरामद की। काजल और उसके प्रेमी रौनक को गिरफ्तार कर लिया गया है। प्रशांत कुमार सिन्हा ने इंटरनेशनल पैरा बैडमिंटन प्रतियोगिताओं में भारत का प्रतिनिधित्व किया था। वर्ष 2023 में उन्होंने थाईलैंड में आयोजित इंटरनेशनल प्रतियोगिता में भी देश की ओर से भाग लिया था। वह सेरेब्रल पाल्सी से पीड़ित थे, लेकिन उनकी पहचान बैडमिंटन के एक शानदार खिलाड़ी के रूप में थी। प्रशांत 11 मार्च से जमशेदपुर के बिरसानगर स्थित अपने घर से लापता थे। उनके परिजनों ने 13 मार्च को उनकी गुमशुदगी की रिपोर्ट थाने में लिखाई थी। बाद में उन्होंने 22 मार्च को प्रशांत के अपहरण की आशंका जताते हुए एफआईआर दर्ज कराई और हजारीबाग की काजल सिन्हा पर संदेह जताया। जमशेदपुर और हजारीबाग की पुलिस ने शनिवार शाम काजल सिन्हा को हिरासत में लेकर पूछताछ की, तो मामले का खुलासा हुआ। काजल ने पुलिस को बताया कि वर्ष 2019 में उसकी दोस्ती प्रशांत से हुई थी। प्रशांत दिव्यांग थे, लेकिन उनके पास अच्छा-खासा पैसा था।

## साइबर हमलों से निपटने के लिए केवल 4 प्रतिशत भारतीय कंपनियां ही तैयार!




**नई दिल्ली( एजेंसी )।** एक नई रिपोर्ट से यह बात सामने आई है कि भारत में केवल 4 प्रतिशत कंपनियों के पास ही साइबर सुरक्षा जोखिमों से निपटने की तैयारी है। सिस्को के 2024 साइबर सिक्योरिटी रेडीनेस इंडेक्स में कहा गया, साइबर हमलों से निपटने के लिए कंपनियों की तैयारी महत्वपूर्ण है। 82 प्रतिशत उत्तरदाताओं का मानना है कि अगले 12 से 24 महीनों में उनके कंपनियों की साइबर सुरक्षा में सेंध लग सकती है। वहीं 88 प्रतिशत कंपनियां अभी भी अपने मौजूदा बुनियादी ढांचे के साथ साइबर हमले से बचाव करने की अपनी क्षमता में आश्वस्त महसूस करती हैं। सिस्को में सुरक्षा और सहयोग के महाप्रबंधक जीतू पटेल ने कहा, हम साइबर हमलों से निपटने के अपने आत्मविश्वास से आने वाले खतरे को कम नहीं आंक सकते। जीतू पटेल ने कहा, आज के समय में कंपनियों को एकीकृत प्लेटफार्मों में निवेश को प्राथमिकता देने के लिए एआई पर काम करने की जरूरत है। वैश्विक स्तर पर लगभग सभी (99 प्रतिशत) कंपनियों को अगले 12 महीनों में अपने साइबर सुरक्षा बजट में वृद्धि की उम्मीद है। लगभग 71 प्रतिशत कंपनियां अगले 12 से 24 महीनों में अपने आईटी बुनियादी ढांचे को महत्वपूर्ण रूप से उन्नत करने की योजना बना रही हैं। सिस्को इंडिया और सार्क के सुरक्षा व्यवसाय के निदेशक समीर कुमार मिश्रा ने कहा, कंपनियों को उभरते खतरों से निपटने के लिए साइबर सुरक्षा रणनीति के हिस्से के रूप में एआई को फ्रंटलाइन में रखना होगा, ताकि उभरते खतरों के खिलाफ उनकी सुरक्षा को मजबूत किया जा सके।

### जोमैटो को कर मांग को लेकर नोटिस




**नयी दिल्ली( एजेंसी )।** ऑनलाइन ऑर्डर देकर खाना मंगाने की सुविधा देने वाले मंच जोमैटो को कर अधिकारियों से 23.26 करोड़ रुपये की कर मांग का नोटिस मिला है। इसमें ब्याज और जुर्माना शामिल है। कंपनी ने कहा कि वह आदेश के खिलाफ उपयुक्त प्राधिकार के समक्ष चुनौती देगी। जोमैटो ने बीएसई को दी सूचना में कहा, ''कंपनी को वित्त वर्ष 2018-19 के लिए सहायक वाणिज्यिक कर आयुक्त (ऑडिट), कर्नाटक से 11,27,23,564 करोड़ रुपये की जीएसटी (वस्तु एवं सेवा कर) मांग को लेकर नोटिस मिला है। इस पर ब्याज और जुर्माने के साथ यह 23,26,64,271 रुपये बैठता है।'' कंपनी ने कहा, ''हमारा मानना ??है कि गुण-दोष के आधार पर हमारा मामला मजबूत है और कंपनी उचित प्राधिकार के समक्ष आदेश के खिलाफ अपील करेगी।

## इंडिगो ने छत्तीसगढ़ में विस्तार किया; जगदलपुर से उड़ान शुरू की

**नईदिल्ली ( एजेंसी )।** भारत के पसंदीदा कैरियर, इंडिगो ने अपने 6श्च नेटवर्क में जगदलपुर को शामिल कर लिया है। यह देश में 87वाँ और विश्व में 120वाँ स्थान बन गया है, जहाँ इंडिगो की उड़ान सेवा उपलब्ध है। इंडिगो ने 31 मार्च, 2024 से हैदराबाद और 01 अप्रैल, 2024 से रायपुर के लिए अपनी उड़ान सेवा शुरू कर दी है। इस महत्वपूर्ण लॉन्च से अंतरराज्यीय पहुँच बढ़ेगी, और क्षेत्र में आर्थिक विकास आएगा, तथा यात्रियों को आगामी गर्मियों के दौरान उड़ान के ज़्यादा विकल्प मिल सकेंगे। इंडिगो के हेड, ग्लोबल सेल्स, श्री विनय मल्होत्रा ने कहा, हमें जगदलपुर से अपनी उड़ान सेवा शुरू करने की खुशी है। जगदलपुर को वाणिज्यिक एवं सांस्कृतिक केंद्रों, हैदराबाद और रायपुर से जोड़ने वाले इन नए मार्गों से पर्यटन और व्यापार बढ़ेगा तथा देश के अन्य हिस्सों तक पहुँच का विस्तार होगा। अब ग्राहक देश में अपने पसंदीदा स्थानों की यात्रा कर सकेंगे और हैदराबाद से होते हुए अंतरराष्ट्रीय स्थानों पर भी जा सकेंगे। भारत के अग्रणी कैरियर के रूप में, हम ग्राहकों को अपने 6श्च नेटवर्क द्वारा सुगम कनेक्टिविटी और किफायती, ऑन-टाइम, विनम्र एवं सहज यात्रा का अनुभव प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। जगदलपुर छत्तीसगढ़ के बस्तर जिले में स्थित है। यह एक खूबसूरत शहर है जो अपनी प्राकृतिक सुंदरता एवं समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के लिए मशहूर है। यहाँ कई झरने, वन्यजीव अभयारण्य और प्राचीन मंदिर हैं, इसलिए यह एक लोकप्रिय पर्यटन स्थल है। सिटी ऑफ पर्ल्स, हैदराबाद में कई प्रसिद्ध ऐतिहासिक स्थल, जैसे चारमीनार, यूनेस्को एशिया प्रशांत विरासत स्थल, चौमहल्ला पैलेस और सालार जंग म्यूज़ियम हैं, जो दुनिया के सबसे बड़े निजी संग्रह वाले म्यूज़ियम्स में से एक है। अपने स्वादिष्ट व्यंजनों के लिए मशहूर हैदराबाद ग्लोबल आईटी केंद्र के रूप में भी उभर रहा है। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर स्टील के सबसे बड़े बाजारों में से एक है। इसका नाम देश के सबसे बड़े औद्योगिक केंद्रों में आता है। रायपुर में 200 से ज्यादा स्टील मिलें और छह स्टील प्लांट हैं। रायपुर में कई खूबसूरत झीलें, प्राचीन मंदिर और टेराकोटा उद्योग हैं। यहाँ की सांस्कृतिक विरासत बहुत समृद्ध है। रायपुर के सबसे आकर्षक पर्यटक स्थलों में महंत घासीदास मेमोरियल म्यूज़ियम, दूधाधारी मठ और मंदिर, महामाया मंदिर, हाजरा झरना, विवेकानंद सरोवर, केवल्य धाम, घटरनी वॉटरफॉल आदि शामिल हैं।

## यूएसवी प्राइवेट लिमिटेड ने हिमाचल प्रदेश के बद्दी में नई फैक्ट्रीर के साथ कार्डियोलॉजी सेगमेंट में अपनी स्थिति को मजबूत किया

**बद्दी ( एजेंसी )।** भारतीय मल्टीनेशनल हेल्थकेयर कंपनी यूएसवी ने हिमाचल प्रदेश के बद्दी में नए समर्पित मैन्युफैक्चरिंग प्लांट को खोलने की घोषणा की। इक्विया जनवरी 2023 के आंकड़ों के अनुसार यूएसवी प्रिसक्रिप्शन के माध्यम से दिल की बीमारियों के सेग्मेंट में अग्रणी है। नया समर्पित प्लांट इकोस्प्रिन एवी जैसे हाई-क्वॉलिटी, किफायती प्रॉडक्ट्स तक उपभोक्ताओं की पहुंच में सुधार करेगा और कार्डियोलॉजी सेग्मेंट में कंपनी के नेतृत्व की स्थिति को मजबूत करेगा। नए प्लांट के संचालन से यह प्रॉडक्ट अब मरीजों को सुविधा देते हुए ज्यादा पेशेंट फ्रेंडली पैक में मिलेगा। हमारे देश में युवा लोगों में दिल की बीमारियों के मामले बढ़ते जा रहे हैं। एस्प्रिन और एटोरवैस्टेटिन रोगियों को दिल की बीमारियों से बचाने और दिल की सेहत को ठीक रखने में प्रमुख भूमिका निभाती है। इस प्लांट का उद्घाटन यूएसवी के डायरेक्टठर श्री देवव्रत भादुड़ी ने किया। इस अवसर पर यूएसवी की चेयरपर्सन मिस लीना गांधी तिवारी के साथ प्रबंध निदेशक श्री प्रशांत तिवारी भी उपस्थित थे। फैक्ट्री के उद्घाटन पर मिस लीना गांधी तिवारी ने कहा, ﬗयह आधुनिक फैक्ट्री भारतीयों के दिल को सेहतमंद रखने के लिए रणनीतिक रूप से बेहद महत्वपूर्ण है। यह उन्हें किफायती दाम पर जीवनरक्षक क्वॉलिटी ब्रांड की दवाएं किफायती कीमत पर उपलब्ध कराती है।'' यूएसवी के प्रबंध निदेशक श्री प्रशांत तिवारी ने कहा, बद्दी में कंपनी की नई यूनिट क्वॉलिटी दवाओं को ऑफर कर मरीजों की जिंदगी बचाने की हमारी जिम्मेदारी में अमूल्य योगदान देगी। इस प्लांट में क्वॉलिटी कंट्रोल और प्रभावशीलता को बढ़ाने के लिए मैन्युफैक्चरिंग और चेकिंग के ऑटोमेटेड प्रोसेस में हाई-टेक मशीनरी और आधुनिक टेक्नोलॉजी का प्रयोग किया जाता है।

दैनिक
# विश्व परिवार महानगर

www.dvpnews.in
vishwapariwarraipur@gmail.com

रायपुर, मंगलवार 02 अप्रैल 2024

## आचार संहिता लागू होने के बाद 28 करोड़ की नगदी और वस्तुएं जब्त

**रायपुर (विसं)।** राज्य में लोकसभा आम निर्वाचन-2024 के लिए 16 मार्च को आदर्श आचार संहिता के प्रभावी होने के बाद से 31 मार्च तक की स्थिति में 28 करोड़ 34 लाख रुपए की अवैध धन राशि तथा वस्तुएं जब्त की गई हैं। इनमें 8 करोड़ 12 लाख रुपए की नगद राशि शामिल हैं। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय के अनुसार प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा निगरानी के दौरान विगत 31 मार्च तक 22 हजार 775 लीटर अवैध शराब जब्त की गई है, जिसकी कीमत 52 लाख रुपए है। साथ ही 1 करोड़ 52 लाख रुपए कीमत की 827 किलो अन्य नशीली वस्तुएं भी जब्त की गई हैं। सघन जाँच अभियान के दौरान 94 लाख रुपए कीमत के 23.15 किलोग्राम कीमती आभूषण तथा रत्न भी जब्त किए गए हैं।



## संक्षिप्त समाचार

### छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनी से एमडी मनोज खरे की भावभीनी विदाई



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी से प्रबंध निदेशक (डिस्ट्रीब्यूशन) श्री मनोज खरे को मुख्यालय विद्युत सेवाभवन में भावभीनी विदाई दी गई। कार्यक्रम में पॉवर जनरेशन कंपनी के एमडी श्री एस.के.कटियार, ट्रांसमिशन कंपनी के एमडी श्री राजेश शुक्ला ने उन्हें प्रमाण पत्र एवं प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया। इस अवसर पर सेवानिवृत्त प्रबंध निदेशक श्री मनोज खरे ने अपने कार्य अनुभव बताते हुए अपनी सफलता का श्रेय टीमवर्क को दिया तथा सेवायात्रा के दौरान अधिकारी-कर्मचारियों से मिले सहयोग के प्रति आभार व्यक्त किया। प्रबंध निदेशकगणों ने सेवानिवृत्त प्रबंध निदेशक श्री मनोज खरे की सेवाओं को अविभाजित मध्यप्रदेश से लेकर छत्तीसगढ़ राज्य तक प्रदेश के विद्युत विकास के लिए महत्वपूर्ण निरूपित करते हुए उनके योगदान की सराहना की तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम का संचालन करते हुए अतिरिक्त महाप्रबंधक (जनसंपर्क) श्री उमेश मिश्रा ने उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर संक्षेप में प्रकाश डाला।

### मतदान दलों का किया गया रेंडमाईजेशन

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** लोकसभा निर्वाचन-2024 के लिए आज कलेक्टोरेट परिसर स्थित रेडक्रास सभाकक्ष में मतदान दलों का रेंडमाईजेशन किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ गौरव कुमार सिंह, उप जिला निर्वावन अधिकारी श्री उमाशंकर बंदे सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

### सुशीला श्रीश्रीमाल का निधन



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** रवि नगर निवासी श्रीमती सुशीला श्रीश्रीमाल (धर्मपत्नी स्व. श्री शांतिलाल जी श्रीश्रीमाल, पुत्रवधु स्व सेठ नेमिचंद जी श्रीश्रीश्रीमाल) का निधन दिनांक 01.04.2024 को हो गया है। वे विजय, संजय, धीरेंद्र की माता जी थी। उनकी अंतिम यात्रा दिनाँक 2 अप्रैल 2024 को प्रात: 10.00 बजे रवि नगर निवास स्थान (श्री शिवम शो रूम के पास, पंडरी) से मारवाड़ी श्मशान घाट अंतिम संस्कार हेतु जाएगी।

# मोबाइल एप्स के जरिए मतदाताओं तक पहुंच रही है निर्वाचन संबंधी हर जानकारी

### नई तकनीकों ने बढ़ाई निर्वाचन प्रक्रिया में मतदाताओं की सहभागिता

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** निर्वाचन में सूचना प्रौद्योगिकी और नई तकनीकें अहम भूमिका निभा रही हैं। निर्वाचन प्रक्रिया में मतदाताओं की भागीदारी एवं सहभागिता बढ़ाने में सूचना प्रौद्योगिकी तकनीकों का महत्वपूर्ण योगदान है। भारत निर्वाचन आयोग नई तकनीकों और सूचना प्रौद्योगिकी का उपयोग निर्वाचन को और ज्यादा सुगम, निष्पक्ष तथा समावेशी बनाने में कर रहा है।

लोकतंत्र की मजबूती के लिए प्रत्येक नागरिक का जागरूक और सजग रहना जरूरी है। निर्वाचन आयोग द्वारा प्रौद्योगिकी आधारित मोबाइल एप्स विकसित कर उन्हें निर्वाचन प्रक्रिया का हिस्सा बनाया गया है। आयोग द्वारा विकसित विभिन्न मोबाइल एप्स के उपयोग से मतदाताओं की निर्वाचन प्रक्रियाओं में सहभागिता और सुविधा दोनो बढ़ी है।

वोटर हेल्पलाइन एप- वोटर हेल्पलाइन एप से मतदाता अपना मतदाता परिचय पत्र (एपिक) नम्बर डाल कर बहुत ही आसानी से अपने विधानसभा, पोलिंग बूथ एवं मतदाता सूची में सरल क्रमांक पता कर सकते हैं। यदि एपिक नंबर नहीं मालूम है तो मतदाता अपना विवरण जैसे कि नाम, रिश्तेदार का नाम, उम्र, लिंग एवं निर्वाचन क्षेत्र की जानकारी भरकर अपना नाम मतदाता सूची में खोज सकते हैं। यदि मतदाता का मोबाइल नंबर मतदाता सूची में पंजीकृत है तो मतदाता अपना ई-एपिक भी डाउनलोड कर सकता है। मोबाइल नम्बर रजिस्टर्ड न होने की स्थिति में आवश्यक सुधार के लिए आवेदन कर ई-एपिक भी डाउनलोड कर सकता है। इस एप के जरिए मतदाता अपना नाम जोड़ने, विलोपन, स्थानांतरण या संशोधन के लिए आवेदन भी कर सकते हैं।

वोटर हेल्पलाइन एप के माध्यम से मतदाता अपने निर्वाचन क्षेत्र सहित किसी भी अन्य क्षेत्र के प्रत्याशियों के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। इसके माध्यम से प्रत्याशी द्वारा नामांकन के दौरान प्रस्तुत शपथ पत्र भी देखा जा सकता है। इसके जरिए मतगणना दिवस को परिणाम की अधिकृत जानकारी भी देखी जा सकती है। इस एप से निर्वाचन सम्बन्धी शिकायत भी की जा सकती है।

सक्षम मोबाइल एप- इस एप के जरिए दिव्यांग मतदाताओं को निर्वाचन के दौरान आने वाली समस्याओं के समाधान करने का प्रयास किया गया है। आयोग ने सक्षम एप के रूप में दिव्यांगों के लिए एक वन स्टॉप साधन विकसित किया है। दिव्यांग मतदाता निर्वाचन प्रक्रिया में भाग लेने के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रदान की जा रही विभिन्न सुविधाओं का फायदा उठा सकते हैं। इस एप को गूगल प्ले स्टोर और एप्पल स्टोर से डाउनलोड किया जा सकता है। एप को उपयोगकर्ताओं के अनुकूल बनाने के लिए डिज़ाइन, ले-आउट, इंटरफ़ेस और सुविधाओं को बेहतर रूप दिया गया है। इसमें स्क्रीन रीडर, टेक्स्ट टू स्पीच सेवा, दृश्यता संवर्द्धन, रंग समायोजन जैसी सुविधाएं भी हैं। एप को दो-तरफ़ा इंटरैक्टिव प्लेटफ़ॉर्म के रूप में डिज़ाइन किया गया है।

सक्षम एप के जरिए पंजीकरण की प्रक्रिया से लेकर मतदान के दिन पिक एंड ड्रॉप सुविधा का लाभ उठाया जा सकता है। साथ ही दिव्यांगजन के रूप में चिन्हित करने के लिए अनुरोध, सुधार, प्रमाणीकरण, व्हील चेयर, सहायता, अपने मतदान केंद्र को जानें, बूथ लोकेटर, अपने उम्मीदवारों को जानें, शिकायतें दर्ज करें जैसी कई अन्य सुविधाएं भी इस एप में उपलब्ध हैं।

### सी-विजिल एप




इस एप के जरिए आम नागरिक निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की तस्वीर और वीडियो को सीधे निर्वाचन आयोग को भेज सकता है। निर्वाचन के दौरान अगर किसी भी नागरिक को यह दिखता है कि आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन हो रहा है तो वह इस एप पर अपनी शिकायत भेज सकता है। शिकायतकर्ता फोन पर सी-विजिल एप्लीकेशन डाउनलोड कर सीधे घटना की फोटो, वीडियो या आडियो अपलोड कर सकते हैं। मतदाता को रिझाने के लिए पैसे अथवा उपहार वितरण, भड़काऊ भाषण देने, बिना अनुमति बैनर-पोस्टर लगाने, मदिरा वितरण, बिना अनुमति सभाएं करने, अनाधिकृत सामग्री परिवहन, प्रचार के समय की समाप्ति के बाद सभा, मतदान केन्द्र के 200 मीटर के अंदर प्रचार जैसे मामलों की शिकायत इस एप के माध्यम से की जा सकती है।

## सड़क सुरक्षा, कैंसर से बचाव एवं मतदान जागरूकता वांकाथान



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** रायपुर शहर के मरीन ड्राइव तेलीबांधा तालाब परिसर में रविवार प्रात: 06 बजे से सड़क सुरक्षा,स्वास्थ्य संवर्धन कैंसर से बचाव एवं मतदान जागरूकता के लिए वांकाथान का आयोजन बालको मेडिकल सेंटर, लीड एजेंसी (सड़क सुरक्षा) स्टे फिट विथ मी ग्रुप, माई.एफ.एम., रिलायंस लाईफ सांईस मेफेयर, शिंराज, अजय पब्लिसिटी, मरविक, योगा इंस्टीटयूट सहित विभिन्न सामाजिक संगठनो के द्वारा किया गया। इस अवसर पर पारंपरिक रूप से आयोजित किये जाने वाले कार्यक्रमों की श्रृंखला में स्वास्थ्य संवर्द्धन के लिए एरोबिक्स, जुंबा, सड़क सुरक्षा तथा मतदाता जागरूकता हेतु संगीतमय नुक्कड़ नाटक सहित अन्य रोचक कार्यक्रमों के साथ केंसर से बचाव के उपायों तथा उपचार के प्रबंधों के बारे में विस्तार से बताया गया। अंतर्विभागीय लीड एजेंसी सड़क सुरक्षा,अध्यक्ष संजय शर्मा ने सड़क दुर्घटनाओं से बचाव के उपायों के बारे में अवगत कराते हुए बताया कि मात्र सीट बेल्ट एवं हेलमेट लगाने मात्र से सड़क दुर्घटनाओं में मृत्यु की संभावना लगभग 40 प्रतिशत तक कम हो जाती है गत वर्ष सड़क दुर्घटनाओं में मृत्यु कारित 4017 लोगो ने हेलमेट एवं 673 ने सीट बेल्ट नहीं पहना था। इस अवसर पर स्टे फिट विथ मी ग्रुप प्रमुख शुभांगीजी एवं टीम ने उर्जावान जुम्बा तथा स्वास्थ्य वर्द्धन के लिये ऐरोबिक्स के साथ-साथ नशे में वाहन चालन सहित अन्य लापरवाहियों से परिवार/ समाज पर दुष्प्रभाव के बारे में अत्यंत रोचक नुक्कड़ नाटक की संगीतमय प्रस्तुति दी गई। उपस्थित जनसमुदाय को निष्पक्ष एवं निडर होकर मतदान हेतु शपथ दिलाई गई। तत्उपरांत तेलीबांधा तालाब के सामने मुख्य मार्ग से घड़ी चौक एवं वापस मरीन ड्राइव तेलीबांधा तालाब तक तक विभिन्न आयु वर्ग के विशाल जन-समुदाय द्वारा जन-जागरूकता रैली/ वांकाथाना कार्यक्रम में चिकित्सकों/ चिकित्साकर्मियों प्रशासनिक अधिकारियों, सीआरपीएफ पुलिस कर्मियों सहित विभिन्न सामाजिक संस्थानों के प्रतिनिधि, मीडिया कर्मी, योग साधक, खिलाडी/जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## एआरओ नवीन कुमार ठाकुर ने मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर दिये आवश्यक निर्देश

**रायपुर ( विसं )।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गौरव सिंह के निर्देश पर पश्चिम विधानसभा के एआरओ श्री नवीन कुमार ठाकुर ने मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने मतदान केंद्र क्रमांक 128, 129, 148, 149 शासकीय गोकुलराम वर्मा प्राथमिक शाला रामनगर, मतदान केंद्र क्रमांक 38, 39 राष्ट्रीय प्रौदयोगिकी संस्थान (NIT) रायपुर, मतदान केन्द्र क्रमांक -132, 133 शासकीय नवीन पूर्व माध्यमिक शाला रामनगर मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर बुनियादी सुविधा मुहैया कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मतदान केंद्र में पेयजल, बिजली, शौचालय और रैंप की व्यवस्था की जाएं।

## एमएमआई नारायणा हॉस्पिटल में सफल बोन मैरो ट्रांसप्लांट



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** एमएमआई नारायणा हॉस्पिटल, रायपुर में 62 वर्षीय अगारो बाईका सफल बोन मैरो ट्रांसप्लांट हुआ है।वह पिछले 4 महीनेसे मल्टीपल मायलोमा (ब्लड कैंसर) से पीड़ित थी। जिसके कारण उन्हे बहुत कमजोरी,पीठ दर्द, भूख न लगने की समस्या थी।

शुरुआत में, रोग को नियंत्रित करने के लिए चार महीने तक टारगेटेड और इम्यून मॉड्यूलर थेरेपीदी गई। इसके बाद,बोन मेरो ट्रांसप्लांट की तैयारीकी गई, जिसमें स्टेम सेल्स को एकत्र किया गया, उच्च मात्रा की केमोथेरेपी दी गई, और स्टेम सेल्स को वेन के माध्यम से इंफ्यूज़ किया गया। बोन मैरो ट्रांसप्लांट सफल रहा और वह इस बीमारी से ठीक हो चुके है। डॉ. यशवंत कश्यप (मेडिकल ऑन्कोलॉजिस्ट) ने कहा, यह एक जटिल प्रक्रिया थी क्योंकि मरीज की उम्र अधिक थीलेकिन एमएमआई नारायणा हॉस्पिटल में अनुभवी डॉक्टरों की टीम है। हॉस्पिटल ऐसी चुनौतीपूर्ण प्रक्रियाओं को करने के लिए अत्याधुनिक तकनीक और अनुभवी डॉक्टर, नर्सिंग स्टाफ क्रिटिकल केयर नर्सिंगस्टाफ एवं ब्लड बैंक के साथ पूरी तरह से तैयार है। एमएमआई नारायणा हॉस्पिटल मेकैंसर रोगियों के लिए सुपर-स्पेशियलिटी बैकअप, जिसमे दुर्लभ और सबसे जटिल मामलों का संचालन करने के लिए सहायता प्रदान करता है, 24×7 आपातकालीनसेवा भी उपलब्ध है। हॉस्पिटल में एडवांस ब्रेकीथेरेपीरेडिएशन मशीन, ऑपरेशन थिएटर और डे केयर पूरी तरह से उपकरणसुसज्जितहै जो हमें व्यापक कैंसर देखभाल के लिए कैंसर-केयर हॉस्पिटल बनाता है।

## एनएमडीसी बचेली कॉम्प्लेक्स में स्वच्छता पखवाड़ा समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह



**बचेली ( विश्व परिवार )।** एनएमडीसी लिमिटेड बचेली कॉम्प्लेक्स में दिनांक 31 मार्च को स्वच्छता पखवाड़ा समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन संपन्न हुआ। परियोजना के कार्मिक विभाग के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि परियोजना प्रमुख श्री बी वेंकटेश्वरलु, अधिशासी निदेशक के करकमलों से विभिन्न प्रतिभागी विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। एनएमडीसी लिमिटेड बीआईओएम बचेली कॉम्प्लेक्स ने दिनांक 16 मार्च से 31 मार्च तक अपने प्रधान कार्यालय के निर्देशानुसार स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसका आरंभ दिनांक 16 मार्च को 'स्वच्छता शपथ' तथा 'एकल उपयोग प्लास्टिक पर नियंत्रण' विषय पर जागरुकता वार्ता के साथ हुआ था। इस अवधि में स्वच्छता से संबंधित विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

स्वच्छता पखवाड़ा की अवधि में स्वच्छता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को रेखांकित करने के उद्देश्य से आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों में विभिन्न विभागों और टाउनशिप के अन्य स्थलों की साफ सफाई हेतु क्लीनलीनेस ड्राइव, विभिन्न प्रतियोगिताएं यथा; नारा लेखन, निबंध लेखन, अवेयरनेस टॉक आदि के आयोजन किया गया। सवच्छता पखवाड़ा की अवधि में आयोजित किए गए विभिन्न कार्यक्रमों में एनएमडीसी बचेली परियोजना के विभिन्न कर्मचारियों व अधिकारियों ने अत्यंत उत्साहपूर्वक प्रतिभागिता की। दिनांक 31 मार्च को स्वच्छता पखवाड़ा समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह में अपने उद्बोधन में अधिशासी निदेशक श्री बी वेंकटेश्वरलु ने स्वच्छता के प्रति सजग रहने सदैव तत्पर रहने के लिए प्रेरित किया उन्होंने कहा कि हमें अपने कार्यस्थल की स्वच्छता के प्रति भी प्रतिबद्ध रहना चाहिए। हमें बच्चों को ऐसे संस्कार देने चाहिए कि वे स्वच्छता के महत्व को समझें।

इस अवसर पर परियोजना प्रमुख (वर्क्स) श्री रबिंद्र नारायण, श्री पी रामय्यन, मुख्य महाप्रबंधक (उत्पादन) एवं श्री धर्मेंद्र आचार्य, महाप्रबंधक (कार्मिक) ने भी अपने विचार प्रकट करते हुए स्वच्छता के महत्व पर विशेष बल दिया। इस समारोह में अधिशासी निदेशक श्री बी वेंकटेश्वरलु, श्री रबिंद्र नारयण, परियोजना प्रमुख (वर्क्स), श्री पी रामय्यन, मुख्य महाप्रबंधक (उत्पादन), श्री टी शिव कुमार, महाप्रबंधक (खनन) / खान प्रबंधक, श्री धर्मेंद्र आचार्य, महाप्रबंधक (कार्मिक) तथा विभिन्न विभागाध्यक्षों एवं अन्य अधिकारियों तथा कर्मचारियों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

## एनएमडीसी बचेली का लौह अयस्क उत्पादन में नवीन कीर्तिमान




**बचेली ( विश्व परिवार )।** देश की सार्वजनिक क्षेत्र की नवरत्न कंपनी एनएमडीसी की प्रमुख लौह अयस्क उत्पादक परियोजना बचेली ने वित्तीय वर्ष 2023-24 में लौह अयस्क का रिकॉर्ड उत्पादन करते हुए उत्पादन व प्रेषण में नया कीर्तिमान स्थापित किया है।

इस वित्तीय वर्ष में 157.22 लाख टन आरओएम उत्पादन हुआ। वहीं एलसीएफ उत्पादन 160.97 लाख टन रहा। वर्तमान वित्तीय वर्ष की इस उपलब्धि की तुलना में पिछला सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन वित्तीय वर्ष 2022-23 में आरओएम व एलसीएफ उत्पादन क्रमश- 147.16 लाख टन एवं 145.15 लाख टन था। निक्षेप क्रमांक 5 में आरओएम उत्पादन 93.37 लाख टन एवं एलसीएफ उत्पादन 97.00 लाख टन रहा। लौह अयस्क उत्पादन व प्रेषण में पिछला रिकॉर्ड वर्ष 2022-23 की तुलना में श्रेष्ठ उत्पादन करते हुए एनएमडीसी बचेली परियोजना ने यह नया कीर्तिमान रचा है।

बचेली कॉम्प्लेक्स ने वर्तमान वित्तीय वर्ष के अप्रैल, मई, जून, अगस्त, अक्टूबर, दिसम्बर, फरवरी तथा मार्च महीनों की अवधि में उत्कृष्ट मासिक प्रदर्शन करते हुए यह नवीन उपलब्धि अर्जित की है। बचेली कॉम्प्लेक्स ने वित्तीय वर्ष 2023-24 में सड़क मार्ग से 16.37 लाख टन प्रेषण कर अब तक के किसी भी वर्ष की सर्वश्रेष्ठ उपलब्धि प्राप्त की है।

परियोजना के प्रमुख श्री बी. वेंकटेश्वरलु, अधिशासी निदेशक ने इस कीर्तिमान के लिए सभी कर्मचारियों व अधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि मुझे विश्वास है कि आगामी वित्तीय वर्ष में भी बचेली परियोजना उत्पादन एवं उत्पादकता के नवीन आयाम छूकर उत्पादन एवं प्रेषण के नए कीर्तिमान स्थापित करेगी।

## बालको मेडिकल सेंटर नया रायपुर में बोन मैरो ट्रांसप्लांट मरीज़ों के लिए नयी इकाइयों का हुआ लोकार्पण



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** नया रायपुर, छत्तीसगढ़ में 170 बिस्तरों वाली ऑन्कोलॉजी सुविधा बाल्को मेडिकल सेंटर (बीएमसी) ने 30 और 31 मार्च को दो दिवसीय कार्यक्रम के साथ अपनी 6वीं वर्षगांठ मनाई। स्थापना वर्षगांठ के उपलक्ष्य में, केंद्र ने विस्तारित बोन मैरो ट्रांसप्लांट यूनिट का उद्घाटन किया, जिससे इसकी क्षमता 2 से 5 बिस्तरों तक बढ़ गई।

अस्थि मज्जा प्रत्यारोपण विभिन्न रक्त विकारों वाले रोगियों के लिए देखभाल का मानक है। जब कोई अन्य विकल्प नहीं बचता तो यह दोबारा ल्यूकेमिया और मायलोमा के रोगियों को आशा प्रदान करता है। इसके अतिरिक्त, यह गैर-कैंसर आनुवंशिक बीमारियों जैसे सिकल सेल एनीमिया और अप्लास्टिक एनीमिया का इलाज प्रदान करता है, जहां स्टेम सेल प्रत्यारोपण ही एकमात्र समाधान है।

उद्घाटन वेदांत मेडिकल रिसर्च फाउंडेशन की चेयरपर्सन श्रीमती ज्योति अग्रवाल ने किया, जिन्होंने टिप्पणी की, बीएमसी की बोन मैरो ट्रांसप्लांट यूनिट का विस्तार क्षेत्र में कैंसर रोगियों को उन्नत स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। बीएमटी इकाई की स्थापना के लिए गहन रोगी देखभाल, उन्नत प्रयोगशाला सुविधाओं और मजबूत बुनियादी ढांचे और सहायता सेवाओं की आवश्यकता होती है। अत्याधुनिक सुविधाओं के साथ, बीएमसी में अब तक हमें उत्कृष्ट परिणाम मिले हैं। उन्होंने आगे कहा, इस उच्च-स्तरीय उपचार को बीएमसी चैरिटेबल फंड और विभिन्न सरकारी योजनाओं के माध्यम से वंचितों के लिए सुलभ बनाया गया है, और हम इसे सक्षम करने में सबसे आगे हैं।

पिछले दो वर्षों में, बाल्को मेडिकल सेंटर ने 60 से अधिक सफल अस्थि मज्जा प्रत्यारोपण पूरे किए हैं, जिनमें से 85त्न मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना (एमवीएसएसवाई) के तहत हैं। इंडियन सोसाइटी फॉर बोन मैरो ट्रांसप्लांट द्वारा मान्यता प्राप्त, अस्पताल मध्य भारत में बीएमटी के लिए एक रेफरल केंद्र है।

वेदांता मेडिकल रिसर्च फाउंडेशन की मेडिकल डायरेक्टर डॉ. भावना सिरोही ने कहा, बाल्को मेडिकल सेंटर भारत के उन चुनिंदा अस्पतालों में से एक है जो एलोजेनिक (भाई-बहनों से) और ऑटोलॉगस (अपनी कोशिकाओं से) बोन मैरो ट्रांसप्लांट (बीएमटी) दोनों की पेशकश करता है। बीएमटी के लिए बढ़ती प्रतीक्षा सूची के कारण, हमने स्थानीय आबादी को बेहतर सेवा देने के लिए अपनी दो बिस्तरों वाली इकाई को पांच बिस्तरों तक विस्तारित किया। पहले, एलोजेनिक बीएमटी की आवश्यकता वाले मरीजों को टियर 1 शहरों की यात्रा करनी पड़ती थी। अब, हमारी विस्तारित सुविधाओं के साथ, वे स्थानीय स्तर पर देखभाल प्राप्त कर सकते हैं, लंबी दूरी की यात्रा के बोझ को कम कर सकते हैं और घर के करीब गुणवत्तापूर्ण उपचार सुनिश्चित कर सकते हैं।

रायपुर में सारडा एनर्जी एंड मिनरल्स लिमिटेड ने बोन मेरो ट्रांसप्लांट को और सुदृढ़ बनाने हेतु कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व के तहत दान दिया। सारडा ग्रुप के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक श्री कमल किशोर सारदा ने अपनी सराहना व्यक्त करते हुए कहा, %हम हमेशा अपने समुदाय के लिए महत्वपूर्ण मूल्य बनाने के लिए प्रतिबद्ध रहे हैं। हम इस नेक पहल को सुविधाजनक बनाने के लिए बालको मेडिकल सेंटर के प्रति अपना आभार व्यक्त करते हैं।

## छत्तीसगढ़ सिक्ख ऑफिसर्स वेलफेयर एसो. पदाधिकारियों का सर्वसम्मत चुनाव

### धींगरा अध्यक्ष, प्रो.छाबड़ा कार्यकारी अध्यक्ष, टी.एस.जब्बल सलाहकार, बी.एस. सलूजा सचिव और विक्रम सिंह कोषाध्यक्ष बने



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** छत्तीसगढ़ सिक्ख ऑफिसर्स वेलफेयर एसोसियेशन ने गत शनिवार को अपनी वार्षिक बैठक में नए पदाधिकरियों का सर्वसम्मति से चयन किया। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी से सेवानिवृत मुख्य अभियंता एच.एस. धींगरा को एसोसियेशन का नया अध्यक्ष चुना गया। एसोसियेशन संयोजक जी.एस. बॉम्बरा के प्रस्ताव पर भारत आयुध निर्माणी नागपुर से सेवानिवृत वर्क्स मैनेजर टी.एस. जब्बल को सलाहकार, शासकीय महाविद्यालय दुर्ग से सेवानिवृत प्राचार्य प्रो. बी.एस. छाबड़ा को कार्यकारी अध्यक्ष, सेवानिवृत इन्शोरेन्स अधिकारी बी. एस. सलूजा को सचिव, आरडीए के कार्यपालन अभियंता तेजपाल सिंह हंसपाल को सह सचिव और निजी उद्यम में कार्यरत विक्रम सिंह को कोषाध्यक्ष पद पर सर्वसम्मति से निर्वाचित किया गया।

एसोसियेशन ने मेडिकल कमेटी के चेयरमेन पद पर डॉ. कुलदीप सिंह छाबड़ा को और एजुकेशन कमेटी के चेयरमेन पद पर प्रो. बी.एस. छाबड़ा का चयन किया। इसके अतिरिक्त कॉऊंसिलिंग कमेटी,मीडिया कमेटी, कल्चरल कमेटी, स्मारिका कमेटी और आऊटडोर विजिट कमेटी का भी गठन किया गया है।

इस अवसर पर पूर्व सचिव दीप सिंह जब्बल, पूर्व कोषाध्यक्ष के.एस. झास के उनके पिछले कार्यकाल में किए गए कार्यो की प्रशंसा करते हुए धन्यवाद दिया गया। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ सिक्ख ऑफिसर्स वेलफेयर एसोसियेशन जनवरी 2018 से चिकित्सा, शिक्षा और परिवारिक परामर्श केन्द्र के क्षेत्र में सरबत का भला के उद्देश्य से कार्यरत है। एसोसियेशन की गतिविधियों में सेवानिवृत और कार्यरत अधिकारियों की पत्नियां भी सक्रियता से भाग लेती है। संयोजक जी.एस. बॉम्बरा ने एस अवसर पर सभी सदस्यों को नई रणनीति बना कर श्री गुरुनानक देव जी की संदेश सरबत का भला के उद्देश्य को सार्थक करने के लिए और बेहतर काम करने की अपील की।

मुंह का ना खुलना

पान, तंबाकू सेवन के कारण मुंह का ना खुलना एक्सीडेंट में चोट या अन्य कारणों से मुंह का ना खुलना



कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
आर.के.सी.के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay 9827144371

लोन लेने के लिए ITR बनवायें मात्र 500/- में

शेखर गुप्ता ONLYTDS.COM
ITR GST
हमारे TAX Expert आपकी मदद हेतु तैयार है।
G.S.T. रिटर्न | Food Licence
इन्कम TAX फाईल | M.S.M.E. रजिस्ट्रेशन
TDS रिफंड | प्रोजेक्ट रिपोर्ट
IT नोटिस | डिजिटल सिग्नेचर
9300755544, 8878655544

प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी प्रियेश कुमार जैन द्वारा मे. विश्व परिवार इंडस्ट्रीज, प्लॉट नं.-421 सेक्टर-सी, सड़क नं.-7 उरला इंडस्ट्रीयल एरिया उरला, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं ओलंपस जिम के पीछे, सेक्टर-1, शंकर नगर रायपुर ( छ.ग. ) से प्रकाशित। संपादक : प्रदीप कुमार जैन, फोन नं. : 0771- 4017966, मो.- 9981924252 RNI.NO.CHHHIN/2013/50354